page-1a_page 1 08-Nov-22 9:47 PM Page 1



देश का विश्वसनीय अखबार

# दैनिक भास्कर

देहरादून | वर्ष-6, अंक-80 | बुधवार, 09 नवम्बर, 2022 | कुल पृष्ठ 12 | मूल्य 5.00 रुपये

dainikbhaskaruk.com

**छोटीबड़ीबात**

आज ही के दिन 2000 में उत्तर प्रदेश से विभाजित कर उत्तराखंड को भारत गणराज्य के 27वां राज्य बनाया गया था।

ट्विटर के 'इनर सर्कल' में कृष्णान शामिल पेज 11>

करियर के सर्वश्रेष्ठ पायदान पर लक्ष्य पेज 10>



**चंद्रग्रहण का नजारा**



# उत्तराखंड को प्रत्येक क्षेत्र में शिखर पर ले जाएंगे: धामी

### विकास पुरुष धामी

- भविष्य के 10 वर्षों का रोडमैप तैयार किया

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देवभूमि को प्रत्येक क्षेत्र में शिखर पर ले जाने के लिए आगामी 10 वर्षों के रोड मैप पर काम करते हुए विकास के लक्ष्य को लेकर चल रहे हैं। उनका मानना है कि राजनीतिक क्षेत्र से लेकर विकास की यात्रा में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन जो इन चुनौतियों को अवसर में बदलता है, वही सफलता के मार्ग पर आगे बढ़ता है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट किया कि जहां भी राज्य हित या जनहित में जरूरत पड़ी तो सरकार कठोर फैसले लेने से भी पीछे नहीं हटेगी। सरकार द्वारा उत्तराखंड को प्रत्येक के क्षेत्र में शिखर पर ले जाने के लिए आगामी 10 वर्षों का रोड मैप बना दिया गया है, लेकिन यह विकास इकोलॉजी और इकोनॉमी के बीच संतुलन पर आधारित होगा। उनकी सरकार ने उत्तराखंड को विश्व की आध्यात्मिक तथा सांस्कृतिक राजधानी के रूप में स्थापित करने का दृढ़ संकल्प लिया है। पर्यटन क्षेत्र में भी बड़े परिवर्तन लाने की तैयारी की गई है।

**7 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया तेज:** वर्तमान में जारी भर्ती कैलेंडर के अनुसार सात हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया गतिमान है। सरकार की ओर से राज्य में खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन देने के लिए नई खेल नीति लाई गई है। साथ ही मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना में 8 से 14 वर्ष के उभरते खिलाड़ियों को 1500 रूपये प्रतिमाह की खेल छात्रवृत्ति भी दी जा रही है।



### चार धाम में 46 लाख से अधिक श्रद्धालु

3 मई को अक्षय तृतीया पर चार धाम यात्रा की शुरुआत हुई थी और इसकी समाप्ति तक अभी तक 46 लाख से अधिक तीर्थयात्री चार धाम के दर्शन कर चुके हैं। कोरोना की वजह से पिछले 2 साल से चार धाम यात्रा नहीं हो पाई थी। इस साल यात्रा करने वालों में एक नाम मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भी है। उन्होंने अधिकारियों के साथ श्री केदारनाथ में पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण भी किया था साथ ही यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर श्री केदारनाथ में हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने गए निर्देश दिए थे।

### विकसित किये जाएंगे पांच नए शहर

प्रदेश की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने यह संकल्प लिया है कि अगले पांच वर्षों के अंदर उत्तराखंड में पांच नए शहर बनाए जाएंगे। राज्य की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने की दिशा में भी तेजी से काम चल रहा है। सड़कों के सुधार करण का काम धरातल पर किया जा रहा है। इन 5 नए शहरों के लिए भूमि की व्यवस्था करने के लिए सर्वे करवाया जाएगा और विशेषज्ञ समिति टाउनशिप विकसित करने की दिशा में काम करेगी किन शहरों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

### पूरा होगा गरीबों के घर का सपना

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत 547 करोड रुपए की लागत की 9 योजनाओं का हाल ही में शिलान्यास किया था उन्होंने स्पष्ट कहा कि योजना निर्धारित समयावधि में पूर्ण होगी और निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा। यह भी स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में देरी बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत 7776 नए मकान बनाए जाएंगे।

## सारसुर्खियां

### लॉच को तैयार देश का पहला निजी रॉकेट

**नई दिल्ली।** भारत का पहला निजी तौर पर विकसित रॉकेट विक्रम-एस 12 और 16 नवंबर के बीच लॉच के लिए तैयार है। हैदराबाद स्थित अंतरिक्ष स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस ने मंगलवार को ये घोषणा की। स्काईरूट एयरोस्पेस का पहला मिशन, जिसका नाम 'प्रारंभ' है, तीन ग्राहक पेलोड ले जाएगा। इस रॉकेट को श्रीहरिकोटा में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के लॉचपैड से लॉच करने की तैयारी है। इस मिशन के साथ स्काईरूट एयरोस्पेस अंतरिक्ष में रॉकेट लॉच करने वाली भारत की पहली निजी अंतरिक्ष कंपनी बन जाएगी।

### सेमी क्रायो इंजन का किया सफल परीक्षण

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप अग्निकुल कॉसमॉस ने मंगलवार को दूसरे चरण के सेमी क्रायो इंजन अग्निलेट के एक संस्करण का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। इसरो ने कहा कि यह परीक्षण तिरुवनंतपुरम स्थित प्रक्षेपण वाहनों के विकास के लिए इसरो के प्रमुख केंद्र विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में आयोजित किया गया। इसने एक भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप द्वारा विकसित रॉकेट इंजन के गर्म परीक्षण की सुविधा प्रदान की। यह परीक्षण इसरो और मैसर्स अग्निकुल कॉसमॉस प्राइवेट लिमिटेड के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के हिस्से के रूप में किया गया था।

### कुलदीप कांग्रेस के नए राष्ट्रीय प्रवक्ता

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप कुमार को राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बताया कि पार्टी महासचिव संगठन तथा संचार विभाग के महासचिव ने इस पद के लिए कुलदीप के नाम की संस्तुति दी है और उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। कुलदीप हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष रहे हैं।

# विश्व को एकजुटता का संदेश: मोदी

## भारत जी-20 देशों को बुद्ध का युद्ध से मुक्ति व गांधी के हिंसा प्रतिरोध की राह दिखाएगा

- जी-20 का नए प्रतीक चिह्न और नारा लॉच

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत विश्व में आर्थिक रूप से शक्तिशाली 20 देशों के समूह जी-20 की अध्यक्षता काल में एकजुटता का संदेश देगा। भारत गौतम बुद्ध और महात्मा गांधी के युद्ध से मुक्ति एवं हिंसा के प्रतिरोध के साथ शांति, समाधान एवं समृद्धि की राह दिखाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जी-20 के नए प्रतीक चिह्न एवं नारे का लोकार्पण किया और कहा कि 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' का नारा भारत के संस्कारों एवं संस्कृति से विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेगा। नए प्रतीक चिह्न में कमल के पुष्प पर विराजित पृथ्वी एवं कमल की सात पंखुड़ियों के माध्यम से सातों महाद्वीपों की एकजुटता और सौहार्द्र से समृद्धि एवं प्रगति का संदेश मिलता है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि एक दिसंबर से भारत जी-20 की अध्यक्षता करेगा। भारत के लिए यह एक ऐतिहासिक अवसर है। इसलिए मंगलवार को जी-20 के शिखर सम्मेलन की वेबसाइट, थीम और लोगो को लांच किया गया है। इस अवसर पर मैं सभी देशवासियों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

उन्होंने कहा कि जी-20 ऐसे देशों का समूह है, जिनका आर्थिक सामर्थ्य, विश्व की 85 फीसदी जीडीपी, विश्व के 75 प्रतिशत व्यापार तथा विश्व की दो तिहाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करता है। भारत जी-20 समूह का नेतृत्व करने जा रहा है। आजादी के इस अमृतकाल में देश के सामने ये बड़ा अवसर आया है। ये हर भारतवासी का गौरव बढ़ाने वाली बात है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस प्रतीक चिह्न और थीम के जरिए हमने एक संदेश दिया है। युद्ध के लिए बुद्ध के जो संदेश हैं। हिंसा के प्रतिरोध में महात्मा गांधी के जो समाधान हैं। जी-20 के जरिए भारत उनकी वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊर्जा दे रहा है।

### भारत में अब नया उत्साह और विश्वास

मोदी ने कहा कि आज विश्व इलाज की जगह आरोग्य की तलाश कर रहा है। हमारा आयुर्वेद, हमारा योग, जिसे लेकर दुनिया में एक नया उत्साह और विश्वास है। हम उसके विस्तार के लिए एक वैश्विक व्यवस्था बना सकते हैं। भारत विश्व का इतना समृद्ध और सजीव लोकतंत्र है। हमारे पास लोकतंत्र के संस्कार भी हैं, और लोकतंत्र की जननी के रूप में गौरवशाली परंपरा भी है। भारत एक ओर विकसित देशों से घनिष्ठ रिश्ते रखता है, और साथ ही विकासशील देशों के दृष्टिकोण को भी अच्छी तरह से समझता है, उसकी अभिव्यक्ति करता है।

### एक सूर्य, एक विश्व, एक ग्रिड का मंत्र

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि विश्व में कोई भी प्रथम विश्व या तृतीय विश्व न हो, बल्कि केवल एक विश्व हो। भारत ने 'एक सूर्य, एक विश्व, एक ग्रिड' के मंत्र के साथ विश्व में नवीकरणीय ऊर्जा क्रांति का आह्वान किया है। भारत ने 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' के मंत्र के साथ वैश्विक स्वास्थ्य को मजबूत करने का अभियान शुरू किया है। और अब जी-20 में भी हमारा मंत्र है, 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य'। यह मंत्र भारत के विश्व कल्याण के संदेश का मार्ग प्रशस्त करता है।

# उत्तराखंड के कर्मचारियों को सीएम धामी की सौगात

- 38 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने के आदेश

भास्कर समाचार सेवा



**देहरादून।** धामी सरकार ने उत्तराखंड स्थापना की 22वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर राज्य कर्मचारियों तथा पेंशनरों को सौगात देते हुए बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता देने के आदेश जारी किये हैं। राज्य कर्मचारियों को पहली जुलाई से 34 प्रतिशत के स्थान पर 38 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाएगा। सरकार के इस आदेश से राज्य के करीब तीन लाख कर्मचारी व पेंशनरों को लाभ मिलेगा।

वित्त सचिव दिलीप जावलकर के आदेश के अनुसार राज्य कर्मचारियों, सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं तथा शहरी स्थानीय निकायों के नियमित एवं पूर्णकालिक कर्मचारियों, कार्य प्रभारित कर्मचारियों तथा यूजीसी वेतनमानों में कार्यरत पदधारकों, जिन्हें सातवां पुनरीक्षित वेतनमान अनुमन्य किया गया है, को पूर्व निर्धारित शर्तों एवं प्रतिबंधों के अधीन, उन्हें 1 जुलाई से मूल वेतन में अनुमन्य महंगाई भत्ते की वर्तमान दर 34 प्रतिशत को बढ़ाकर 38 प्रतिशत प्रतिमाह किये जाने की राज्यपाल स्वीकृति प्रदान करते हैं।

यह आदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीशों, उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष, सदस्यों तथा सार्वजनिक उपक्रम आदि के कार्मिकों पर लागू नहीं होंगे, उनके संबंध में संबंधित विभागों द्वारा अलग से आदेश निर्गत किया जाना अपेक्षित होगा। उक्त कार्मिकों को दिनांक एक जुलाई से 31 अक्टूबर तक के पुनरीक्षित मंहगाई भत्ते के एरियर का भुगतान नकद किया जाएगा। एक नवंबर से महंगाई भत्ते का भुगतान नियमित वेतन के साथ किया जाएगा। अंशदायी पेंशन योजना से आच्छादित कार्मिकों के पेंशन अंशदान नियोक्ता के अंश के साथ नई पेंशन योजना से संबंधित खाते में तथा शेष धनराशि नकद भुगतान की जाएगी।

# रूस-यूक्रेन शुरू करें वार्ता: भारत

- जयशंकर और लावरोव के बीच अहम बातचीत

**मॉस्को, एजेंसी।** भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने मंगलवार को अपने समकक्ष सर्गेई लावरोव से मुलाकात कर दोनों देशों के हितों के द्विपक्षीय, क्षेत्रीय, वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने रूस और यूक्रेन के बीच वार्ता शुरू करने की भी सलाह दी।



डॉ. जयशंकर ने कहा कि जैसा कि पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन से कहा ता कि यह युद्ध का समय नहीं है। भारत ने बातचीत पर वापस लौटने की सलाह दी। आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन सालभर चलने वाले मुद्दे भी हैं, दोनों का प्रगति और स्मृद्धि पर भारी प्रभाव पड़ता है।

जयशंकर ने कहा कि हमारी वार्ता समग्र वैश्विक स्थिति के साथ-साथ क्षेत्रीय चिंताओं को भी संबोधित करेगी। एक बहुध्रुवीय और असंतुलित दुनिया में भारत और रूस एक दूसरे जुड़े हुए हैं। हमारे बीच संबंध असाधारण रहे हैं।

जयशंकर ने आगे कहा, तेल और गैस के तीसरे सबसे बड़े उपभोक्ता के रूप में हमें किफायती स्त्रोतों की तलाश करने की जरूरत है।

### वैश्विक चिंताओं पर साझा प्रयास: सर्गेई

सर्गेई लावरोव ने कहा कि रूस व भारत वैश्विक चिंताओं के समाधान पर साझा प्रयास करने में सक्षम हैं। यह आकलन जरूरी है कि हम अर्थव्यवस्था, व्यापार, निवेश, तकनीकी क्षेत्र में भारत के प्रधानमंत्री और रूस के राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित लक्ष्यों पर कैसे काम करने जा रहे हैं। हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ अपनी कार्रवाई को साझा करते हैं, जिसका भारत अभी तक एक अस्थायी सदस्य है, जो हमारे एजेंडे को मजबूत कर रहा है।

## सीएम धामी ने दी राज्य स्थापना दिवस की बधाई

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामना दी है।

मुख्यमंत्री ने राज्य निर्माण के अमर शहीदों, आंदोलनकारियों एवं सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को नमन करते हुए आपदा में जान गवाने वाले लोगों के प्रति भी संवेदना प्रकट की है। मुख्यमंत्री ने राज्य निर्माण के साथ औद्योगिक उत्तराखंड की मजबूत नींव रखने वाले पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई को भी राज्य की जनता की ओर से नमन किया है। कहा है कि केंद्र सरकार के सहयोग से उत्तराखंड तेजी से विकास की ओर अग्रसर है।



जोधपुर में मंगलवार को संयुक्त अभ्यास गरुड़ के दौरान भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी व फ्रांस के वायुसेना प्रमुख जनरल स्टीफन मिल। एजेंसी

### मंगलवार को चंद्रग्रहण से पहले और बाद में लाखों श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान, चाक चौबंद रहीं सुरक्षा व्यवस्था

# कार्तिक पूर्णिमा पर हरकी पैड़ी पर आस्था का सैलाब

- मेला क्षेत्र को 9 जोन व 33 सेक्टर में बांटा गया

भास्कर समाचार सेवा

**हरिद्वार।** कार्तिक पूर्णिमा पर मंगलवार को हरकी पैड़ी पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। चंद्र ग्रहण के पहले और बाद में लाखों श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी सहित विभिन्न घाटों पर स्नान और दान किया। इस दौरान सुरक्षा और व्यवस्था में जुटी पुलिस प्रशासन की टीमें सजग रहीं।

देशभर के विभिन्न प्रांतों से आए श्रद्धालुओं ने मंगलवार सुबह हरकी पैड़ी सहित विभिन्न घाटों पर स्नान करना प्रारंभ कर दिया था।



हरिद्वार में विश्व प्रसिद्ध हरकी पैड़ी में गंगा स्नान के लिये पहुंचे श्रद्धालु। छाया दैनिक भास्कर

प्रशासन एवं पुलिस ने भी स्नान को देखते हुए चाक-चौबंद व्यवस्थाएं की थी। हरिद्वार के मेला क्षेत्र को विभिन्न सेक्टरों एवं जोन में बांट कर यातायात व्यवस्था भी लागू की गई है।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा स्नान वर्ष का आखिरी बड़ा स्नान होने के कारण भारी संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचे थे और साथ ही संयोग से चंद्रग्रहण पड़ने के कारण श्रद्धालुओं का आगमन लगातार जारी है। जिसको देखते हुए पूरे मेला क्षेत्र को 9 जोन और 33 सेक्टरों में बांटकर वहां पर अधिकारियों की तैनाती की गई थी साथ ही मेला क्षेत्र में विशेष ट्रैफिक प्लान भी लागू किया गया था।

गंगा सभा के अध्यक्ष प्रदीप झा ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन आंवले का दान करने से विशेष पुण्य फल की प्राप्ति होती है, अब बस में चार माह भगवान विष्णु आप इसमें को विशेष पड़ी है, परंतु इसमें भी कार्तिक माह का विशेष महत्व होता है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन स्नान और दान करने से श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

## जम्मू-कश्मीर को 265 मेडिकल सीटें

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर को 265 मेडिकल सीटें प्रदान की हैं, जिससे राज्य में चिकित्सा सुविधाओं को मजबूती मिलेगी।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि सरकार ने जम्मू और कश्मीर के कई सरकारी अस्पतालों को डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल की 265 सीटों को मंजूरी दी है। प्रथम चरण में राज्य के 20 जिलों में पीजी की 250 सीटें आवंटित की जाएंगी। दूसरे चरण के तहत पीजी की दो और सीटें दी जाएंगी। राज्य में सेवारत स्थानीय डॉक्टरों के पोस्टग्रेजुएट (पीजी) प्रशिक्षण के लिए 50 फीसदी सीटें आरक्षित होंगी। सरकार के इस कदम से जम्मू और कश्मीर के लोग लाभान्वित होंगे और डॉक्टरों को भी अपने क्षेत्र में प्रशिक्षित होने का अवसर मिलेगा।

# कॉपी राइट मामले में कांग्रेस को मिली राहत

- हाईकोर्ट ने निचली कोर्ट के आदेश पर लगाई रोक

**बेंगलुरु।** कॉपी राइट एक्ट के उल्लंघन के मामले में हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले पर रोक लगाते हुए कांग्रेस को राहत दी है। हालांकि यह शर्त रखी है कि कांग्रेस को संबंधित पोस्ट हटानी पड़ेगी।

बेंगलुरु की एक वाणिज्य अदालत ने कॉपी राइट एक्ट के उल्लंघन के मामले में कांग्रेस और पार्टी के 'भारत जोड़ो यात्रा' के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर अस्थायी रोक लगाने के आदेश दिये थे। जिस पर कांग्रेस ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। मंगलवार को हाईकोर्ट ने कांग्रेस को राहत देते हुए निचली अदालत के फैसले पर रोक लगा दी। साथ ही यह शर्त रखी कि वह विवादित पोस्ट को अपने ट्विटर हैंडल से हटा देगा।

कांग्रेस ने राहुल गांधी की यात्रा को एक पोस्ट ट्विटर पर पार्टी के आधिकारिक हैंडल व भारत जोड़ो यात्रा के हैंडल पर पोस्ट किया था, जिसमें केजीएफ 2 के एक गीत का प्रयोग किया था। इस मामले में एमआरटी म्यूजिक ने कॉपी राइट एक्ट के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमें की सुनवाई के दौरान निचली अदालत ने कांग्रेस के आधिकारिक ट्विटर हैंडल और भारत जोड़ो यात्रा के हैंडल पर मुकदमा चलने तक अस्थायी रूप से रोक लगाने के आदेश जारी किये थे। इसके बाद कांग्रेस ने इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने यह भी कहा है कि कांग्रेस को प्रतिवादी के कॉपीराइट का उल्लंघन करने वाले पोस्ट के स्क्रीनशॉट उपलब्ध कराने होंगे।

page-2_page 1 11/8/2022 5:46 PM Page 1



# देहरादून

आज ही के दिन 1957 में भारत के मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित का जन्म हुआ था।

## सारसुर्खियां

### नैनी-दून जनशताब्दी एक्सप्रेस रही रद्द

**देहरादून।** देहरादून-कुमाऊं के बीच चलने वाली नैनी दून जनशताब्दी एक्सप्रेस मंगलवार को रद्द रही। ट्रेन के रद्द रहने से देहरादून से कुमाऊं जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन अधीक्षक शशांक शर्मा ने बताया कि नैनी दून जनशताब्दी सोमवार सुबह शंटिंग के दौरान काठगोदाम में पटरी से उतर गई थी, जिस कारण रेलवे ने इस ट्रेन को रद्द किया है। बताया कि यह ट्रेन सप्ताह में पांच दिन चलती है। सोमवार को 12.30 बजे ट्रेन को दून पहुंचना था।

### अग्रवाल ने की जोशी से मुलाकात

**देहरादून।** भाजपा के नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने मंगलवार को कृषि मंत्री गणेश जोशी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान मंत्री जोशी ने महानगर अध्यक्ष को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

## नोटबंदी से देशवासियों को क्या फायदा हुआ: शर्मा

- पीएम मोदीजी बताएं समस्याएं क्यों बढ़ गई समाज में

भास्कर समाचार सेवा



**देहरादून।** आज के दिन आठ नवंबर 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अचानक पांच सौ और एक बजार रुपये के नोट चलन से बाहर कर दिए थे। स्थिति उलट साबित हुई। अब नोटबंदी के छह साल बाद कांग्रेस केंद्र सरकार के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी को घेर रही है। महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने पीएम मोदी से सवाल पूछा कि नोटबंदी से देश की जनता को क्या फायदा मिला। इसकी जानकारी देश की जनता को दी जानी चाहिए।

उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अभी तक नोटबंदी की विफलता को स्वीकार नहीं किया है। इसके कारण अर्थव्यवस्था नीचे आ गई। लालचंद शर्मा ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जनता के पास मुद्रा 21 अक्टूबर तक 30.88 लाख करोड़ रुपये के नए उच्च स्तर पर पहुंच गई है। यदि नोटबंदी से देश को फायदा होता तो क्या ऐसे दिन देश को देखने पड़ते। उन्होंने कहा कि सरकार ने नोटबंदी को मास्टरस्ट्रोक बताया था। इस मास्टरस्ट्रोक के 6 साल बाद सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नकदी 2016 की तुलना में 72 प्रतिशत अधिक है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने घाटा पूरा करने के लिए आम जनता पर टैक्स बढ़ाना शुरू कर दिया। साढ़े चार सौ रुपये का गैस सिलेंडर एक हजार रुपये से अधिक में मिल रहा है।

## क्रास कंट्री दौड़ में रहा सनातन स्कूल का दबदबा

- राज्य स्थापना दिवस की 22वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर हुआ आयोजन

भास्कर समाचार सेवा

**मसूरी।** राज्य स्थापना की 22वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर मसूरी स्पोर्टस एसोसिएशन ने नगर पालिका परिषद के सहयोग से कैमल्स बैक रोड बहुगुणा पार्क पर क्रास कंट्री दौड का आयोजन किया। इस मौके पर छह वर्गों में दौड़ का अयोजन किया गया जिसमें सनातन धर्म गर्ल्स इंटर कॉलेज का दबदबा रहा।

नगर पालिका परिषद के सहयोग से मसूरी स्पोर्टस एसोसिएशन ने कैमल्स बैक रोड बहुगुणा पार्क पर क्रास कंट्री दौड का आयोजन किया जिसमें मसूरी के विभिन्न विद्यालयों के डेढ सौ से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न वर्गों की दौड में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पालिका सभाषद दर्शन सिंह रावत, कुलदीप रौंछेला ने झण्डी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। सबजूनियर बालक वर्ग में सेंट क्लेयर्स कान्वेंट स्कूल के आयुष पंवार ने प्रथम, सागर प्रसाद ने दूसरा, अंकित ने तीसरा, अरमान सिंह ने चौथा तथा निर्मला इंटर कॉलेज के सौरव राणा ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। सबजूनियर बालिका वर्ग में निर्मला इंटर कॉलेज की कु अनीषा राणा ने प्रथम, प्रांचल ने दूसरा, सनातन धर्म गर्ल्स इंटर कॉलेज की अंजलि ने तीसरा, आंचल ने चौथा व प्रांचल ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालक वर्ग में निर्मला इंटर कॉलेज के अनुज राणा ने प्रथम, आरएनबी इंटर कॉलेज के संजीव कुमार ने दूसरा, राज सिंह ने तीसरा, सीएसटी के युग मल्ल ने चौथा व संस्कृत महाविद्यालय के प्रियांशु जुगरान ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालिका वर्ग में सनातन की प्रियंका रमोला ने प्रथम, निर्मला की ज्योति रमोला ने दूसरा, आंचल राणा ने तीसरा, सनातन की मोनिका रमोला ने चौथा व राजश्वरी ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालिका वर्ग में मसूरी गर्ल्स इंटर कॉलेज की खुशी ने प्रथम, सनातन की रवीना ने दूसरा, मसूरी गर्ल्स की प्रिया नेगी ने तीसरा व सनातन की किरन रौछेला ने चौथा स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पालिका सभासाद दर्शन सिंह रावत, कुलदीप रौंछेला, मसूरी स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अनुज तायल, बिजेंद्र पुंडीर, सुरेश गोयल, रफीक अहमद, बीएस नेगी, कविता नेगी, राजकुमार आदि ने पुरस्कार प्रदान किए। इस मौके पर मसूरी स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सूरत सिंह खरकाई, महासचिव सौरभ सोनकर, डॉ. नीरज सिंघल, तेनजिन शिरिंग आदि मौजूद रहे।



क्रास कंट्री दौड़ में दौड़ लगाते प्रतिभागी।

# ‘सत गुर नानक प्रगटिया मिटी धुंद जग चानन होइया’

## श्रद्धा पूर्वक मनाया श्री गुरु नानक देव जी का 553 वां प्रकाश पर्व, उमड़े श्रद्धालु



गुरु ग्रंथ साहिब के आगे शीश नवाते सिख समुदाय के श्रद्धालु।



राज्यपाल को सरोपा भेंट करते गुरु सिंह सभा के पदाधिकारी।

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के तत्वावधान में साध-संगत के सहयोग से श्री गुरु नानक देव जी महाराज का 553 वां प्रकाश पर्व गुरुद्वारा रेसकोर्स में श्रद्धा एवं उत्साह पूर्वक मनाया गया। हजारों की संख्या में संगत ने गुरु जी क़ो मत्था टेक आशीर्वाद प्राप्त किया।

प्रातः नितनेम, शब्द चौकी एवं अरदास के पश्चात भाई गुरप्रीत सिंह जी, हजूरी रागी श्री दरबार अमृतसर वालों ने आसा दी वार का शब्द भईया अनन्द जगत विच कल तारन गुर नानक आइया का गायन कर संगत क़ो निहाल किया। हजूरी रागी भाई गुरदियाल सिंह जी ने शब्द सत गुर नानक प्रगटिया मिटी धुंद जग चानन होइया राजपुरा से पधारे भाई अवतार सिंह ने शब्द भईया दीवाना साह का नानक बउराना भाई सतवंत सिंह जी हजूरी रागी जी ने शब्द सिद्ध चौरासी मंडली खट दर्शन पाखंड जीनाईया का गायन कर संगत क़ो निहाल किया। गुरसिख ऐजुकेशन सोसाइटी रेसकोर्स ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्तम प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों क़ो स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह ने गुरु साहिब क़ो मत्था टेक आशीर्वाद लिया। उन्हें सरोपा एवं श्री साहिब देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गुरद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान गुरबक्श सिंह राजन, महासचिव गुलज़ार सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगमिंदर सिंह छाबड़ा, चरणजीत सिंह, मनजीत सिंह, सतनाम सिंह, सेवा सिंह मठारु, बलजीत सिंह सोनी, डीएस मान, गुरदीप सिंह टोनी, जसविंदर सिंह गोगी, हरमोहिंदर सिंह, जसविंदर सिंह मोठी, मंच का संचालन देविंदर सिंह भसीन एवं सतनाम सिंह ने किया।

### गहन प्रेरणा देने वाला है सत नाम का मूल मंत्र: सिंह

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के अवसर पर रेसकोर्स स्थित गुरुद्वारा गोविंद नगर में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर मत्था टेका और प्रदेश वासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की। कहा कि उनकी शिक्षाओं में इक ओंकार सत नाम का मूल मंत्र गहन प्रेरणा देने वाला है। भलाई के मार्ग पर चलने के सिद्धांत, करुणा, न्याय और समानता की भावना को प्रदर्शित करने वाली उनकी शिक्षाएं सारी मानव जाति का मार्गदर्शन करने वाली हैं।

## गुरूनानक देव का जन्म दिन धूमधाम से मनाया गया

- गुरूद्वारों में शबद कीर्तन व अखंड पाठ का आयोजन किया गया

भास्कर समाचार सेवा

**मसूरी।** सिख समुदाय ने गुरू नानकदेव जी का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया। इस मौके पर गुरूद्वारों में शबद कीर्तन व अखंड पाठ का आयोजन किया गया। व उसके बाद गुरू के लंगर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लंगर छका। गुरू नानक देव का जन्म दिन पहाड़ों की रानी मसूरी में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर गुरू सिंह सभा लंढौर गुरूद्वारें व गांधी चौक स्थित गुरूद्वारें में प्रातः से ही भजन कीर्तन व शबद कीर्तन किया गया व ग्रथिंयों ने गुरूग्रंथ साहब का पाठ किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में सिख धर्म के अनुयायियों सहित अन्य धर्मो के लोगों ने भी गुरूद्वारे जाकर कार्यक्रम में प्रतिभाग किया व गुरू के लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर लंढौर गुरू सिंह सभा के अध्यक्ष एमपीएस खुराना, सचिव नरेंद्र सिंह, परमजीत कोहली, त्रिलोचन सिंह डंपी, तनमीत खालसा, इंद्रपाल सिंह, अवतार कुकरेजा, जगजीत कुकरेजा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे वहीं लाइब्रेरी गुरूद्वारे में जीएस मनचंदा, कवंलजीत सिंह, रवीद्र सिह, जसबीर कौर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर इतिहासकार गोपाल भारद्वाज ने सभी को गुरू पर्व की बधाई दी। उन्होने कहा कि संत गुरू नानक देव ने समाज को जोड़ने का प्रयास किया था।

## राज्य की समृद्धि एवं उन्नति की कामना की

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य स्थापना की 22वीं वर्षगांठ के अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए राज्य की समृद्धि, खुशहाली एवं उन्नति की कामना की है। ऋतु खंडूड़ी ने अपने संदेश में कहा है कि तमाम संघर्षों, शहादतों एवं अत्याचार झेलने के बाद उत्तराखंड राज्य का गठन हुआ। उन्होंने कहा कि अलग राज्य के लिये समर्पित शहीद आंदोलनकारियों तथा जन सामान्य के सपनों का राज्य विकसित करने के प्रयास निरंतर जारी हैं। हमें इस पहचान को बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि हमें उत्तराखंड की समृद्ध संस्कृति पर नाज है। नए प्रगतिशील भारत में उत्तराखंड बढ़-चढ़कर अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभा रहा है।

## शहीद दुर्गामल्ल के नाम पर डाक टिकट जारी

- गोरखाली सुधार सभा ने जताया मंत्री जोशी और केंद्रीय मंत्री का आभार

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** गोरखाली सुधार सभा के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से मुलाकात कर उनका आभार प्रकट किया है। गोरखाली सुधार सभा ने मंत्री जोशी से शहीद दुर्गामल्ल के नाम पर डाक टिकट जारी करने के लिए भारत सरकार से अनुरोध करने की बात कही थी।

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने मामले का तुरंत संज्ञान लेते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस विषय पर पत्र लिखकर जानकारी साझा की और शहीद दुर्गामल्ल के नाम पर डाक टिकट जारी करने का अनुरोध किया। जिसके बाद अब भारत सरकार ने शहीद दुर्गामल्ल के नाम पर डाक टिकट जारी कर दिया है। जिसके लिए आज गोरखाली सुधार सभा के सभी पदाधिकारियों ने मंत्री गणेश जोशी और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है।

वहीं मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि गोरखा स्वतंत्रता सेनानी शहीद मेजर दुर्गा मल्ल की स्मृति में एक डाक टिकट जारी करने का निर्णय लिया है। भारत की स्वतंत्रता के लिए आजाद हिंद फौज में शामिल होकर उन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। इस अवसर पर गोरखाली सुधार सभा के अध्यक्ष पीएस थापा, नेपाली भाषा समिति के अध्यक्ष मधुसूदन शर्मा, इंजी मेग बहादुर थापा, महासचिव श्याम राणा, राजन छेत्री, पूजा सुभा चंद, प्रभा शाह, बीके बरल आदि मौजूद रहे।



कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी का आभार प्रकट करते सभा के पदाधिकारी।

## खबर एक नजर

### एमआईएस में बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी

**मसूरी।** मसूरी इंटर नेशनल स्कूल में गुरू नानक जयंती पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें स्कूल की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मसूरी इंटर नेशनल स्कूल में गुरूनानक जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये जिसमें विद्यालय के छोटे बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस मौके पर भाषण, बातचीत, खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से गुरू नानक देव के जीवन पर प्रकाश डाला गया। व यह बताने का प्रयास किया गया कि सिख धर्म भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। साथ ही भारत में सभी धर्मो का सम्मान किया जाता है व देश की एकता में सभी का अहम योगदान है। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं व छात्राएं मौजूद रही।



### गदरपुर ब्लाक अध्यक्ष नासिर हुसैन कांग्रेस से निष्कासित

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने गदरपुर ब्लाक अध्यक्ष नासिर हुसैन पर लगे गम्भीर आरोपों का स्वयं संज्ञान लेते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से पार्टी के सभी पदों से मुक्त करते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस महामंत्री संगठन विजय सारस्वत ने कहा कि नासिर हुसैन पर लगे आरोप अत्यंत गम्भीर हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी गांधीवादी विचारधारा वाली पार्टी है तथा नासिर हुसैन पर लगे आरोप गंभीर हैं जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकारी अध्यक्ष विजय भुड्डी को पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों को अध्यक्ष के रूप में संचालित करने के भी निर्देश दिये गये हैं।

### क्षैतीज आरक्षण सरकार तत्काल लागू करें: धीरेंद्र

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष और प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने कहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो यात्रा भाजपाई भ्रष्टाचार की चूले हिला देगी। धीरेंद्र प्रताप ने कहा अब भारी दबाव के बाद जो राज्य आंदोलनकारियों के लिए आंदोलनकारी सम्मान परिषद का अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने 10 फीसदी आरक्षण का जो सपना देखा था भाजपा उसे अध्यादेश के रूप में लाने की बात कर रही है। उन्होंने कहा यह उनका ड्रीम पलान था जो कि उत्तराखंड के राज्य निर्माण आंदोलनकारियों के राज्य निर्माण में किए गए सत्याग्रह और त्याग का सम्मान था।

### गुरूनानक जयंती समारोह में भाग लिया

**देहरादून।** नेताजी संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने आज सिक्खों के प्रथम गुरु गुरु नानक देव जी महाराज की 55 वीं जयंती के अवसर पर जयंती समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर समिति के प्रमुख महासचिव आरिफ़ वारसी और उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल ने कहा कि गुरू नानक देव जी ने संसार को एकता, भाई चारे, मानवता और शांति का संदेश दिया था। हम सब को देश की तरक्की व मानवता की भलाई के लिये काम करना चाहिए। इस अवसर पर आरिफ़ वारसी, प्रभात डंडरियाल, अरुण खरबंदा, विपुल नौटियाल, प्रदीप कुकरेती, सुरेश त्यागी आदि शामिल रहे।

### एक ब्रह्मनिष्ठ सतगुरु ही दिखाते है मानव को अध्यात्म की राह: भारती

**देहरादून।** आशुतोष महाराज जी के दिव्य मार्गदर्शन में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से 7 से 13 नवंबर तक रामलीला ग्राउंड, कंझावला रोड, सेक्टर-21, रोहिणी, दिल्ली में भव्य श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का शुभारंभ रोहिणी क्षेत्र में कलश यात्रा की ओर से किया गया। विशाल संख्या में प्रभु भक्तों ने कलश को शीश पर धारण कर इस कलश यात्रा में भाग लिया। इसके उपरांत गुरुदेव की शिष्या साध्वी श्रेया भारती जी ने श्री राम कथा के प्रथम दिवस कहा कि प्रभु श्री राम का चरित्र विश्व संस्कृति में एक उज्जवल एवं सर्वत्र परिव्याप्त वर्णातीत सत तत्व है।

दैनिक भास्कर
स्वात्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक संजय कुमार अग्रवाल द्वारा ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सेक्टर-6 नोएडा, यूपी, 201301 से मुद्रित एवं 12/20, आशीर्वाद एनक्लेव, चकराता रोड देहरादून से प्रकाशित।
**संपादक :** संजय कुमार अग्रवाल
**स्थानीय संपादक :** गिरीश चंद्र तिवारी*
**संपादकीय कार्यालय :** 51/5 राजपुर रोड, नियर सीएन. आई. चर्च, देहरादून, 248001
**कार्यालय :** 0135-2655500
**मोबाइल :** +91-6396754808
website: dainikbhaskaruk.com
Editbhaskaruk@gmail.com
*इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं प्रकाशन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी।
UTTHIN/2017/74028

## आज का राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लोगों द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय प्रभावकारी हो सकते हैं। आज लंबे समय से चली आ रही मानसिक परेशानी दूर होगी। आपको अपने व्यवसाय को तेजी से बढ़ाने का लाभ मिल सकता है। परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहेगी। लव लाइफ में परेशानियां खत्म होंगी। प्रगतिशील विचारों का प्रभाव आपके करियर को नये आयाम दे सकता है।

**वृष :** वृषभ राशि वालों के अधूरे काम पूरे हो सकते हैं। आज कार्यक्षेत्र में परेशानियां दूर हो सकती हैं। मित्रों के सहयोग से आपको लाभ हो सकता है। सगे-संबंधियों से अच्छा तालमेल रहेगा। आपके और आपके जीवनसाथी के बीच गलतफहमी होने की संभावना है। किसी रिश्ते की ओर इच्छा बढाते चले जाने की बजाए अपनी मेहनत को सुदृढ़ करने की कोशिश करनी होगी।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों के लिए यह समय कठिन रहेगा। आपको अपनी कुछ महत्वपूर्ण योजनाओं में निराशा मिल सकती है। आपको धनलाभ मिल सकता है। पारिवारिक मामलों में कोई भी निर्णय लेने से पहले सोच-समझ लें। लव लाइफ की परेशानियां दूर होंगी। आपको कोई भी निवेश करने से बचना चाहिए।

**कर्क :** स्वास्थ्य को लेकर परेशानी रहेगी। दोपहर के बाद मन कुछ अशान्त हो सकता है। सहयोगी लोग आपकी भावनाओं का निरादर कर सकते हैं। जॉब में अस्थिरता जैसी स्थिति रहेगी। परिवार के सदस्यों के बीच अविश्वास की स्थिति बन सकती है। बहुत सारी अच्छाईयां भी हैं साथ जुडी हुई इसलिए अपनी कोशिशों से बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है ऐसा ही कहते हैं आपके तारे।

**सिंह :** इ सिंह राशि के लोगों का समय खुशी से समाप्त होगा। इस विशेष संयोग के कारण अचानक आपको लाभ के कई अवसर प्राप्त होंगे इसलिए इसका भरपूर लाभ उठाएं। आज प्रेम मंज सफलता मिलेगी। जीवनसाथी के साथ संबंधों में सुधार होगा। परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में आप सफल होंगे।

**कन्या :** कन्या राशि के जातकों को इस विशेष संयोग से कोई शुभ समाचार मिल सकता है। आपकी रुकी हुई योजनाएं शुरू होंगी। कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान मिल सकता है। जीवनसाथी के साथ गलतफहमियां दूर होंगी। आपके निजी जीवन में सुधार होगा। आज मानसिक चिंताओं से मुक्ति मिलेगी। सभी कार्यों में सफलता मिलेगी।

**तुला :** तुला राशि के लोग अचानक मानसिक चिंता से गुजरेंगे। आज काम में रुकावटें आ सकती हैं। आज किसी से बात करते समय आपको अपनी बातों पर ध्यान देना होगा। आज आपको भेदभाव का सामना कर पड़ सकता है, जिससे आपको परेशानी होगी। आपकी आय बहुत ही अच्छी रहेगी। वैवाहिक जीवन में सुख की अनुभूति होगी। कोई भी कदम उठाने से पहले सोच लें की उसका असर कहाँ तक जाएगा ताकि फैसले सूझबूझ से किये जा सकें।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोग खास लोगों के साथ आपके संबंध आपके लिए बेहतरीन साबित होंगे। आज आपको सावधान रहना होगा। क्योंकि कार्यस्थल पर कोई आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकता है। माता-पिता का प्यार और सहयोग मिलेगा। एक तरफ आप सामाजिक समारोह में बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहेंगे।

**धनु :** धनु राशि के लोगों का समय बहुत अच्छा बीतेगा। शिक्षा से जुड़े लोगों को विशेष रूप से सफलता मिलेगी। कमाई का कोई जरिया मिल सकता है। आपको अचानक कोई शुभ समाचार मिल सकता है। माता-पिता का स्वास्थ्य ठीक रहेगा नया संबंध लाभकारी रहेगा। कोई मित्र सहयोग नहीं करेगा।

**मकर :** मकर राशि के जातकों की उनके कार्यों के लिए प्रशंसा की जा सकती है। आप नई योजनाओं की ओर आकर्षित हो सकते हैं। आज आप नए लोगों से मिल सकते है। आपके धन में वृद्धि होने की भी संभावना है।परिवार के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताने का प्रयास करेंगे। मानसिक अस्थिरता को दूर करें और समय पर समाप्त करने का प्रयास करें।

**कुंभ :** कुंभ राशि के लोगों को इस विशेष संयोग से अच्छे फल मिल सकते हैं। आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध बेहतर रहेंगे। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। दूर स्थान की यात्रा सौभाग्यदायी रहेगी। बुजुर्ग रिश्तेदारों से काफी कुछ सीखने को मिलेगा। परेशानी यह ही की कुछ समय से आपकी मेहनत में कमी आ चुकी है जिस ओर आप पूरी तरह से ध्यान नहीं दे पा रहे।

**मीन :** मीन राशि के जातकों को किसी महत्वपूर्ण कार्य में अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है। पारिवारिक माहौल में थोड़ा बदलाव आने की संभावना है। आज आपका अधिक धन खर्च हो सकता है। सामाजिक क्षेत्र में आप अधिक सक्रिय रहेंगे। ग्रह-नक्षत्रों की चाल आपकी आर्थिक योजना को प्रभावित कर सकती है। अनावश्यक मामलों में टांग न अड़ायें।



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री, हरिद्वार
मो. 9837081951
Email: astro@aatrayshri.com
Website: www.aatrayshri.com

page-3_page_1 08-Nov-22 10:21 PM Page 1



## सारसुर्खियां

### सीएम धामी ने शिमला में किया चुनाव प्रचार

**देहरादून।** हिमाचल चुनाव में उत्तराखण्ड भाजपा ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को शिमला पहुंचे। जहां वे माल रोड पर जन संपर्क अभियान में शामिल हुए। हिमाचल विधानसभा चुनाव के प्रचार में उत्तराखंड भाजपा ने भी ताकत झोंक दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को शिमला पहुंचे। यहां वे माल रोड पर निकाले गए जन संपर्क अभियान में शामिल हुए। सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकासपरक सोच के कारण आज भारत ने दुनियां में अपनी अलग पहचान बना ली है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व देश बहुमुखी विकास कर रहा है। सीएम धामी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा देश को उन्नति के शिखर तक ले जाएगी। प्रदेश सरकार के मंत्री, पार्टी विधायक व पदाधिकारियों को चुनाव प्रचार में डटे रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### छात्र की हालत बिगड़ी

**देहरादून।** छात्रसंघ चुनाव की मांग पर डीएवी पीजी कॉलेज में भूख हड़ताल पर बैठे एक और छात्र अमन भटनागर की भी मंगलवार दोपहर ताबियत बिगड़ गयी। जिस पर उसे एम्बुलेंस से कोरोनेशन अस्पताल ले जाया गया। वही अन्य छात्रो की हड़ताल जारी है। कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर छात्र संघर्ष समिति ने शनिवार दे कॉलेज परिसर में भूख हड़ताल शुरू की है। उनका कहना है कि जब तक चुनाव की घोषणा नहीं की जाएगी, आंदोलन जारी रहेगा। छात्र नेता अंकित बिष्ट ने बताया कि कोरोना के चलते पिछले तीन साल से चुनाव नहीं हो पाया लेकिन स्थिति सामान्य होने के बाद भी सरकार चुनाव को लेकर गंभीर नहीं है। जबकि छात्रसंघ चुनाव छात्रों के लिए बेहद जरूरी है। इस दौरान मनमोहन रावत, आकिब अहमद, ऋषभ मल्होत्रा, राहुल जग्गी रितिक, सुमित श्रीवास्तव और अमन भटनागर सहित कई छात्र मौजूद रहे।

## सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को बताया स्तब्धकारी

- भाजपा संगठन पीड़ित परिवार के साथः भट्ट

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने उत्तराखंड की बेटी के साथ छावला दिल्ली में हुए जघन्य अपराध पर आये सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को स्तब्ध करने वाला बताया है।

उन्होंने विश्वास दिलाया कि भाजपा, उत्तराखंड सरकार और प्रदेशवासियों की संवेदना पीड़ति परिवार के साथ है और किसी भी तरह इस प्रकरण में अन्याय नही होने दिया जाएगा। इस संबंध में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय राज्य मंत्री किरण रिजिजू व सुप्रीम कोर्ट में पैरवी करने वाली वकील से बात कर उचित कानूनी कदम उठाने की अपील भी की है।


प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने अपने बयान में 2012 में राज्य की बेटी के साथ हुई सामूहिक बलात्कार व हत्या प्रकरण पर आये उच्चतम न्यायालय के निर्णय को समस्त पीड़ति उत्तराखंड वासियों के लिए आहत करने वाला बताया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पार्टी संगठन व सरकार पूरी तरह से पीड़ति परिवार के साथ खड़ी है और इस प्रकरण में भी न्याय सुनिश्चित करवाने के लिए प्रदेश सरकार केंद्रीय गृह मंत्रालय से संपर्क में है।


इस संबंध में मुख्यमंत्री ने किरण रिजिजू व सुप्रीम कोर्ट में पैरोकार चारु खन्ना से बात की है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि शीघ्र ही केंद्रीय गृह मंत्रालय व उनकी सुप्रीम कोर्ट की लीगल टीम मामले की गंभीरता के मद्देनजर उचित कानूनी प्रक्रिया के अनुसार आगे की अपील करेगी।

## सरकारी संपत्तियों को बेचकर भागने की फिराक में भूमाफिया

- खानपुर विधायक उमेश कुमार ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

सलीम अहमद


खानपुर विधायक उमेश कुमार।


जमीन जिस पर अवैध रूप से प्लाटिंग की गई है।

**देहरादून।** सरकारी ज़मीनों को बेचकर भूमाफिया भागने की फिराक में है। शासन प्रशासन समय पर नींद से नहीं जागा तो लोगों की कमाई गंवाने वालों की ज़िम्मेदारी कौन लेगा। मामला हरिद्वार रोड पेट्रोल पंप के पीछे की लगभग दस बीघा भूमि का है जिसके खसरे नंबर भी सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार जलमग्न भूमि में दर्ज है। पूर्व राज्य मंत्री याकूब सिद्दीकी ने भी भूमाफियाओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। याकूब ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी के कार्यकाल में भूमि दूरदराज एवं पहाड़ से आने वाले लोगों के लिए रैन बसेरा के लिए चिन्हित की गई थी मगर कुछ भूमाफिया व बीजेपी के कुछ नेताओं ने सांठगांठ कर जमीन को कब्जा लिया है जबकि जो व्यक्ति इस जमीन के दिखाता है, दरअसल में उसकी जमीन रोड के दूसरी और है मगर दबंगई एवं नगर निगम के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत के चलते भू-माफिया जमीन पर खुलेआम प्लॉटिंग कर रहे हैं।

दैनिक भास्कर समाचार पत्र में जमीन का समाचार प्रकाशित होने के बाद जिलाधिकारी सोनिका ने प्रकरण की जांच कराई जिसमें तहसीलदार ने जांच कर इस भूमि पर क्रय विक्रय पर रोक लगा दी। इसके बावजूद भी भू माफियाओं ने अपनी दबंगई दिखाते हुए कुछ एग्रीमेंट व रजिस्ट्री भी कर दी है। पूर्व राज्य मंत्री याकूब सिद्दीकी ने कहा है कि अगर ये खेल बंद नहीं हुआ और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही नहीं हुई तो वो एक बड़ा आंदोलन करेंगे। वही इस संबंध में खानपुर विधायक उमेश शर्मा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर निष्पक्ष जांच करने एवं दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

## उत्तराखंड दूसरी बार करेगा राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी

### फरवरी माह में चमोली में आयोजित होंगे राष्ट्रीय शीतकालीन खेलः सतपाल महाराज

भास्कर समाचार सेवा



**देहरादून।** प्रदेश में साहसिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए औली में 2 से 5 फरवरी तक राष्ट्रीय शीतकालीन खेलों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए पर्यटन विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है। इन खेलों में उत्तराखंड समेत विभिन्न राज्यों की टीमें हिस्सा लेंगी। इन खेलों का आयोजन फरवरी के महीने में चमोली जिले के औली में किया जाना है। राष्ट्रीय शीतकालीन खेलों में अंतर्राष्ट्रीय स्की महासंघ (एफआईएस) की ओर से अनुमोदित रेसिंग स्कीइंग कार्यक्रम भी आयोजित होने प्रस्तावित हैं। 2 से 5 फरवरी 2023 तक होने वाली नेशनल स्कीइंग चैंपियनशिप-2023 में कुल 4 इवेंट आयोजित किए जाएंगे। इनमें पुरुष और महिला दोनों वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इसके अलावा हिमालयन ट्रॉफी 2023 के तहत 7 और 8 फरवरी को पुरुषों और महिलाओं के लिए एफआईएस स्वीकृत जायंट स्लैलम रेस का भी आयोजन किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ विकसित होने के बाद औली में युवाओं को स्कीइंग प्रशिक्षण देने के लिए गढ़वाल मंडल विकास निगम की ओर से संचालित पर्वतारोहण और स्कीइंग संस्थान भी हैं जहां स्कीइंग प्रतिभाओं को विशेषज्ञों की ओर से तैयार किया जाता है। एफआईएस किसी भी सेंटर को तभी मंजूरी देता है जब वह अंतरराष्ट्रीय मानदंडों और मानकों से मेल खाता हो। औली इनके सभी मानकों और मानदंडों पर खरा उतरा है। पर्यटन विभाग की ओर से औली के लिए एक मास्टरप्लान भी तैयार किया है जिसे कैबिनेट स्वीकृति के लिए भेजा गया है। इसके अलावा यहां 3.5 किमी रेसिंग ढलान का निर्माण भी किया जाना प्रस्तावित है जिसके बाद औली स्कीइंग पेशेवरों के लिए एक अद्वितीय स्कीइंग गंतव्य के रूप स्थापित हो सकेगा। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि उत्तराखंड राज्य इस आयोजन की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह

## श्रद्धालुओं के लिए बंद रहेगा मां सुरकंडा देवी मंदिर रोपवे

- आज और कल किया जाएगा रोपवे का निरीक्षण

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** टिहरी जिले के धनोल्टी में स्थित सिद्धपीठ मां सुरकंडा देवी मंदिर रोपवे दो दिन तक श्रद्धालुओं के लिए बंद रहेगा। सुरक्षा की दृष्टि से 9 और 10 नवंबर को रोपवे का संचालन मासिक निरीक्षण व जांच के चलते नहीं होगा।

इस दौरान मंदिर आने वाले श्रद्धालु रोपवे की सुविधा का लाभ नहीं ले सकेंगे। सुरकंडा देवी मंदिर जाने के लिए लगभग 05 करोड़ की लागत से बने रोपवे की लंबाई 502 मीटर है। इसकी क्षमता लगभग 500 व्यक्ति प्रति घंटा है। सुरकंडा रोपवे सेवा शुरू होने से बीते एक वर्ष से श्रद्धालु कद्दूखाल से मात्र 5 से 10 मिनट में सुगमता पूर्वक मां सुरकंडा देवी के दर्शन कर रहे हैं। रोपवे बनने से पूर्व भक्तों को मंदिर तक पहुंचने के लिए डेढ़ किमी के पैदल मार्ग का इस्तेमाल करना पड़ता था। रोपवे का संचालन कर रही सुरकंडा रोपवे प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड के एक अधिकारी ने बताया कि 9 और 10 नवंबर को रोपवे का मासिक रूटीन चेकअप व निरीक्षण किया जाएगा। इस वजह से दो दिन तक रोपवे को श्रद्धालु के लिए बंद किया गया है। दो दिन की निरीक्षण व चेकअप की कार्यवाही पूरी होने के बाद रोपवे को श्रद्धालु के लिए खोला जाएगा।

## खबर एक नजर

### श्रेया गुप्ता बनी मिस एकेडेमिया 2022 विजेता




**देहरादून।** श्रेया गुप्ता ने मिस एकेडेमिया 2022 का खिताब जीता, जो सेलाकुई एक होटल में आयोजित किया गया था और एम्बेलिश टैलेंट मैनेजमेंट की ओर से प्रस्तुत किया गया था। स्माइली अग्रवाल और अनुष्का त्यागी क्रमशः प्रथम और द्वितीय उपविजेता रहीं। श्रेया गुप्ता आगरा की रहने वाली हैं। उन्होंने 15 खूबसूरत अकादमिक लड़कियों के बीच यह खिताब जीता। मिस एकेडेमिया एक सौंदर्य प्रतियोगिता है जो प्रत्येक किशोर लड़की के व्यक्तिगत व्यक्तित्व को ढालती है। हम हर युवा लड़की के आत्मविश्वास का पोषण और बेहतर करते हैं और उन्हें उत्कृष्ट संचार कौशल, बढ़िया शिष्टाचार विकसित करने में मदद करते हैं, और इस तरह इस प्रक्रिया में फैशन शैली और अनुग्रह को आत्मसात करते हैं।

### मिलकर बनाना है शहीदों के सपनो के अनुरूप राज्यः भट्ट

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने सभी उत्तराखंड वासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर राज्य निर्माण शहीदों के सपनों के अनुरूप प्रगति पथ पर अग्रसर होते हुए विकास की नित नई ऊंचाइयों को छूना है और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 2025 तक उत्तराखंड को देश का सबसे अग्रणी राज्य बनाने के मिशन में सबको मिलकर कार्य करना है। उन्होंने विश्वास जताया कि दैवीय आशीर्वाद स्थलों, प्राकृतिक संपदा और नैसर्गिक सौंदर्य से भरपूर जीवट व राष्ट्रभक्त महान जनता का यह प्रदेश वर्तमान दशक उत्तराखंड के दशक के लिए पूरी तरह तैयार है।

### विश्वास अर्जित करना कांग्रेस की चुनौतीः चौहान

**देहरादून।** भाजपा ने कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को छद्म आडंबर करार देते हुए कहा कि कांग्रेस को सबसे पहले जनता से संवाद स्थापित करने और फिर विश्वास बहाल करने की जरूरत है। यात्रा के दौरान भाजपा पर लगाए आरोपों पर पलटवार करते हुए पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस सिद्धांत और वैचारिक रूप से खोखली हो गयी है। यही कारण है कि आज सिद्धांत और जनसरोकारों की बात करने वाले नेता हाशिये पर है और उनकी पार्टी मे कोई पूछ नही है। चौहान ने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करते करते खोखली हो गयी है। हरिद्वार मे हुए पंचायत चुनाव के नतीजे इसके उदाहरण है।

### एसजीआरआर ने देहरादून वर्ड स्कूल क़ो हराया

**देहरादून।** द हेरिटेज स्कूल के तत्वावधान में आयोजित जान जी सुखिया वॉलीबॉल मेमोरियल टूर्नामेंट के बालिका वर्ग के मैच में हिम ज्योति स्कूल एवं एसजीआरआर ने अपने अपने मैच जीत कर पूरे अंक प्राप्त किए। हेरिटेज स्कूल के वॉलीबाल मैदान पर खेले गए बालिका वर्ग के पहले मैच में हिमज्योति स्कूल ने यूनिसन स्कूल क़ो 15-6,15-6 से हराया। दूसरे बालक वर्ग के मैच में एसजीआरआर ने देहरादून वर्ल्ड स्कूल क़ो 25-19,25-18 से हरा कर पुरे अंक प्राप्त किए। मैचों का संचालन अमित असवाल, कु. कशिक, सपना रावत, दिनेश राणा, संजय थापा ने किया।

### मशरूम गर्ल ने किया आत्मनिर्भरता को मजबूत

**देहरादून।** मशरूम गर्ल दिव्या रावत ने मंगलवार को न्यू कैंट रोड स्थित कैंप कार्यालय में प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी से मुलाक़ात की। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने मशरूम गर्ल को बधाई देते हुए कहा कि मशरूम गर्ल ने स्वरोज़गार के साथ-साथ आत्मनिर्भरता को भी मज़बूत किया है। उन्होंने अपने साथ साथ कई अन्य लोगो को भी रोज़गार दिया है। उन्होंने मशरूम गर्ल दिव्या रावत को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मशरूम गर्ल ने कृषि मंत्री को स्वनिर्मित औषधीय कीड़ाजड़ी भी भेट की। इस दौरान उनके साथ शकुंतला राव भी मौजूद रहीं।

## भराड़ीसैंण पहुंची स्पीकर ऋतु खंडूड़ी

- विधानसभा अध्यक्ष ने परिसर का निरीक्षण किया

भास्कर समाचार सेवा


भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा भवन का निरीक्षण करतीं ऋतु खंडूड़ी।

**गैरसैंण।** उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण मंगलवार को राज्य स्थापना दिवस के कार्यक्रमों में शामिल होने भराड़ीसैंण विधानसभा भवन पहुंची। इस मौके पर कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं की ओर से विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत किया गया। भराड़ीसैंण विधानसभा भवन पहुंचने पर विधानसभा अध्यक्ष ने परिसर का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने सभा मंडप सहित भवन के विभिन्न कक्षों का मुआयना किया। विधानसभा अध्यक्ष ने उपस्थित अधिकारियों से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही 9 नवम्बर को राज्य स्थापना दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियो को लेकर अधिकारियों को जरूरी निर्देश भी दिए।

बता दें कि विधानसभा अध्यक्ष अपने जनपद चमोली के तीन दिवसीय भ्रमण के दौरान भराड़ीसैंण विधानसभा भवन पहुंची हैं। यहां ये भी बता दें कि राज्य में इस वर्ष का अंतिम विधानसभा सत्र होना है। विपक्ष गैरसैंण में विधानसभा सत्र कराने के पक्ष में है, वहीं दूसरी ओर से कुछ विधायकों ने सत्र देहरादून में कराने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखा है। ऐसे में विधानसभा अध्यक्ष के राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम के लिए भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा भवन पहुंचने को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं कि क्या विधानसभा सत्र भराड़ीसैंण में हो सकता है।

## विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है राज्यः महाराज

- कैबिनेट मंत्री ने दी राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, सिंचाई, जलागम, धर्मस्व, संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने उत्तराखण्ड राज्य आंदोलन के दौरान शहीद हुए आंदोलनकारियों को नमन करते हुए प्रदेशवासियों को उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस की 23वीं वर्षगांठ पर अपनी शुभकामनाएं दी हैं। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि 9 नवंबर 2000 को भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के नेतृत्व में वर्षों से चली आ रही पृथक राज्य की मांग को जनभावनाओं के अनुरूप पूर्ण किया गया।

उसके पश्चात प्रदेश को संवारने और विकसित करने का काम आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जा रहा है।

महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में विकास का जो भी काम हुआ है, वह इस बात का प्रमाण है कि अब पहाड़ का पानी और जवानी, दोनों यहां के काम आ रहे हैं।

उन्होने राज्य स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रकृति की गोद में बसा यह राज्य यूं ही विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर होता रहे ऐसी हम कामना करते हैं।

## मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन की ओर से आंदोलनकारियों को किया गया सम्मानित

## राज्य के लिए संघर्ष करने वालों पर है गर्वः जैन

भास्कर समाचार सेवा



आंदोलनकारियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि व संस्था के सदस्य।

**देहरादून।** मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन की ओर से उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य आंदोलनकारियों को सम्मानित किया गया। बल्लूपुर चौक स्थित मोंटू गुप्ता म्यूजिकल अकादमी में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कैंट विधायक सविता कपूर रही कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के चेयरमैन सचिन जैन ने की। उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलन में उत्तराखंड आंदोलन के सूत्रधार अनिल वर्मा सहित अपनी भूमिका का निर्वाहन करने वाले महिला व पुरुषों को उत्तराखंड विभूषण प्रदान करके सम्मानित किया गया। आंदोलनकारी अनिल वर्मा, सुभाष बड़थ्वाल,उषा नेगी, रविंद्र जुगरान, दुर्गा वर्मा, अव्वल सिंह नेगी, माणिक निधि शर्मा, विजय प्रताप, हेमंत मंजखोला, राकेश मंजखोला, वेदानंद कोठारी, राजीव तलवार, पुष्प लता सिलमाड़ा, कुसुम लता शर्मा, पूनम नौटियाल, अंबुज शर्मा, संदीप पटवाल, हरिओम ओमी आदि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सविता कपूर ने मानवाधिकार एवं सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर के चेयरमैन सचिन जैन ने कहा कि आज इन आंदोलनकारियों के अटूट संघर्ष और जुल्म सहकर हमारा यह उत्तराखंड बना है जिसमें सभी आंदोलनकारियों ने जान की परवाह ना करते हुए संघर्ष किया है, मैं सभी आंदोलनकारियों को नमन करता हूं। इस अवसर पर बीना बहुगुणा जो वरिष्ठ आंदोलनकारी रही हैं उनको 2 मिनट के मौन के साथ श्रद्धांजलि देकर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रदेश अध्यक्ष मधु सचिन जैन ने सभी का धन्यवाद और आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मोंटू गुप्ता ने गणेश वंदना एवं देशभक्ति गीतों ने सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक अमित अरोड़ा पुष्पा बड़थ्वाल, बीना जैन, मंजू शर्मा, दिनेश शर्मा, राजकुमार तिवारी, गीता वर्मा, पूनम मशीह, सारिका चौधरी, एसपी सिंह, विशंभर नाथ बजाज, सुनील अग्रवाल, एससी सतपति, अर्चना आनंद आदि लोग मौजूद रहे।

## नाम परिवर्तन

मेरा नाम शादी के बाद हुमा से बदलकर हुमा खालिद हो गया है। मुझे हुमा खालिद नाम से ही जीना व पहचाना जाय।
हुमा खालिद
पत्नि जर्रार खालिद
निवासी-चुन्ना भट्टा अधोईवाला देहरादून।

सरदार महिपाल राजेन्द्र स्नातक महाविद्यालय साहिया, देहरादून
S.M.R. DEGREE COLLEGE SAHIYA, DEHRADUN
श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय टिहरी गढ़वाल से सम्बद्ध

सहायक प्रोफेसर पदों के लिए आवेदन
स्नातक संकाय के अन्तर्गत अर्ह अभ्यार्थियों से

स्नातक पाठ्यक्रम– बी0 कॉम, बी0एस0सी0 गृह विज्ञान

विषय/पाठ्यक्रमों के पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है। इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 15 नवम्बर, 2022 तक आवेदन पत्र भरकर समस्त स्व प्रमाणित शैक्षणिक दस्तावेज, जीवनवृत (Resume) एवं आधार कार्ड सहित स्पीड पोस्ट एवं ईमेल के माध्यम से जमा कराना सुनिश्चित करें।

प्रबन्धक

एस.एम.आर. डिग्री कॉलेज, साहिया , तहसील कालसी, देहरादून –248196
ई–मेलः–smrpgcollege@gmail.com
फोनः– 01360–274555, 9759491931, 9627105222

आज ही के दिन 1948 में जूनागढ़ रियासत का भारत में विलय हुआ था।

# कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान

- घाटों पर स्वयं मुस्तैद रहे डीएम-एसएसपी

भास्कर समाचार सेवा



गंगा स्नान पर नजर रखते जिलाधिकारी व एसएसपी।

**हरिद्वार।** कार्तिक पूर्णिमा पर देश भर से आए लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। स्नान को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने मेला क्षेत्र को 9 जोन एवं 33 सेक्टरों में विभाजित कर सुरक्षा व जाम से निपटने के इंतजाम किए थे। कार्तिक पूर्णिमा पर चन्द्र ग्रहण होने से बने विशेष ज्योतिषीय संयोग के चलते देश के विभिन्न राज्यों से लाखों श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचे और हरकी पैड़ी सहित विभिन्न घाटों पर गंगा स्नान व दान पुण्य कर परिवारों के लिए सुख समृद्धि की कामना की।

कार्तिक पूर्णिमा स्नान वर्ष का अंतिम बड़ा स्नान पर्व होता है। आध्यात्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण होने के साथ चन्द्र ग्रहण होने के चलते बने विशेष ज्योतिषीय संयोग का लाभ उठाने के लिए स्नान पर्व से एक दिन पूर्व ही लाखों श्रद्धालु हरिद्वार पहुचे गए थे। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने तिल व तिल से बनी वस्तुओं का दान भी किया। स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी विनय शंकर पांडेय व एसएसपी अजय सिंह हरकी पैड़ी सहित पूरे मेला क्षेत्र के सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया और अधीनस्थों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

# पर्यावरण के लिए खतरनाक है सिंगल यूज प्लास्टिकः भाटी

- क्षेत्रीय पार्षद ने किया जन जागरूकता अभियान का शुभारंभ

भास्कर समाचार सेवा



जन जागरूकता अभियान का शुभारम्भ करते पार्षद व निगम अधिकारी।

**हरिद्वार।** सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण व मानव जीवन के लिए बेहद खतरनाक है। वर्तमान परिस्थितियों में मानवीय जीवन में सिंगल यूज प्लास्टिक के चलते गंभीर रोगों का खतरा बढ़ता जा रहा है। यह विचार क्षेत्रीय पार्षद अनिरूद्ध भाटी ने नगर निगम व कासा ग्रीन के संयुक्त तत्वावधान में मुखिया गली चौक पर आयोजित जन जागरूकता अभियान का शुभारम्भ करते हुए व्यक्त किये। अनिरूद्ध भाटी ने कहा कि हम सबको कपड़े व जूट के बैग का इस्तेमाल अपने नित्य के कार्य में करना चाहिए। सिंगल यूज प्लास्टि का प्रयोग न्यून करने से जहां पर्यावरण की रक्षा होगी वहीं हमें कचरे से भी निजात मिलेगी। उन्होने कहा कि दूध के पैकेट, रेपर, खाली बोतलों को सड़क पर इधर-उधर फैंकने के स्थान पर एक बोतल व बड़े थैले में एकत्र कर कूड़ेदान में डालने से शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार होगा वहीं प्लास्टिक खाने के चलते असमय काल का ग्रास बने रहे पशुओं की भी रक्षा हो सकेगी। सफाई निरीक्षक विकास छाछर व मनोज कुमार ने कहा कि प्लास्टिक के अधिक प्रयोग से पारिस्थितिक तंत्र गड़बड़ा रहा है जिसके चलते ग्लेशियर पिघल रहे हैं तथा प्राकृतिक आपदा की घटनाएं बढ़ रही है। इन सब पर विराम लगाने के लिए प्लास्टिक का प्रयोग कम से कम करना होगा। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक डॉट इन के रंगकर्मियों ने निर्लेश के निर्देशन में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक के खतरे के प्रति क्षेत्रवासियों को जागरूक किया। इस अवसर पर कासा ग्रीन कम्पनी के सर्वेश त्रिपाठी, हिमांशु राणा, चन्द्रशेखर, अजय राजपूत, शिवम, संजीव पाल, मुकेश कुमार, निशू श्रीवास्तव, अनुज उपाध्याय, सफाई निरीक्षक विकास छाछर, मनोज कुमार, सुनील मलिक, सफाई नायक कुलदीप कुमार, गोवर्धन, नीरज शर्मा, सुनील सैनी, दिनेश शर्मा, राघव ठाकुर, गोपी सैनी, आशू आहूजा, प्रमोद पाल, हंसराज आहूजा, हरीश साहनी, रूपेश शर्मा, ब्रज पाल, प्रशांत पाल, नरेश पाल, सरोज यादव, सुमन सैनी, पूनम निषाद, ओमवती सैनी, दिव्या यादव, सुरक्षा यादव, मंजू सैनी, कमलेश शर्मा, शंकुतला आदि क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## सारसुर्खियां

### नवनियुक्त जिलाध्यक्ष किया स्वागत

**हरिद्वार।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष एजाज हसन के नेतृत्व में मोर्चा कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप गोयल को फूलमालाएं पहनाकर और बुके देकर स्वागत किया। जगजीतपुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर स्वागत के दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष एजाज हसन ने कहा कि नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप गोयल के नेतृत्व में पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करेंगे। जिला उपाध्यक्ष गुलाम साबिर प्रधान ने कहा कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष संदीप गोयल के नेतृत्व में पार्टी जिले में और अधिक मजबूत होगी। स्वागत करने वालों में मंसूर अंसारी, नसीम, शहबाज कुरेशी, आरिफ कुरेशी आदि मौजूद रहे।

# अवैध खनन में ट्रक व ट्रैक्टर ट्रॉली की सीज

## खनन विभाग की टीम की ओर से की गई कार्यवाही से माफियाओं में मचा रहा हड़कंप

भास्कर समाचार सेवा



अवैध खनन में सीज किया गया ट्रक।

**हरिद्वार।** धर्मनगरी में अवैध खनन की शिकायत पर खनन अधिकारी प्रदीप कुमार ने सुबह 6 बजे ज्वालापुर-अलीपुर-टांडा मोटर मार्ग पर औचक निरीक्षण किया जिसमें टांडा की ओर से एक ट्रक संख्या यूके11 सीए 0454 को आते देखा गय।

टीम ने उसको रोककर वाहन में लदे उपखनिज से संबंधित वैध कागजात मांगे जिस पर वाहन चालक की ओर से वैध रवन्ना न होना बताया गया। ट्रक में 13 घन मीटर कोरसेंड भरा पाया गया। वैध दस्तावेज न होने के कारण वाहन को सीज कर जवालापुर कोतवाली के सुपुर्द किया गया है। उसके बाद खान अधिकारी के नेतृत्व में टीम की ओर से फेरुपुर-लक्सर मोटर मार्ग पर औचक निरीक्षण किया जा रहा था, कई वाहन चेक किए गए, जिसमें 1 ट्रैक्टर आता दिखा, जिससे वैध दस्तावेज मांगे जाने पर उसके द्वारा उपखनिज संबंधित कोई वैध दस्तावेज न होना बताया गया, ट्रैक्टर में रेता भरा पाया गया जो अवैध परिवहन किया जा रहा था। ट्रेक्टर को सीज कर तत्काल पुलिस चौकी फेरुपुर के सुपुर्द किया गया है।

जिला खान अधिकारी प्रदीप कुमार का कहना है कि किसी भी स्थिति में अवैध खनन नही करने दिया जाएगा।

खनन विभाग की टीम की ओर से लगातार रात-दिन गश्त करके छापेमारी की जा रही है। टीम की ओर से लगातार मिट्टी व उपखनिज के अवैध कार्यो में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है, जो लगातार जारी रहेगी। खनन विभाग की टीम में प्रदीप कुमार, सहायक भूवैज्ञानिक, माधो सिंह, विजय सिंह, खनिज मोहर्रिर व पीआरडी स्टाफ पदम सिंह मौजूद रहे।

### सट्टे की खाईबाड़ी में 15 गिरफ्तार किए

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने छापामारी कर सट्टे की खाईबाड़ी करने के आरोप में 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने बताया कि मौहल्ला कड़च्छ में सट्टे की खाईबाड़ी करने की सूचना पर पुलिस टीम मे साथ छापामारी कर 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया। मौके से सट्टा पर्ची व 37,610 रूपए की नकदी बरामद की गयी। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम धर्मेन्द्र, मोहसिन, नकुल, सागर, सुधीर सिंह, अरूण, स्वर्ण मसी, संजय कुमार, अंकुर, संजय, विनोद कश्यप, दीपक, बिजेंद्र, हिंमाशु, राजन, जगपाल बताए। पुलिस टीम मे एसएसआई अंशुल अग्रवाल, एसआई सुधांशु कौशिक, एसआई बजिन्द्र नेगी, कांस्टेबल अमित गौड, राजेश बिष्ट, गणेश तोमर व दिनेश नेगी शामिल रहे।

## खबर एक नजर

### धूमधाम से मनाया प्रकाश पर्व

**रुड़की।** गुरु नानकदेव जी का प्रकाश पर्व रुड़की में धूमधाम से मनाया गया। गुरुद्वारा श्री सत्संग सभा जादूगर रोड पर प्रकाश पर्व पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें रागी भाई ओमवीर सिंह देहरादून और हजूरी रागी भाई जसविंदर सिंह ने अपने कीर्तन से संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा साहिब के हाल निर्माण में एसी की सेवा में सहयोग करने वालों में नगर विधायक प्रदीप बत्रा, सौभाग्य ग्रोवर, सतपाल बाटला, जितेंद्र सिंह बधान, रमन गोगिया, हेमंत अरोड़ा, हनीश अरोड़ा, विकास भारद्वाज को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सरोपा देकर सम्मानित किया। विधायक प्रदीप बत्रा ने अरदास कर देश के लिए सुख समृद्धि की कामना की। मौके पर बलवीर सिंह चंदोक, हरमीत सिंह दुआ, इंदर बधान, सुरजीत सिंह बक्शी, अजीत सिंह सेठी, अवतार सिंह चौधरी, सिमरजोत सिंह दुआ, एसपी सिंह पहावा, नितिन ठकराल आदि मौजूद रहे।

### बाइक सवार फोन छीनकर फरार

**रुड़की।** फल कारोबारी का फोन बाइक सवार छीनकर फरार हो गए। शोर शराबा सुनकर मौके पर भीड़ इकट्ठा हुई। कुछ दिन पूर्व भी रामनगर गली नम्बर 11 निवासी अनीता की बाइक सवार बदमाश चेन छीनकर फरार हो गये थे। सोमवार को भी गोलभट्टा मिलापनगर निवासी गीता से एसडीएम चौक के पास बाइक सवार बदमाश ने पचास हजार रुपये छीन लिए थे। अभी तक झपटामार गैंग का एक भी सदस्य पुलिस के हाथ नहीं लगा है। बढ़ती आपराधिक घटनाओं ने अब लोगों ने खुद का असुरक्षित महसूस करना शुरू कर दिया है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के रामनगर में महेश फल बेचने का काम करता है। दिनदहाड़े हुई इस घटना के बाद लोग मौके पर पहुंचे। तब तक बाइक सवार फरार हो चुके थे। इंस्पेक्टर ऐश्वर्य पाल ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**रुड़की।** बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये का माल समेट लिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गंगनहर कोतवाली को गली नंबर-5 गांधी नगर सुभाष नगर निवासी मुकुल ने तहरीर देकर बताया कि वह गुरुकुल से योग शिक्षा में मास्टर की डिग्री कर रहे हैं। परिवार शादी में दिल्ली गया हुआ था और वह भी शहर से बाहर थे। सोमवार को सुबह के वक्त वह घर पहुंचे तो उन्हें घर के ताले टूटे मिले। अनहोनी की आशंका पर आस पड़ोसियों को मौके पर बुलाया। घर का नजारा देखकर मुकुल और आस-पड़ोसियों के होश उड़ गए। कमरे के भी ताले टूटे हुए थे। घर से करीब ग्यारह हजार रुपये और कीमती जेवरात गायब मिले। सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की।

### धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा

**रुड़की।** अंतिम यात्रा शव वाहन की मांग को लेकर नगर पालिका के निर्वाचित सभासद के नेतृत्व में स्थानीय लोगों का धरना प्रदर्शन नगरपालिका कार्यालय पर दूसरे दिन भी जारी रहा। पांच दिन तक चलने वाले क्रमिक अनशन में कई लोग पहुंचे। इन लोगों का कहना है कि यदि पांच दिनों के भीतर उनकी मांग पूरी नहीं होती तो वह अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करेंगे। वहीं, पालिकाध्यक्ष ने कहा है कि पूरा मामला राजनीति से प्रेरित है। वाहन खरीदे जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नगरपालिका के सभासद नरेंद्र शर्मा ने नगरपालिका की बोर्ड बैठक में अंतिम यात्रा शव वाहन की व्यवस्था किए जाने का प्रस्ताव रखा था। मंगलवार को धरना प्रदर्शन करने वाले लोगों में अमित कुमार, सत्येंद्र शर्मा, रजत शर्मा, शिव कुमार वर्मा, अनिल कश्यप, प्रणव सिंह, अर्जुन, आकाश रस्तोगी, विजय कुमार, पवन कुमार, अशोक पंवार, अमित सक्सेना, विनीत कुमार, राजू आदि मौजूद रहे।

### बदमाशों ने महिला से छीना उसका पर्स

**रुड़की।** बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े हाईवे पर एक महिला से उसका पर्स छीन लिया, जिसमें हजारों की नकदी तथा उसके जेवर थे। पीड़िता ने शोर मचाया। लेकिन बदमाश तेजी के साथ निकल गए। पीड़ित महिला की ओर से पुलिस से शिकायत की गई है। जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच की बात कह रही है।शहर चौकी क्षेत्र के गांव नजरपुरा निवासी पुष्पा मंगलौर बाजार में खरीदारी करने के लिए आई थी। साथ में वह अपना मंगलसूत्र तथा सोने की चेन भी लेकर आई थी। जेवर को महिला को ठीक कराना था। पीड़िता का कहना है कि उसके पर्स में 5250 रुपये भी थे। शहर चौकी प्रभारी मनोज गैरोला का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में आया है। जांच की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जायेगा।

### हथियार दिखाकर दी जान से मारने की धमकी

**रुड़की।** हाईवे स्थित एक कार शोरूम में नौकरी करने वाले एक युवक की गाड़ी के सामने हाईवे पर गाड़ी लगाकर कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट की। दो नामजद व अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। नेशनल हाईवे रुड़की कोतवाली क्षेत्र में स्थित एक कार शोरूम में नौकरी करने वाले मोहन सिंह पंवार मूलनिवासी ग्राम कांडा जाख टिहरी गढ़वाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह हाईवे स्थित एक कार शोरूम में नौकरी करता है। सोमवार की शाम को वह ड्यूटी समाप्त कर अपनी गाड़ी से लौट रहा था। जैसे ही वह मंगलौर कोतवाली क्षेत्र में एक नर्सरी के पास पहुंचा तभी पीछे से आई एक बोलेरो कार चालक ने उसकी कार के सामने अपनी कार को फंसा दिया।

# विधायक ने किया हिमाचल में सरकार बनने का दावा

- बीजेपी सरकार से त्रस्त जनता करेगी बदलावः रवि बहादुर

भास्कर समाचार सेवा



**हरिद्वार।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में सोलन जिले के पर्यवेक्षक ज्वालापुर विधायक रवि बहादुर ने कांग्रेस की सरकार बनने का दावा किया। विधायक रवि बहादुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार से त्रस्त जनता बदलाव की ओर अग्रसर है।

बीजेपी के चुनावी वादे जुमले हैं। जिनका मतदाताओं पर कोई असर नहीं हो रहा है। विधायक रवि बहादुर ने कहा कि सोलन जिले में पांच विधानसभा सीट हैं और पांचों सीट पर कांग्रेस मजबूती से चुनाव लड़ रही है। जनता का भरपूर आशीर्वाद और समर्थन कांग्रेस प्रत्याशियों को मिल रहा है। पांचों सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जिस प्रकार राजस्थान और छत्तीसगढ़ में चुनावी वादे पूरे किए हैं।

उसी प्रकार से हिमाचल प्रदेश में भी सरकार बनने पर जनता से किए सभी वादे पूरे किए जाएंगे। बीजेपी का घोषणा पत्र सिर्फ छलावा है। जबकि कांग्रेस का घोषणा पत्र जनता की आवाज है। जनता अब बीजेपी के जुमलो में नहीं आने वाली।

कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट होकर हिमाचल प्रदेश चुनाव में अपना योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा देश की दिशा तय कर रही है। हिमाचल प्रदेश और गुजरात में जनता कांग्रेस के साथ है।

### निकाय चुनाव की तैयारी में जुटी आपः बिष्ट

**रुड़की।** आम आदमी पार्टी संगठन विस्तार के साथ निकाय चुनाव की तैयारी में जुट गई है। प्रदेश समन्वयक जोत सिंह बिष्ट ने जिले की तीन विधानसभाओं में बैठक की। वे अब तक नौ विधानसभाओं में बैठक कर चुके हैं। आम आदमी पार्टी की नजर अब निकाय चुनाव पर लगी है। सभी 70 विधानसभा सीटों पर आम आदमी पार्टी की बैठकें हो रही है। हरिद्वार जिले में प्रदेश समन्वयक जोत सिंह बिष्ट ग्यारह में से नौ विधानसभाओं में बैठक कर चुके हैं। मंगलवार को ज्वालापुर, भगवानपुर और कलियर में बैठक हुई। मंगलौर और खानपुर में दूसरे चरण में बैठक होगी। प्रदेश समन्वयक जोत सिंह बिष्ट ने बताया कि संगठन को विस्तार, अगले साल होने वाले निकाय चुनाव और राज्य सरकार की नाकामियों को जनता के बीच ले जाने को लेकर बैठकें हो रही है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं।

# फर्जी खादिमो और ठेकेदार के गुर्गो की शिकायत की

- मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी से की कार्रवाई की मांग

भास्कर समाचार सेवा

**पिरान कलियर।** एक व्यक्ति ने पत्र देकर दरगाह साबिर पाक में आस्ताने पर खड़े होकर धक्का-मुक्की गाली गलौज करने वाले फर्जी खादिमो और ठेकेदार के गुर्गो की शिकायत मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी से कर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। दरगाह साबिर पाक में अव्यवस्था और बदइंतजामी को लेकर कलियर निवासी असद साबरी ने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी हरिद्वार ओर ज्वाईंट मजिस्ट्रेट रूडकी को एक पत्र देकर बताया है कि दरगाह साबिर पाक में करोड़ों लोगों की आस्था है। देश विदेश से प्रतिदिन हजारों लोग यहा अपनी आस्था लेकर आते है और मन्नत मुरादे मांगते हैं लेकिन पिछले कुछ वर्षो से दरगाह साबिर पाक में असामाजिक तत्व और तथाकथित खादिमो का आतंक बढ़ता जा रहा है। आये दिन ठेकेदार ओर इन असमाजिक तत्वों की दरगाह आस्ताने पर मारपीट गालीगलौज,धक्का मुक्की की वीडियो सामने आ रही है, जिससे दरगाह की पवित्रता और गरिमा को ठेस पहुच रही है। बाहर से आने वाले श्रद्धालु जायरीनो व स्थनीय लोगो मे आक्रोश बढ़ रहा है। लगातार इन तथाकथित लोगों की संख्या में इजफा हो रहा है। यह कथित लोग बाहर से आने वाले जायरीनो को दरगाह का खादिम बता कर दान में आने वाली रकम को हड़प रहे हैं। पत्र में इन तथाकथित खादिम और ठेकेदार के गुर्गो के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### दोनों पक्षों की तहरीर हुआ मुकदमा दर्ज

**रुड़की।** करौदी गांव में दो पक्षों के बीच हुए विवाद में दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी। एक दूसरे पर मारपीट करने, जान से मारने की धमकी का आरोप है। पुलिस ने दोनों पक्षों के 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया। पुलिस के अनुसार सोमवार को करौंदी गांव में दो पक्षों के बीच गोबर की खाद उठाने को लेकर गाली गलौच व मारपीट हो गई थी। दोनों पक्ष एक दूसरे पर लाठी-डंडे व धारदार हथियार लेकर एक दूसरे पर मारपीट करने पर उतारू हो गए। पुलिस ने एक पक्ष के यशपाल की तहरीर के आधार पर राजवीर, अभिषेक, धर्मेंद्र, अमन, प्रिंस तथा दूसरे पक्ष के आशीष कुमार की तहरीर के आधार पर पप्पू, अंबानी, अभिषेक, घोली, नीटू, यशपाल के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह ने बताया कि मामला दर्ज करने के साथ ही जांच की जा रही है।

## स्पर्श गंगा के प्रतिनिधिमंडल ने किया पर्यावरणविद पद्मभूषण डा. जोशी का स्वागत

# जहरीली हवा व दूषित नदियों के लिए हम हैं जिम्मेदारः अनिल

भास्कर समाचार सेवा


पर्यावरणविद पद्मभूषण डा. जोशी का स्वागत करते स्पर्श गंगा के प्रतिधिनि।

**हरिद्वार।** पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से पर्यावरणविद पद्मभूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी के नेतृत्व में प्रगति से प्रकृति पथ यात्रा पर साइकिल से निकले 14 सदस्यीय दल का स्पर्श गंगा ने स्वागत किया। डा.राजेश नैथानी के नेतृत्व में स्पर्श गंगा स्पर्श गंगा प्रतिनिधिमंडल ने चिपको आंदोलन का स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से डॉ. जोशी 2 अक्टूबर से 9 नवंबर तक आर्थिक राजधानी मुंबई से 2500 किमी की साइकिल यात्रा पर हैं। डॉ. जोशी ने बताया कि आर्थिकी व पारिस्थितिकी समन्वय स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय पहल के उद्देश्य से देश के सात राज्यों से होती हुई यह यात्रा अपने अन्तिम चरण में ऋषिकेश पहुंचेगी। 69 वर्षीय डा.जोशी की साइकिल यात्रा में कुल 14 सदस्य शामिल हैं, जिनमें अधिकतर युवा और युवतियां हैं। डा.जोशी ने बताया कि यात्रा के दौरान 50 हजार से अधिक लोगों से जनसंपर्क किया गया तथा 30 से अधिक बड़ी व 80 से अधिक छोटी संगोष्ठियों को संबोधित करके लोगों को प्रकृति के साथ तालमेल बैठाते हुए स्थाई विकास के लिए प्रेरित किया गया। स्पर्श गंगा की राष्ट्रीय संयोजिका आरुषि निशंक युवाओं के लिए प्रेरणा है। पद्मभूषण डा. जोशी ने कहा कि प्रगति के लिए जहां ऊंची इमारतों की जरूरत होती है। लेकिन हमें वृक्षों के योगदान की ऊंचाई को भी नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रकृति के साथ समन्वय व संतुलन के साथ होने वाला विकास स्थाई व टिकाऊ होता है, अन्यथा एकांगी विकास की अवधि अधिक नहीं होती है। डा.जोशी ने कहा कि जहरीली हवा व दूषित नदियों के जिम्मेदार हम स्वयं हैं। यदि हमने समय रहते प्रकृति के अंधाधुंध दोहन के अपने स्वभाव में परिवर्तन नहीं किया तो वह दिन दूर नहीं जब हमें पानी की तरह बोतल बंद ऑक्सीजन पर निर्भर रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि 9 नवंबर को उत्तराखंड दिवस के अवसर पर 40 दिवसीय साइकिल यात्रा का समापन देहरादून में होगा। स्पर्श गंगा प्रतिनिधि मंडल में डा.राजेश नैथानी, रीता चमोली, मनु रावत, गीता कारगी, प्रतिभा चौहान, पुष्पा बुडाकोटी आदि शामिल रहे।

page-5a: page 1 - 08-Nov-22 8:54 PM Page 1



## सारसुर्खियां

### आठ परिवारों ने 'गुलदार' शब्द जोड़ने पर जताई आपत्ति

**साहिया।** नंतराम नेगी नाम के पीछे गुलदार शब्द जोड़ने पर 8 परिवार मलेथा के लोगों ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि इसी कारण वे साहिया में लोकार्पण में शामिल नहीं हुए। बुद्ध सिंह नेगी, कल्याण सिंह नेगी, कुंवर सिंह नेगी, किशन सिंह नेगी, सूरत सिंह नेगी आदि ने बताया कि गांव में उनका आपस में मेल मिलाप है। सिर्फ नंतराम नेगी के पीछे गुलदार शब्द जोड़े जाने पर समिति से नाराजगी थी।
उन्होंने कहा कि 5 अक्टूबर को तहसीलदार चकराता मुकेश चंद रमोला के नेतृत्व में एक टीम मलेथा गांव गई। टीम ने 8 परिवारों से वार्ता की। तहसीलदार मुकेश चंद रमोला का कहना है कि 8 परिवार वालों का कहना था कि उन्हें नंतराम नेगी नाम के पीछे गुलदार शब्द जोड़ने पर आपत्ति है, जिस कारण 8 परिवार कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। कहा कि मामला कोर्ट में विचाराधीन है। कोर्ट से जो फैसला आएगा, वह सर्वमान्य होगा। इस अवसर पर राजस्व उपनिरीक्षक ईश्वर दत्त शर्मा, सुखदेव जिन्नाटा आदि मौजूद थे।

### नागरिकों को सशक्त करेगा आउटरीच

**उत्तरकाशी।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्वेता राणा चौहान ने प्रेस वार्ता में बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के संयुक्त तत्वधान में विभिन्न प्रकार के विधिक सेवा एवं सहायता कार्यक्रम जनपद में संचालित हो रहे हैं। इनमें विशेष आउटरीच के माध्यम से नागरिकों का सशक्तिकरण हेतु डोर टू डोर अभियान चलाया जा रहा है। साथ में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किसी भी न्यायालय प्राधिकरण या न्यायाधिकरण के समक्ष लंबित मामलों में अधिकारों की रक्षा हेतु या मामला दायरा करने हेतु पात्र व्यक्तियों को निशुल्क विधिक सलाह के अतिरिक्त सरकारी खर्चा पर अधिवक्ता भी उपलब्ध कराया जाता है।

## घर से भाग रही दो नाबालिगों से छेड़छाड़

- दो आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

भास्कर समाचार सेवा

**थराली।** विकासखंड देवाल क्षेत्र में माता पिता की डांट फटकार से नाराज होकर घर छोड़कर भागी नाबालिग लड़कियों की बरामदगी के बाद उनके बयानों पर पुलिस ने छेड़छाड़ एवं जोर-जबरदस्ती करने के आरोप में दो मनचलों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रविवार की प्रातः देवाल क्षेत्र की 15 एवं 16 वर्षीय दो नाबालिग लड़कियां घर से बिना बताए ही नाराज होकर कही चली गई थीं। परिजनों द्वारा पूरे दिन खोजबीन के बाद जब उनका कोई पता नहीं चल पाया तो रविवार की देर सांय परिजनों ने पुलिस चौकी देवाल में गुमशुदगी की तहरीर दी।
एसपी प्रमेंद्र डोबाल के निर्देशों पर पुलिस ने सर्विलांस की मदद से दोनों को नारायणबगड़ ब्लाक के पंती-मीग गधेरे के बीच बस से देहरादून जाने के तहत बरामद कर लिया। दोनों नाबालिगों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में उस समय नया मोड़ आ गया, जब नाबालिगों ने बताया कि दो मनचलों ने उनके साथ छेड़छाड़ की।
थराली प्रभारी निरीक्षक बृजमोहन राणा ने बताया कि पूछताछ में दोनों ने बताया कि दो मनचलों द्वारा रात में उनके साथ छेड़छाड़ एवं जोर-जबरदस्ती किए जाने का प्रयास किया। इस पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने मामले की छानबीन के बाद थराली पटवारी क्षेत्र के अंतर्गत पैनगढ़ गांव निवासी मधुसूदन पुरोहित उर्फ किशोर एवं भुनका रूद्रप्रयाग निवासी सलोप सिंह को पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## मुंबई के छात्रों ने पहाड़ के विकास को बताया 'शून्य'

- शैक्षिक भ्रमण पर नीति घाटी के साथ तोलमा गांव पहुंचे छात्र

अभिषेक अग्रवाल (दैनिक भास्कर)

**जोशीमठ।** उच्च हिमालयी क्षेत्रों की प्रकृति को करीब से जानने नीति घाटी के तोलमा गांव पहुंचे सेंट जेवियर्स कॉलेज मुंबई के छात्रों ने पहाड़ी लोगों के व्यवहार की तारीफों के पुल बांधे, लेकिन साथ ही उत्तराखंड सरकार की विकास परियोजनाओं पर कई सवाल खड़े किए। कॉलेज के छात्र एक शैक्षणिक टूर के लिए सीमा से सटे नीति घाटी के कई गांवों के साथ तोलमा गांव पहुंचे। गांव में बदहाल स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क की स्थितियों को देख पहाड़ के प्रति कॉलेज में पढ़ रहे विद्यार्थियों का दर्द छलका।
सुरईथोटा से 3 किलोमीटर की खड़ी और पथरीली चढ़ाई पार करने के बाद तोलमा पहुंचे छात्र-छात्राओं ने कहा कि उत्तराखंड बने 22 साल होने जा रहे हैं, लेकिन अभी तक सीमांत क्षेत्रों में सड़क जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं है।
उन्होंने पहाड़ में बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं पर भी अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि सीमावर्ती गांवों में कोई बीमार पड़ गया तो उसे कई किलोमीटर दूर ले जाकर अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ता है।
पहाड़ में मूलभूत सुविधाओं का अभाव यहां की प्राकृतिक खूबसूरती पर धब्बा है। यहां मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त होने से पर्यटन को बढ़ावा और ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा।



यात्राा के दौरान खड़ी चढ़ाई से गुजरते विद्यार्थी।

### हाइड्रो प्रोजेक्ट्स ने नदियों का किया सत्यानाश

विद्यार्थियों के शैक्षणिक टूर का नेतृत्व कर रही डॉ. प्रतिभा नैथानी ने कहा कि सरकार ने इस खूबसूरत क्षेत्र में हाइड्रो प्रोजेक्ट्स लगाकर यहां की खूबसूरती और नदियों का सत्यानाश कर दिया है। बेहतर होता कि सरकार इन क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं से दुरुस्त करती, ताकि और अधिक संख्या में पर्यटक इन खूबसूरत अंचलों का दीदार कर सकते। इससे यहां रहने वाले काश्तकारों के रोजगार में भी बढ़ोतरी होती। कुछ वर्षों पहले हुए एक एक्सीडेंट में उनके दोनों पैर फैक्चर हो गए थे, जिस कारण वह पैदल नहीं चल सकती हैं। वो तीन किलोमीटर पैदल चलकर तोलमा नहीं जा पाई। यदि सड़क बनी होती तो वह भी तोलमा का दीदार कर सकतीं।

## ली रॉय होटल के विरोध में उतरे सामाजिक संगठन

### जांच में दोषी सिद्ध होने पर भी नहीं हुई कार्रवाई, आज एक साथ बैठक में तय होगी रणनीति

भास्कर समाचार सेवा

**टिहरी।** टिहरी झील में मल मूत्र डालने वाली ली रॉय कंपनी के खिलाफ आम जनमानस के साथ ही विपक्ष भी आवाज उठा रहा है। दो दिवसीय टिहरी भ्रमण पर पहुंचे निवर्तमान राज्यसभा सांसद प्रदीप टम्टा ने इस प्रकरण में सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की शह के बिना होटल संचालक इतनी शर्मनाक हरकत नहीं कर सकता है। नमामि गंगे प्रोजेक्ट चलाने वाली सरकार पूरे मामले में चुप क्यों बैठी है? यह भाजपा की मानसिकता को उजागर करता है।
बताते चलें कि इस होटल ग्रुप द्वारा संचालित हट्स के अंदर से एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें होटल का मल मूत्र झील में डाला जा रहा था। प्रशासन की जांच में भी उक्त कंपनी को दोषी पाया गया, लेकिन उसके बाद भी शासन द्वारा उक्त होटल को संचालित करने की अनुमति दी गई।
इस पूरे प्रकरण में व्यापार मंडल से लेकर ठेकेदार एसोसिएशन, नागरिक मंच, राज्य आंदोलनकारी मंच सहित कई सामाजिक संगठन एक मंच पर आ गए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता कुलदीप पंवार ने कहा कि होटल संचालक द्वारा होटल की परिधि के बाहर बाल लगा दिये गए हैं, जिससे कोई भी बाहरी व्यक्ति बिना इजाजत के होटल में ना घुस सके। पूरे प्रकरण को लेकर बुधवार को 12:30 बजे मिलन केंद्र बौराड़ी मे सारे सामाजिक संगठनों की बैठक बुलाई गई है, जिसमे आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा। इसमें आम जनमानस की भागीदारी भी सुनिश्चित की गई है।



प्रशासन द्वारा ली रॉय हाटल प्रकरण की पूरी जांच रिपोर्ट शासन को भेजी गई थी। जांच में ली रॉय होटल को दोषी पाया गया है और कार्यवाही किये जाने को लेकर भी कहा गया है, किंतु अवस्थापना निदेशक दीपक खंडूड़ी द्वारा उक्त होटल को संचालित करने के आदेश दिये गए हैं।



**सौरभ गहरवाल**
**जिलाधिकारी**
**टिहरी।**

## खबर एक नजर

### उत्तरकाशी पुलिस ने शुरू की 'हर घर हो जागरूक' पहल

**उत्तरकाशी।** पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी के निर्देशन में जनपद में ड्रग्सफ्री देवभूमि अभियान के तहत युवाओं को नशे के चुंगल से बचाने तथा आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद में एक नई पहल 'हर घर हो जागरूक' अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत आमजन को नशा, साइबर व महिला अपराध, बाल भिक्षावृति व यातायात नियमों के संबंध में जानकारी प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है।



प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मनेरी कमल कुमार लुंठी के नेतृत्व में मनेरी पुलिस द्वारा मल्ला गांव में जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव, साइबर क्राइम, महिला अपराध एवं उत्तराखंड पुलिस एप के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सभी को आपातकाल की स्थिति में 112 व साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरन्त 1930 पर कॉल करने की अपील की गई।

### घर-घर पहुंचाएंगे सद साहित्य

**उत्तरकाशी।** सद साहित्य घर-घर पहुंचे, इसके लिए जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संस्थापक वेद मूर्ति पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अखंड ज्योति एवं युग निर्माण योजना का सदस्यता अभियान जनपद उत्तरकाशी में वरिष्ठ गायत्री परिजन अजय प्रकाश बडोला, प्रबंधक पवित्रा लीला बाल वाटिका जोशियाडा एवं गायत्री परिवार ट्रस्ट उत्तरकाशी के माध्यम से यह अभियान चलाया जा रहा है  अजय बडोला ने बताया कि अखंड अखंड ज्योति पत्रिका पढ़ने के बाद आज करोड़ों लोगों का जीवन परिवर्तन आया है। अभियान की शुरुआत जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला से की गई। जिलाधिकारी ने इस अभियान को एक सार्थक प्रयास बताया और स्वयं पत्रिका के सदस्य बने। सदस्यता अभियान में चंद्रप्रकाश बहुगुणा, मुरली मनोहर भट्ट ,प्रेमलाल विजलाण, दशरथ प्रसाद उनियाल आदि थे।



### स्वास्थ्य शिविर में 75 मरीजों ने करवाया निशुल्क परीक्षण

**गजा।** विकासखंड चंबा के नगर पंचायत गजा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 75 लोगों ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया। नगर पंचायत गजा अध्यक्ष मीना खाती के अनुरोध पर हर माह की 8 तारीख को हिमालयन अस्पताल बौराड़ी द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर गजा में आयोजित किया जाता है। हिमालयन अस्पताल बौराडी के डाक्टरों की टीम द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। शिविर में एक्स रे, शुगर जांच, ब्लड प्रेशर जांच, खून जांच निशुल्क करने के बाद दवाइयां वितरित की गईं। डॉ. अपूर्वा चंदाना, डॉ. अनुज मित्तल ने फिजिशियन व अन्य जांच के साथ ही फार्मासिस्ट दिनेश सिंह चौहान, नर्सिंग स्टाफ अनामिका चौहान, एक्सरे व लैब टेक्नीशियन शीतल तथा प्राची ने रोगियों की जांच कर दवा वितरण की। इस अवसर पर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी हरेंद्र सिंह चौहान, समाजसेवी दिनेश प्रसाद उनियाल, नगर पंचायत गजा कर्मचारी लखनपाल सिंह, महेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

### वॉलीबॉल के उद्घाटन मैच में लदाड़ी का जबर्दस्त प्रदर्शन

**उत्तरकाशी।** 22वें राज्य स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर खेल निदेशालय एवं जिला प्रशासन के सौजन्य से जिला खेल कार्यालय के द्वारा वॉलीबॉल ओपन बालक वर्ग की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान ने किया। प्रतियोगिता में जिले की 13 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।



उद्घाटन समारोह के अवसर पर सुरेश चौहान ने कहा कि खिलाड़ियों को खेल प्रति अपनी प्रतिभा  जनपद से राज्य व राज्य से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाते हुए अपने  हुनर को आगे बढ़ाने के लिये विभिन्न खेलों के माध्यम से खेल के प्रति समर्पित भाव से आगे बढ़ते रहना चाहिए । उन्होंने खेल भावना के साथ खेलने की अपील करते हुए सभी खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।
प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच (बालक वर्ग) लदाड़ी व बगसारी ब्लास्टर के मध्य खेल गया, जिसमें लदाड़ी ने बगसारी को 11-01, 11-01 से हराया। दूसरा मैच मनेरा स्टेडियम व गंगोरी के मध्य खेला गया, जिसमें मनेरा स्टेडियम ने गंगोरी को 11-04, 11-06 से हराया। तीसरा मैच धनारी राइडर व चिन्यालीसौड़ के मध्य खेला गया, जिसमें चिन्यालीसौड़ ने धनारी राइडर को 11-09, 11-10 से हराया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य, हंसराज चौहान, पूर्व सैनिक मनोज रावत, राजवीर बहुगुणा, विनोद चौहान आदि मौजूद रहे।

## आज गैरसैण के लिए हो सकती है 'बड़ी घोषणा'

- राज्य स्थापना दिवस पर ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में होंगे सीएम व स्पीकर

भास्कर समाचार सेवा

**गैरसैंण।** ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के विधानसभा परिसर भराड़ीसैण में राज्य स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाली रैतिक परेड का पूर्वाभ्यास किया गया। जनपद चमोली के पुलिस कप्तान प्रमेंद्र डोबाल के निर्देशन में परेड कमांडर सीओ नताशा सिंह कमांड कर रही हैं, जिसमें पुलिस की 4 टुकड़ियों व आईटीबीपी गौचर की 2 टुकड़ियां प्रतिभाग करेंगी।
मिली जानकारी के अनुसार राज्य स्थापना दिवस पर आयोजित किए जा रहे समारोह में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी द्वारा विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण व शिल्यान्यास किये जाने के साथ ही उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों व कार्मिकों को सम्मानित किया जाएगा। स्थानीय विद्यालयों व महिला मंगल दलों द्वारा लोक गीत व लोक नृत्य की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण होंगे।
वहीं विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूडी मंगलवार शाम 5 बजे भराड़ीसैण पहुंचीं। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी आज दोपहर 12:25 बजे हवाई मार्ग से भराड़ीसैण पहुंचेंगे। संभावना व्यक्त की जा रही है कि इस अवसर पर गैरसैंण के लिए कोई बड़ी घोषणा हो सकती है।



गैरसैंण भराड़ीसैण में रैतिक परेड का पूर्वाभ्यास करते पुलिस व आईटीबीपी के जवान।

## खेलकूद में अधिक से अधिक प्रतिभाग करें युवा अमर सिंह



**विकासनगर।** आदर्श क्लब ग्राम पसोली, लांघा में कबड्डी प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को मिनी स्टेडियम पसोली में हुआ। प्रतियोगिता में करीब 25 टीमों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि के रूप में अंतिम दिन मंडलध्यक्ष अध्यक्ष अमर सिंह राय रहे। उन्होंने कहा कि युवाओं को खेलकूद प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक प्रतिभाग करना चाहिए, जिससे उनकी फिटनेस ठीक रहेगी। इस मौके पर अध्यक्ष मोहन सिंह राणा, उपाध्यक्ष श्याम दत्त शर्मा, कोषाध्यक्ष सुंदरराम शर्मा, क्रीडाध्यक्ष दर्शन सिंह चौहान, सचिव खजान सिंह आदि मौजूद रहे।

## उत्तराखंड बनाने में हर परिवार का योगदानः सोनी

- प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को मिले आंदोलनकारी का सम्मान

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** पर्यावरणविद वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी का कहना है कि उत्तराखंड राज्य बनाने में हर परिवार का योगदान रहा है। घर के मर्द रैलियों व आंदोलन में भाग लेने चले जाते थे और गांव की बहू बेटियां जंगलो में घास काटते, गाय, भैस, बकरियां चुगाते, खेतो में काम करते समय 'आज दो अभी दो उत्तराखंड राज्य दो', 'खेतो को हम आबाद करेंगे राज्य तुम लेके आओगे', 'कोदा झंगोरा खाएंगे उत्तराखंड को अलग राज्य बनाएंगे' जैसे नारे लगाया करती थीं। ऐसा जुनून था राज्य बनाने के लिए हर उत्तराखंडी का।
उन्होंने अपील करते हुए सरकार को सुझाव दिया कि उत्तराखंड राज्य को बनाने में सभी का योगदान है, इसलिए उत्तराखंड के हर परिवार के एक सदस्य को आंदोलनकारी का सम्मान दिया जाए। 2000 के ग्राम पंचायतों के परिवार रजिस्टर में अंकित परिवारों के एक सदस्य को आंदोलनकारी घोषित किया जाए। यही सम्मान राज्य बनाने में अपने योगदान देने वालो का होगा, ताकि वे अपने को उपेक्षित ना समझें।



### निवर्तमान सांसद प्रदीप टम्टा ने किया सम्मानित, गढ़वाली भाषा में रचित श्रीमद्भगवद्गीता का किया विमोचन

## पांच समाजसेवियों को बिहारी लाल स्मृति सर्वोदय सम्मान

भास्कर समाचार सेवा

**टिहरी।** मंगलवार को बुढ़ाकेदार में लोक जीवन विकास भारती संस्थान के संस्थापक रहे दिवंगत बिहारी लाल की जन्म जयंती पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच समाजसेवियों को बिहारी लाल स्मृति सर्वोदय सम्मान-2022 के तहत प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान निवर्तमान सांसद प्रदीप टम्टा के हाथों से प्रदान किए गए। सम्मानित होने वाले समाजसेवियों में बैशाखी लाल, धीरेंद्र प्रसाद नौटियाल, जयप्रकाश राणा, श्याम लाल तथा बावन सिंह बिष्ट शामिल थे। इन सभी विभूतियों ने कृषि, काष्ठ कला, वन पंचायत, शिक्षा, पर्यावरण, वन सरंक्षण, रक्षा सूत्र आदि प्रमुख कार्य में सराहनीय योगदान दिया है।
इस अवसर पर बिहारी लाल के जीवन और कार्यों पर आधारित दो पुस्तकों का टम्टा ने विमोचन किया। टम्टा ने गढ़वाली भाषा में रचित श्रीमद्भगवद्गीता की पुस्तक का भी विमोचन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में हमारी गढ़वाली, कुमाऊंनी भाषाओं को स्थान मिलना चाहिए।
इस तरह की गढ़वाली भाषा में लिखी पुस्तकों का इस कार्य में बडा योगदान हो सकता है।
भिलंगना के पूर्व प्रमुख विजय गुनसोला ने कहा कि लोक जीवन भारती ने स्व. बिहारी लाल के कुशल नेतृत्व में अनेक सराहनीय कार्य किए।
उनके कार्य हमें आज भी प्रेरणा देते हैं। सम्मान सभा में शांति प्रसाद भट्ट, पूर्व जिलाअध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी एवं पूर्व अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन टिहरी, मुरारी लाल खंडवाल, ओमप्रकाश डंगवाल, बुढाकेदार मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह नेगी, ज्वाला मां मंदिर समिति के अध्यक्ष बचल सिंह रावत आदि थे।



समाजसेवियों को बिहारी लाल स्मृति सर्वोदय सम्मान से सम्मानित करते निवर्तमान सांसद प्रदीप टम्टा।

## पुलिस और नगरपालिका ने चलाया संयुक्त अभियान



**विकासनगर।** बाजार चौकी पुलिस और नगरपालिका ने संयुक्त अभियान चलाया। टीम ने रेहड़ी, ठेली और दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर किए जा रहे अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की तथा कई लोगों को चेतावनी देकर छोड दिया गया। इस दौरान टीम ने उत्तराखंड पुलिस अधिनियम की धारा 81 के तहत 12 चालन किए। साथ ही टीम ने सडकों पर गलत तरीके से वाहनों को पार्क किए जाने पर 8 चालान चस्पा किया। नगरपालिका अवैध ठेली व फलों को ध्वस्त कर ट्रैक्टर ट्रॉली में लादकर ले गई। कोतवाल शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# कुमाऊं-आसपास

आज ही के दिन 1962 में अमेरिका ने नेवाडा में परमाणु परीक्षण किया था।

## खबर का असर: ग्रामीणों के विरोध के चलते अब हटाई जाने लगी गंदगी

- स्कूल प्रांगण में गड्ढा खोद मिट्टी डालकर लीपापोती करने का प्रयास
- दैनिक भास्कर ने खबर को प्रमुखता से किया था प्रकाशित

राजेश शर्मा (दैनिक भास्कर)



ग्राम लालपुर स्थित स्कूल में पड़ी गंदगी का विरोध करते ग्रामीण।

**काशीपुर।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में ग्राम प्रधान द्वारा सिंचाई विभाग की नहर की गंदगी निकालकर विद्यालय परिसर में भरान करने के नाम पर डालकर पढ़ने वाले बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किये जाने का प्रयास किया गया । मामले को दैनिक भास्कर ने 7 नवंबर के अंक में 'नहर की गंदगी व कीचड़ से पाट दिया स्कूल का मैदान' शीर्षक से प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद खंड शिक्षा अधिकारी ने मामले का गंभीरता से लेते हुए टीम के साथ सोमवार को मौके पर पहुंचकर स्कूल प्रांगण से मंगलवार तक गंदगी हटाने के सख्त निर्देश दिए थे। ग्राम प्रधान ने गंदगी हटाने की बजाय जेसीबी से स्कूल प्रांगण में बड़ा गड्ढा खोद कुछ गंदगी गड्ढे में भर दी और बाकी गंदगी को छुपाने के लिए गड्ढे से निकली मिट्टी फैला दी गई।

प्रधान के इस कृत्य से कुछ ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर विरोध करते हुए वीडियोग्राफी की तो गंदगी को हटाना शुरू किया गया । प्रधान द्वारा स्कूल में नहर गंदगी डाले जाने पर ग्रामीणों में आक्रोश है।

विकासखंड जसपुर के ग्राम लालपुर में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में ग्राम प्रधान द्वारा सिंचाई नहर की सफाई के नाम पर जेसीबी से गंदगी व कीचड़ निकालकर ट्रेक्टर ट्रालियों में भरकर स्कूल प्रांगण में भरान करने के उद्देश्य से डाल दी। गंदगी से उठी दुर्गंध से बच्चों व अध्यापकों को अत्यधिक परेशानी होने लगी। नहर से गंदगी निकालकर स्कूल परिसर में डाले जाने पर ग्रामीणों ने इसका विरोध भी किया था। मामले को दैनिक भास्कर ने 7 नवंबर के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया तो प्रशासन हरकत में आया और सोमवार को टीम के साथ खंड शिक्षा अधिकारी रणजीत सिंह नेगी ने मौके पर पहुंचकर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल गंदगी को हटाने के निर्देश दिए थे। इससे पहले गंदगी पर मिट्टी डालकर दबाने का प्रयास किया जा रहा था। इस पर खंड शिक्षा अधिकारी ने सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए गंदगी को हटाने के निर्देश दिए। उसके बाद भी ग्राम प्रधान ने गंदगी को हटाने की बजाय मंगलवार सुबह 4 बजे जेसीबी से स्कूल प्रांगण में बड़ा गढ़ा खोदकर कुछ गंदगी गड्ढे में भर दी और गड्ढे से निकली मिट्टी गंदगी पर फैलाकर अपने कृत्य को छुपाने का प्रयास किया। सुबह होने पर जब कुछ ग्रामीणों ने स्कूल प्रांगण में प्रधान के इस कृत्य को देख विरोध जताया, तब कहीं जाकर गंदगी उठाने का काम शुरू किया गया।

### क्या मनरेगा से लाभ लेने का था मकसद?

काशीपुर। शासन द्वारा ग्राम पंचायतों में विकास ज्यादा से ज्यादा हो, इसके लिए बहुत ऐसी योजनाएं संचालित हैं, ओर गांव के विकास के लिए योजना सरपंच, पंच और ग्रामीण मिलकर बनाते हैं। वहीं मनरेगा योजना से भी ग्राम पंचायतों में बहुत से विकास कार्य किये जाते हैं। इसके लिए प्रशासनिक अनुमति जरूरी है। वहीं मनरेगा योजना से सिंचाई नहरों की साफ़ सफाई करने को पंचायतों को जिम्मा सौंपा जाता है। कहीं ऐसा तो नहीं कि मनरेगा योजना का लाभ लेने के उद्देश्य से सिंचाई नहर की सफाई कराने ओर उसमें निकली मिट्टी ओर गंदगी को स्कूल प्रांगण में भरान के नाम पर डालकर मनरेगा से दोनों अलग अलग लाभ लेने का प्रयास किया जा रहा हो? जबकि चाहे नहर सफाई हो या स्कूल परिसर में भरान कराना हो, इन सबके लिए ग्राम पंचायत में खुली बैठक में प्रस्ताव कर विभागीय अनुमति होनी जरूरी है।

## ब्लॉक अध्यक्ष बने कै. धन बहादुर चंद

**खटीमा।** चंद परिवार फाउंडेशन के कैप्टन धन बहादुर चंद को ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मंगलवार को चंद परिवार फाउंडेशन की पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष लीला चंद की देखरेख में आयोजित बैठक में चंद परिवार फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष डीबी चंद की संस्तुति पर कैप्टन धन बहादुर चंद को ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

वहीं उपाध्यक्ष इंद्रा चंद, महासचिव सुमित बहादुर पाल (पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष) उपसचिव त्रिलोक चंद, मान बहादुर चंद एवं सदस्य मुन्नी देवी, मंजू देवी, राजेंद्र चंद, पुष्कर चंद, ऊषा चंद, सुनील चंद, जगत चंद, मीना चंद, नरेश चंद, संतोष चंद को मनोनित किया गया। नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष कैप्टन धन बहादुर चंद ने फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष डीबी चंद सहित सभी चंद परिवार फाउंडेशन पदाधिकारियों व सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## सारसुर्खियां

### बेहड़ ने ग्रामीण जन संवाद के तहत किया चार गांवों का दौरा

**किच्छा।** जनसंवाद कार्यक्रम के तहत ग्रामीण अंचलों में विधायक बेहड़ ग्रामसभा बखपुर, भगवानपुर, कलकत्ता फार्म नजीबाबाद पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों से उनकी



समस्याओं को जाना। इस मौके पर ग्रामीणों ने विधायक बेहड़ का फूल मालाओं से स्वागत किया और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। बेहड़ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए सभी समस्याओं के निस्तारण की बात कही। ग्रामीणों की मांग पर विधायक तिलकराज बेहड़ ने ग्राम बखपुर में श्मशान घाट तथा मंदिर के सौंदर्यीकरण, ग्राम भगवानपुर में लंगर हाल के निर्माण तथा ग्राम कलकत्ता फार्म मे बाउंड्री वाल का निर्माण कराये जाने की घोषणा की। इस मौके पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, गुलशन सिंधी, पूर्व ब्लाक प्रमुख मेजर सिंह, बलवंत मानकिया, मनोज कोली, सुनीता देवी विक्रम कोरंगा, जमालुद्दीन थे।

## फेवीक्विक लगाकर फंसाते थे एटीएम, फिर उड़ाते थे नकदी

### कस्टटमर केयर के फर्जी नंबर से करते थे बात, तीन आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

भास्कर समाचार सेवा

**काशीपुर।** फेवीक्विक लगाकर एटीएम को मशीन में फंसाकर तथा बाद मे कस्टमर केयर के नाम पर गुमराह कर हजारों की धोखाधड़ी करने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हजारों की नकदी समेत एटीएम स्वैप मशीन, पेटीएम मशीन आदि सामान बरामद किया है। आरोपियों का एक साथी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर न्यायालय में पेश किया है।

रेलवे कॉलोनी निवासी अमीर चंद्र व मोहल्ला काजीबाग निवासी राजेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि पीएनबी बैंक के एटीएम व आईसीआईसीआई बैंक एटीएम से 21 हजार व 75 हजार रूपए निकाल लिए गए। पुलिस ने दोनों ही मामलों में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी।

मंगलवार को एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस टीम ने घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों व एटीएम के पास की सीसीटीवी फुटेजों का अवलोकन किया। पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर मुरादाबाद रोड पर बिना नंबर की कार से आते तीन युवकों को हिरासत में लेकर उनकी तलाशी ली तो उनके पास से विभिन्न बैंकों के 10 एटीएम, आईसीआईसीआई बैंक की स्वैप मशीन, पेटीएम मशीन, एक प्लास, फेवीक्विक के पैकेट व 46 हजार 300 की नकदी बरामद हुई।


घटना का खुलासा करते एसएसपी मंजूनाथ टीसी।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों की पहचान गौतमबुद्धनगर के सेक्टर 63 निवासी रोहित कुमार पुत्र पुत्र धर्मेंद्र चौहान, मनीष कुमार पुत्र बृजेश कुमार, थाना संभल के ग्राम शहबाजपुर भवानीपुर निवासी नाजिम पुत्र शखावत के रूप में हुई। आरोपियों ने अपने एक साथी गौतमबुद्धनगर के सेक्टर 63 निवासी चंद्रशेखर उर्फ बंटी पुत्र सुरेश मंडल का भी नाम बताया।


आरोपियों के कब्जे से बरामद हुई कार।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि बीती 9 अक्टूबर को आईसीआईसीआई बैंक व पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम स्लॉट में फेवीक्विक लगाकर कस्टमर के एटीएम कार्ड को एटीएम में फंसा दिया और कस्टमर के जाने के बाद प्लास की सहायता से एटीएम निकालकर रूपए निकाल लिए। 10 अक्टूबर को कोटद्वार में भी ऐसे ही एक घटना को अंजाम दिया।

आरोपियों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व हापुड़ व नोएडा में अपने साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। सबसे पहले उनका एक साथी एटीएम में जाकर फर्जी नंबर एटीएम मशीन के ऊपर रख देता है। उसके पश्चात वही आदमी एटीएम स्लॉट में फेवीक्विक लगाकर एटीएम से बाहर आ जाता था और जैसे ही कोई कस्टमर एटीएम में रूपए निकालने जाता तो उसका कार्ड एटीएम स्लॉट में ही चिपक जाता। तीसरा साथी फर्जी कस्टमर केयर नंबर पर होता और कस्टमर को दुबारा एटीएम पिन डायल करने को कहता, जिसे आरोपी देख लेते थे। इसके बाद एटीएम मशीन खराब होने की बात कहकर ग्राहक को एटीएम उसके घर पहुंचाने की बात कही जाती और उसकेजाने के बाद प्लास से एटीएम निकालकर दूसरे एटीएम जाकर रुपए निकाल लेते।

### बैंकों की छुट्टी वाले दिन देते थे वारदात को अंजाम

आरोपियों ने बताया कि अधिकतर वारदातें उन दिनों में करते थे, जिन दिनों में बैंक बंद होते थे। एसएसपी ने बताया कि आरोपियों पर पूर्व में कोटद्वार व यूपी के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों का संबंधित धाराओं में चालान कर न्यायालय में पेश किया। वहीं पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार को भी सीज कर दिया है। एसएसपी ने पुलिस टीम को दस हजार रूपये नकद पुरस्कार की घोषणा की है। वहीं एसएसपी ने कहा कि डीआईजी से टीम को पुरस्कृत करने के लिए सिफारिश की जाएगी।

### मारपीट कर हाथ तोड़ने का आरोप, एक नामजद

**काशीपुर।** लड़ाई-झगड़े के दौरान एक परिचित को देखकर रुके एक युवक से अन्य युवक ने मारपीट कर उसका हाथ तोड़ दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। धनौरी पट्टी प्रतापपुर निवासी जसपाल सिंह पुत्र रणजीत सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बीती 6 सितंबर की दोपहर अपने घर से कुंडेश्वरी आ रहा था। इस दौरान खरमासा रोड नहर के पास कुछ लड़के आपस में झगड़ा कर रहे थे। वह परिचित करनप्रीत को देखकर रुक गया। कुंडेश्वरी निवासी रितिक चौधरी पुत्र महेंद्र सिंह ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में उसका उल्टा हाथ टूट गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## फायरिंग के आरोपी को पुलिस ने पकड़कर भेजा जेल

- दंगल में हारने पर की थी फायरिंग

भास्कर समाचार सेवा

**बाजपुर।** सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी ने खुलासा करते हुए बताया सुल्तानपुर पट्टी स्थित कर्बला में दंगल प्रतियोगिता के समापन के बीच विवाद हो गया और भीड़ एकत्र हो गई।

भीड़ में एक व्यक्ति द्वारा अवैध पिस्टल निकालकर फायरिंग करने से अफरा-तफरी मच गई।

वीडियो वायरल होने पर 2 घंटे में आरोपी की पुष्टि कर ली गई। आरोपी की शिनाख्त माजिद हुसैन पुत्र हामिद हुसैन निवासी नेता नगर सुल्तानपुर पट्टी के रूप में हुई। टीम बनाकर घेराबंदी कर कहलो होटल के पास क्रेटा कार के साथ एवं एक पिस्टल 32 बोर तीन कारतूस के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया गया।


मामले का खुलासा करते सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी।

पुलिस ने आर्म्स एक्ट सहित मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपी को उप कारागार जेल हल्द्वानी भेजा गया।

सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी ने बताया कि आरोपी पर 6 मुकदमे दर्ज हैं और 2016-17 में दो बार गुंडा एक्ट लगाई गई है। आयोजक पक्ष की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

### भीड़ में घिरने पर की हवाई फायरिंग

**बाजपुर।** सुल्तानपुर पट्टी स्थित कर्बला में दंगल प्रतियोगिता का समापन चल रहा था। काशीपुर के पहलवान अवतार सिंह ने घोसीपुरा के पहलवान साहरुन को कुश्ती में हरा दिया, जिसके बाद हारे हुए पहलवान के भाई हारून ने जीते हुए पहलवान अवतार सिंह के पेट पर लात मार दी। इसको लेकर विवाद हो गया। माजिद ने लात मारने वाले को धक्का देकर पीछे हटाया। उसके बाद घोसीपुरा के लोगों ने हंगामा कर दिया। भीड़ में माजिद हुसैन को इन लोगों द्वारा घेर लिया गया। उसने अपनी आत्मरक्षा के लिए हवाई फायरिंग कर दी।

## चाइल्ड लाइन से दोस्ती के तहत किया जागरूक

- यातायात नियमों का पालन करने की अपील

भास्कर समाचार सेवा

**नैनीताल।** सरोवरनगरी में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सहयोग से 7 नवंबर से 14 नवंबर तक विमर्श संस्था के तत्वधान में चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत गांधी चौक तल्लीताल पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस क्षेत्राधिकारी नैनीताल विभा दीक्षित द्वारा किया गया। इस दौरान संस्था के सदस्यों और कॉलेज की छात्र छात्राओं द्वारा नशे और बिना हेलमेट तीन सवारी बिठाकर ड्राइविंग को लेकर जागरूक किया। सीओ दीक्षित ने कहा कि विमर्श संस्था द्वारा चाइल्ड लाइन दोस्ती सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसमें नशे और बिना हेलमेट तीन सवारी बिठाकर वाहन चलाने को लेकर जागरूक किया गया। आज देश में सबसे ज्यादा मौतें यातायात नियमों का उल्लंघन के कारण हो रही हैं, जिसे अंकुश लगाने के लिए स्वयं प्रयास करना होगा।




### कार्यालय नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा

पत्रांक /462/30-1 (विज्ञापन) / 2022-23 दिनांक 01-11-22

**राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर शुभकामना सन्देश**

अल्मोड़ा नगर की जनता से विनम्र अनुरोध है कि अल्मोड़ा नगर को साफ और सुन्दर बनाये रखने में सहयोग प्रदान करें। कृपया निम्न बातों पर अवश्य ध्यान दें-

1- पॉलीथीन एवं डिस्पोजल आइटम का कतई प्रयोग न करें। पकड़े जाने पर रुपया 5,000/- तक जुर्माना वसूला जायेगा । 2- कूड़ा केवल नियत स्थानों पर ही डालें।
3- गीला कूड़ा अलग-अलग डस्टबिनों में रखें । 4- कूड़ा कतई न जलायें।
5- पालिका करों का समय से भुगतान करें। 6-शहर में अपने जानवरों को आवारा न छोड़े।
7- बाजार मार्गों गलियों व मुहल्लों एवं नाले व नालियों के ऊपर कहीं भी अतिक्रमण न करें।
8- पालिका को यूजर चार्ज का नियमित भुगतान करें।

**(स्वच्छ अल्मोड़ा सुन्दर अल्मोड़ा )**

(भरत त्रिपाठी) अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा।
(प्रकाश चन्द्र जोशी) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा।

**सभासदगण,**

सर्वश्री 1. श्रीमती दीपा साह, सेलाखोला वार्ड 2. श्रीमती तरन्नुम बी. रामशिला वार्ड 3. श्री मनोज जोशी, बदेश्वर वार्ड 4. श्री सौरभ वर्मा एन0टी0टी0 5- श्री विजय पाण्डे, त्रिपुरासुन्दरी वार्ड 6- श्री अमित साह, लक्ष्मेश्वर वार्ड 7. श्रीमती दीप्ति सोनकर, मुरलीमनोहर वार्ड - 8. श्री जगमोहन बिष्ट, बालेश्वर वार्ड - 9. श्री हेमचन्द्र तिवारी, विवेकानन्दपुरी वार्ड 10. श्री सचिन आर्या राजपुर वार्ड 11. श्री राजेन्द्र तिवारी नन्दादेवी वार्ड 12. श्रीमती रेखा अल्मियाँ रेलापाली वार्ड 13. श्रीमती आशा रावत, दुगालखोला वार्ड 14. दीपक वर्मा शासन द्वारा नामित सदस्य, 15- श्री अर्जुन बिष्ट शासन द्वारा नामित सदस्य।

**एवं समस्त कर्मचारी नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा**


काबीना मंत्री गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सिंह सभा पहुंचकर लिया आशीर्वाद, आदर्शों और शिक्षाओं पर चलने का किया आह्वान

## गुरुनानक देव ने छुआछूत और पाखंड का किया विरोध: आर्य

भास्कर समाचार सेवा

**रुद्रपुर।** कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने सिख धर्म के संस्थापक और प्रथम गुरु गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में रुद्रपुर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सिंह सभा पहुंच आशीर्वाद लिया। साथ ही प्रसाद ग्रहण कर सेवा कार्य किया।

उन्होंने कहा कि सिखों के प्रथम गुरू श्री गुरूनानक देव ने छूआछूत, अंधविश्वास और पाखंड को दूर कर प्रेम, एकता, समानता तथा आपसी भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने अंधविश्वास एवं सामाजिक बुराइयों के प्रति विरोध करते हुए समाज सुधार का काम किया। प्रकाश पर्व के रूप में मनाए जाने वाला यह अवसर हमें अंधियारे से उजियारे की ओर आगे बढ़ाने का संदेश देता है। उन्होंने इस दौरान सभी प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि हमें इस पावन अवसर पर गुरूनानक देव के संदेशों को आत्मसात कर जनकल्याण तथा देश-प्रदेश की उन्नति में भागीदारी निभाने का संकल्प लेना चाहिए। इस दौरान गुरुद्वारा सभा द्वारा रक्तदान का शिविर भी लगाया गया, जिसका लाभ संस्था जरूरतमंद लोगों को निशुल्क उपलब्ध कराती है। इस अवसर पर रुद्रपुर के पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, विधायक प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर, वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ, मोहित कक्कड़, प्रधान गुरुद्वारा समिति जसपाल भट्टी, संरक्षक सुरमुख सिंह, सचिव मंजीत भक्कड़ आदि मौजूद रहे।


रुद्रपुर गुरुद्वारे में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य व अन्य भाजपा के पदाधिकारी गुरुद्वारे के पदाधिकारियों के साथ।

### रेखा आर्य और ठुकराल को सरोपा भेंट कर किया स्वागत

**रुद्रपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा रुद्रपुर द्वारा आयोजित गुरु नानक जयंती के उपलक्ष में उत्तराखंड की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य एवं पूर्व विधायक



राजकुमार ठुकराल ने गुरुद्वारे पहुंचकर मत्था टेका एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुद्वारा सिंह सभा कमेटी ने दोनों को सरोपा भेंट कर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि गुरु नानक देव ने जो संदेश दिया, उनको हर व्यक्ति को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। हम सब उस ईश्वर की संतान हैं और ऐसे पावन पर्व पर हमें आपसी सौहार्द का भी एक संदेश देना चाहिए।


### कार्यालय कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी लोहाघाट

पत्रांकः कु०भू०स०अ० लो०/भण्डार/विज्ञा० / 439 /20122-23 /दिनांक 07/11/2022

**राज्य स्थापना दिवस पर क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ**

**कृषि एवं भूमि संरक्षण इकाई, लोहाघाट (चम्पावत)**

**वर्षा जल अनमोल है, मिट्टी स्वर्ग समान ।**
**इनके समुचित प्रबन्ध से हो मानव कल्याण ।।**

जनपद चम्पावत के अन्तर्गत 24 न्याय पंचायतों में प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर कृषि निवेश केन्द्रों में उन्नत प्रजाति के बीज उपलब्ध है, अनुमन्य अनुदान पर कृषक बन्धु उक्त को प्राप्त कर लाभ उठायें। किसान क्रेडिट कार्ड अनिवार्यतः सभी किसान भाई बना कर लाभ उठाये।

**कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, लोहाघाट।**
**मुख्य कृषि अधिकारी, चम्पावत।**

page-7 page 1 08-Nov-22 10:22 PM Page 1

आज ही के दिन 2005 में फ्रांस में आपातकाल घोषित किया गया था।



# वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और युवाओं को जोड़ने का होगा प्रयासः बहुगुणा

- जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर रमेयश बहुगुणा का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

भास्कर समाचार सेवा

**अल्मोड़ा।** प्रदेश नेतृत्व द्वारा अल्मोड़ा जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी रमेश बहुगुणा को सौंपने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। जिलाध्यक्ष बनने पर उनके घर मे बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।



रमेश बहुगुणा ने इस जिम्मेदारी के लिए प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह संगठन को और अधिक मजबूत कर आगामी 2024 में अपना परचम लहराएंगे। बीजेपी का संगठन पहले से ही मजबूत है, लेकिन वह संगठन को और अधिक मजबूत करने का काम करेंगे। इसके लिए वह संगठन के पुराने और उम्रदराज कार्यकर्ताओं के घर-घर जाकर उनसे मुलाकात करेंगे। साथ ही जो कार्यकर्ता किसी कारण से निष्क्रिय पड़े हैं, उन्हें फिर से सक्रिय करने का काम किया जाएगा। साथ ही युवाओं को ज्यादा से ज्यादा पार्टी से जोड़कर संगठन को मजबूती देने का काम किया जाएगा।

बहुगुणा ने कहा कि 2024 में पीएम मोदी को मजबूत करने के लिए अल्मोड़ा समेत प्रदेश की सभी 5 लोकसभा सीटों पर बीजेपी फिर से अपना विजय परचम लहराएगी। प्रदेश नेतृत्व द्वारा जल्द ही जिले की नई टीम की घोषणा होगी।

# प्राथमिकता से जनता की सभी समस्याएं सुनें कार्यकर्ताः जिंदल

- नव मनोनीत जिलाध्यक्ष का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

भास्कर समाचार सेवा

**किच्छा।** भाजपा कार्यकर्ताओं को जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुनते हुए उसके निस्तारण के लिए हरसंभव प्रयास करना चाहिए। उक्त वक्तव्य भाजपा के नव मनोनीत जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के आवास पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहे। स्वागत कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि कमल जिंदल छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय हैं। पार्टी के छोटे बड़े जिम्मेदारियों को निभाते हुए उन्होंने हमेशा पार्टी के सच्चे सिपाही के रूप में कार्य किया है। उनके जिलाध्यक्ष बनने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन मनमोहन सक्सेना ने किया। स्वागत कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता कुंदन लाल खुराना, धर्मराज जायसवाल, विवेक राय, संदीप अरोरा, धीरेंद्र प्रताप सिंह, मुकेश कोली, बंटी खुराना, हरविंदर चुघ आदि थे।



शुक्ला के आवास पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम के दौरान भाजपा पदाधिकारी।



" भाजपा जिलाध्यक्ष पद पर कमल जिंदल के मनोनयन पर भाजपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि कुलदीप बग्गा ने जारी बयान में कहा कि जिंदल के मनोनयन से भाजपा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार दिख रहा है। उन्होंने पार्टी के लिए जमीनी स्तर से शीर्ष नेतृत्व के साथ तालमेल बिठाकर निरंतर कार्य किया है। वह कार्यकर्ताओं के बीच लोकप्रिय होने के साथ-साथ पार्टी पदाधिकारियो की भावनाओं को बेहतर ढंग से जानते है, जिससे आगामी समय में पार्टी स्थानीय स्तर पर सर्वाधिक मजबूत होगी।



" **किच्छा।** भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक राय ने कहा कि भाजपा हमेशा युवाओं को साथ लेकर चलने का काम करती है, ऐसे में पार्टी प्रदेश नेतृत्व द्वारा युवाओं की पहली पसंद के रूप में जिलाध्यक्ष के पद पर कमल जिंदल को मनोनीत करने का फैसला लेना साबित करता है कि भाजपा प्रदेश में नहीं, बल्कि स्थानीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन के साथ-साथ युवाओं को भी संगठन से जोड़ने के लिए हर स्तर पर प्रयास में जुटी है। उन्होंने जिंदल के मनोनयन पर खुशी जाहिर करते हुए पार्टी शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया।



" नगरपालिका से नामित सभासद राजीव सक्सेना ने जारी बयान में कहा कि भाजपा पूर्व ही जिले से कांग्रेस का सूपड़ा साफ किए हुए है। ऐसे में कमल जिंदल को जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत कर भाजपा ने ब्रह्मास्त्र चलाने का काम किया है। जिंदल युवाओं के बीच लोकप्रिय चेहरा रहे हैं तथा युवाओं के साथ उनका सीधा संवाद करने के चलते पार्टी में युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी।

## सारसुर्खियां

### 300 छात्रों को मिलेगा निशुल्क कोर्स

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के निर्धन और गरीब परिवारों के छात्रों के लिए सीआईएमएस और यूआईएचएमटी ग्रुप ऑफ कॉलेज 300 छात्रों को उच्च शिक्षा के मुक्त कोर्स कराएगा। हल्द्वानी में क्यूट के चेयरमैन ललित जोशी और हिंदी सिनेमा के अभिनेता हेमंत पांडे ने प्रेस वार्ता करते हुए जानकारी दी। सीआईएमएस एंड यूआईएचएमटी ग्रुप ऑफ कॉलेज द्वारा इंस्टीट्यूट की वेबसाइट में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू किए गए हैं, जिनमें 10 से ज्यादा कोर्सेज में छात्र मुक्त लाभ उठा पाएंगे। 30 नवंबर तक रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन की तारीख रखी गई है।

### हर्षोल्लास से मनाया कार्तिक पूर्णिमा पर्व

**कालागढ़।** हर वर्ष की भांति इस बार भी कार्तिक पूर्णिमा पर्व जोर शोर से मनाया गया। मेले में श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर दान पुण्य किया। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर मेले लगी दुकानों से खरीदारी की।

# दीपोत्सव से युवाओं में आई नई जागृति

## पुरस्कार वितरण के साथ हुआ पांच दिवसीय महोत्सव, कई शैक्षिक व सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित

भास्कर समाचार सेवा

**देवीधुरा।** बाराही धाम देवीधुरा में चल रहे बाराही दीपोत्सव का भव्य व दिव्य समारोह में पुरस्कार वितरण के साथ समापन किया गया। पांच दिवसीय दीपोत्सव के दौरान कलाकारों द्वारा यहां रोज झांकियां निकालने के साथ पूरे धाम को दीपों से रोशन किया गया था। इस दौरान बाराही धाम समेत क्षेत्र के विद्यालयों की तमाम शैक्षिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।स्कूली बच्चों द्वारा जहां बाहर से आए कलाकारों की प्रतिभाओं को अंगीकार किया गया, वहीं उनसे अपनी प्रतिभा का भी लोहा मनवाया।

पाटी के उप जिलाधिकारी अनिल चनियाल ने बतौर मुख्य अतिथि आयोजकों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि बाराही दीपोत्सव ने यह संदेश दिया है कि यहां के युवा संगठित होकर किसी भी असंभव कार्य को संभव करने में सक्षम हैं। विशिष्ट अतिथि गीतांजलि सेवा समिति के अध्यक्ष सतीश चंद्र पांडेय ने कहा कि बाराही धाम के युवाओं में नव जागृति आई है। उनके प्रयास इतने साकार हुए हैं कि अब यह धाम बग्वाल मेले के साथ बाराही दीपोत्सव के लिए भी विख्यात हो गया है।

उन्होंने आयोजन समिति को निकट भविष्य में पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख सुमन लता का आयोजन समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया। दीपोत्सव में हुई रस्साकशी प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही। दीपोत्सव में ऐसे एक लाख दीप प्रज्वलित किए गए, जो लोगों को सामाजिक विकृतियों अंधकार व अहंकार से दूर कर सकें। महोत्सव की पूर्व संध्या में यहां माया उपाध्याय की स्टार नाइट रही, जिसमें दर्शकों ने अपनी भारी उपस्थित देकर उनका उत्साहवर्धन किया। समापन समारोह के अवसर पर सभी प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे छात्र छात्राओं को विशिष्ट अतिथि समेत ब्लाक प्रमुख सुमन लता, लक्ष्मी दत्त जोशी, राजू बिष्ट, त्रिभुवन चम्याल, दिनेश चम्याल, गिरीश सिंह वाल, दीपक चम्याल, विनोद कठायत, ग्राम प्रधान ईश्वर बिष्ट आदि ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। संचालन विक्रम कठायत ने किया।



रस्साकशी में जीत के लिए दमखम दिखाते प्रतियोगी।

### अगले वर्ष जलेंगे दो लाख दीप

आगामी वर्ष यहां दीपोत्सव को और भव्य बनाने के साथ दो लाख दीप जलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सभी ने युवाओं के द्वारा आयोजित इस प्रयास की काफी सराहना की। दीपोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रवीण जोशी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# लगातार कर्ज में डूबता जा रहा उत्तराखंडः आर्य

- सरकार पर बरसे नेता प्रतिपक्ष, बढ़ते ऋण का समाधान नहीं ढूंढ़ सकी सरकार

भास्कर समाचार सेवा

**नैनीताल।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए राज्य सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि जिस उत्तराखंड का सपना राज्य आंदोलनकारियों ने देखा था, वह आज तक पूरा नहीं हो पाया है। उत्तराखंड राज्य गठन के पीछे दो सदियों का संघर्ष है। कई राज्य आंदोलकारियों की शहादत है, जिसके बदौलत आज उत्तराखंड अपने अस्तित्व में आया है, लेकिन अभी भी उनके सपनों का उत्तराखंड अधूरा है। राज्य की मूल अवधारणा के प्रश्न हमारे सामने आज भी वैसे ही खड़े है।



उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में लगातार घट रही उत्पादकता और बढ़ रहे खर्च के बदौलत आज प्रदेश लगातार कर्ज में डूबता जा रहा है, जिसका सरकार अभी तक स्थाई समाधान नहीं ढूंढ पाई है। आज यह स्थिति है कि हर महीने सरकार को 200 से 300 करोड़ रुपये तक का ऋण बाजार से उठाना पड़ता है। उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में महिलाओं की स्थिति बेहद चिंताजनक आज भी बनी है। आज भी उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ी-लिखी ग्रेजुएट बेटियां घास काटते और गांव में घर का काम करते नजर आती हैं। इसका मूल कारण महिलाओं के रोजगार को लेकर सरकार ने कोई बड़े कदम नहीं उठाए।पहाड़ी इलाकों से पलायन राज्य का एक बड़ा नासूर बन चुका है। सरकार पलायन पर नकेल लगाने में नाकाम साबित हुई है।

# चार दिवसीय खेल महाकुंभ का आगाज

भास्कर समाचार सेवा

**बेरीनाग।** युवा कल्याण शिक्षा पंचायती राज विभाग के द्वारा चार दिवसीय ब्लाक स्तरीय खेल महाकुंभ बेरीनाग महाविद्यालय के खेल मैदान में शुरू हो गया है पहले दिन अंडर 14 वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन ब्लाक प्रमुख बेरीनाग विनीता बाफिला ने किया।

उन्होंने कहा कि खेल को हमेशा खेल भावना से खेलते हुए क्षेत्र का नाम रोशन करना चाहिए। प्रदेश सरकार द्वारा लगातार खेल सुविधा को बढ़ावा दिया जा रहा है। खेल में स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति भी दी जा रही है। 600मीटर दौड बालिका वर्ग में रिया, खूशबू, शीतल और बालक वर्ग में हिमांशु, योगेश, राजेंद्र ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। खो-खो बालक वर्ग में भुवनेश्वर विजेता और राईगढ़स्यारी न्याय पंचायत उप विजेता, कबड्डी बालिका वर्ग में राईगढ़स्यारी विजेता और उप विजेता लोहाथल रहे।

प्रतियोगिता में बैडमिंटन, वॉलीबॉल, फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इससे पूर्व खिलाड़ियों ने शानदार मार्च पास्ट किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि चारू पंत, थानाध्यक्ष हेम चंद्र तिवारी, खंड शिक्षा अधिकारी तरूण पंत, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी दीपक मेहता, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता प्रदीप महरा आदि मौजूद थे। समापन राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भंडारी ने किया और प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार और प्रमाणपत्र वितरित किए।




विजेता खिलाड़ियों के साथ अतिथिगण।

# 22 वर्षों बाद भी अधूरे हैं शहीदों के सपनेः भट्ट

- तीन सूत्रीय मांगों पर होगी आरपार की लड़ाई

भास्कर समाचार सेवा

**हल्द्वानी।** राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर स्वराज हिंद फौज के संस्थापक एवं केंद्रीय अध्यक्ष तथा राज्य आंदोलनकारी सुशील भट्ट ने कहा कि जिन सपनों को लेकर राज्य निर्माण की लड़ाई लड़ी गई, शहीद आंदोलनकारियों के वे सपने आज भी अधूरे हैं।

कई वर्षों के लंबे संघर्ष और बलिदानों के बाद आखिरकार 9 नवंबर 2000 को भारत के सत्ताइसवें राज्य के रूप में उत्तराखंड को अलग राज्य का दर्जा मिला। जिन लोगों ने राज्य आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाई, दिल्ली की रैलियों में भागीदारी की व गिरफ्तारी दी, इसके बावजूद वे लोग आज भी चिन्हीकरण से वंचित हैं। कई लोग ऐसे हैं, जिनको राज्य आंदोलन के विषय मे कोई जानकारी तक नहीं है और वे राज्य आंदोलनकारी घोषित हैं। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि जल्द ही स्वराज हिंद फौज राज्य आंदोलनकारियों को साथ लेकर 3 सूत्रीय मांगों पर सरकार से आरपार की लड़ाई लड़ने की रणनीति तय करेगी। इसमें राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन कम से कम 10 हजार रुपए प्रतिमाह करने और हल्द्वानी, रामनगर, अल्मोड़ा आदि में कम से कम एक-एक पार्क, जिसमें सभी आंदोलनकारियों के नाम के शिलापट्ट हों आदि की मांग की जाएगी।

# सभी थाना प्रभारी कॉलोनाइजर पर रखें सख्त नजरः मंजूनाथ

- एसएसपी ऊधमसिंहनगर ने अपराधों की समीक्षा गोष्ठी में दिए सख्त दिशा-निर्देश

भास्कर समाचार सेवा

**रुद्रपुर।** जिले के कप्तान मंजूनाथ टीसी ने मंगलवार को अपराधों की समीक्षा गोष्ठी के दौरान सभी थाना प्रभारी और चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जो भी नई कॉलोनी बन रही हैं, उनके कॉलोनाइजर पर सख्त नजर रखें और हर कॉलोनी में सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। हर कॉलोनाइजर के साथ समीक्षा बैठक करके कॉलोनी के प्रवेश द्वार एवं मुख्य रास्तों और कॉलोनी के भीतर सीसीटीवी कैमरे एवं सुरक्षा कर्मियों की तैनाती होनी चाहिए।



रुद्रपुर में अपराध समीक्षा बैठक लेते एसएसपी मंजूनाथ टीसी।

उन्होंने कहा लोगों को एक सुरक्षित माहौल देना है, इसलिए पुलिस इस दिशा में बिल्कुल भी हीला हवाली न करें और इसे पूरी सख्ताई के साथ इसका पालन किया जाना चाहिए। गोष्ठी के माध्यम से एसएसपी ने संपत्ति से जुड़े विवादों की समीक्षा भी की। उन्होने बताया कि प्रायः देखा जा रहा है कि नई नई कॉलोनियां बन रहीं हैं, लेकिन कहीं पर भी सुरक्षा हेतु कोई भी कैमरा नहीं है। इसलिए सभी थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि कॉलोनाइजर की मीटिंग लेकर कॉलोनी में बसने वाले लोगों की सुरक्षा व उनकी संपत्ति की सुरक्षा हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। यदि कोई कॉलोनाइजर इसमें लापरवाही करता है, कैमरा नहीं लगाता है या कॉलोनी में पर्याप्त संख्या में आईपी बेस कैमरा लगाकर कंट्रोल रूम में लिंक नही करवाता है तो संबंधित के विरुद्ध 81 पुलिस एक्ट, आईपीसी व अन्य सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की जाएगी।

## सामिआ लेक सिटी की खूबसूरत वादियों में की गई शूटिंग, ब्रलिएंट एकेडमी के छात्रों के बीच हुआ प्रदर्शन

# कुमाऊंनी लव सांग 'रास्ता प्यार का' का टीजर और पोस्टर रिलीज

भास्कर समाचार सेवा

**रुद्रपुर।** हर्ष जन्नत प्रोडक्शन एवं टॉक ऑफ द टाऊन म्यूजिक के बैनर तले बने कुमाऊंनी सांग 'रास्ता प्यार का' का टीजर और पोस्टर कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं वरिष्ठ समाजसेवी परिमल राय द्वारा ब्रिलिएंट एकेडमी के सभागार में रिलीज किया गया। टीजर को एकेडमी के छात्र-छात्राओं एवं एकेडमी के स्टाफ ने देखा और उसकी प्रशंसा की। गाने के डायरेक्टर नाहिद खान ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी इस गाने का टीजर और पोस्टर रिलीज किया गया है। पूरा गाना 20 नवंबर को रिलीज होगा। इस गाने की रिकॉर्डिंग मुंबई बॉलीवुड स्टूडियो में की गई है। कुमाऊंनी गाने को बॉलीवुड अंदाज की तरह गाया गया है। इस गाने को रुद्रपुर के प्रसिद्ध गीतकार शेखर अधिकारी द्वारा लिखा गया है,जबकि इस गाने को बॉलीवुड सिंगर उज्जवल सिंह ने अपनी मधुर आवाज दी है। संगीत बॉलीवुड के मशहूर म्यूजिक कंपोजर मधुमय शर्मा ने दिया है, जिनका संगीत दर्जनों बॉलीवुड फिल्मो में अपनी धूम मचा रहा है। इस गाने को सामिआ लेक सिटी की खूबसूरत लोकेशन पर फिल्माया गया है, इस गाने में मुख्य भूमिका हिमांशु रस्तोगी और मेघा विश्वास ने निभाई है, जबकि सहायक भूमिका में दिवाकर बिष्ट ने निभाई है। गाने का फिल्मांकन युवा उभरते डीओपी चंदन गौतम द्वारा किया गया है। गाने की एडिटिंग और पोस्टर डिजाइन अंसार अहमद द्वारा किया गया है। गाने की स्टोरी हर्ष जन्नत प्रोडक्शन के पार्टनर एवं एक्टर हिमांशु तिवारी द्वारा लिखी गई है। गाने में विशेष सहयोग परिमल राय एवं बलदेव सिंह रंधावा द्वारा दिया गया है। टॉक ऑफ द टाऊन म्यूजिक के प्रोडयूसर संदीप सुखीजा ने बताया कि कुमाऊंनी संगीत को अलग अंदाज में पेश किया गया है। ऐसा संगीत सिर्फ बॉलीवुड में ही होता है। हमारा प्रयोग कामयाब रहा तो इससे भी बेहतर करने की कोशिश करेंगे। उम्मीद है लोगों को यह लव सांग पसंद आएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि परिमल राय, बुलबुल राय, दुर्जन लाल कश्यप, रोहित सिंह, गौतम कुमार आदि मौजूद थे।




कुमाऊंनी लव सांग के पोस्टर रिलीज के दौरान मुख्य अतिथि।

# अवनीत ने पास की यूजीसी में जूनियर रिसर्च फेलोशिप की पात्रता

**किच्छा।** यूजीसी-राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण कर अवनीत कौर ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित यूजीसी-राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा जूनियर रिसर्च फेलोशिप की पात्रता प्राप्त हासिल की है।



पिता राजू बेदी व माता सतनाम कौर ने अपनी पुत्री की इस सफलता पर अत्यंत हर्ष प्रकट किया। अवनीत ने बताया कि परीक्षा की तैयारी के लिए उनकी बड़ी बहन हरनीत कौर ने उन्हें प्रेरित किया व उनकी मित्र अंजना श्रीवास्तव, दीक्षा सक्सेना, पूजा श्रीवास्तव व मार्गदर्शक डॉ. शिवकुमार मित्तल को दिया। इस दौरान बधाई देने वालो में लविन बेदी, जसमान बेदी, रमेश चंद्र, गंगा देवी, दुर्गा सहाय, राजकुमारी देवी आदि शामिल रहे।

# सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाएगा हाइब्रिड एप

- जिलाधिकारी ने ली जिलास्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

भास्कर समाचार सेवा

**पौड़ी।** जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कलक्ट्रेट सभागार में जिलास्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। शादी समारोह में वाहन दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिलाधिकारी ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को एक हाइब्रिड एप तैयार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही शहरों व नगर क्षेत्रों के आंतरिक मोटर मार्गो पर पॉकेट पार्किंग हेतु स्थानों का चयन करने के निर्देश लोनिवि व निकायों के अधिकारियों को दिए।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते हुए जिलाधिकारी ने जनपद के प्रमुख शहरों व नगरों में पॉकेट पार्किंग के लिए स्थलों का चयन करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। गौरतलब है कि पॉकेट पार्किंग सड़क के वह किनारे हैं, जो कि पीले रंग की पट्टी द्वारा सूचित होते हैं। वाहन इसी पट्टी के अंदर की तरफ खड़े किए जाते हैं, ताकि यातायात निर्बाध रूप से चलता रहे। शादी समारोहों में शराब पीकर वाहन चलाने से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिलाधिकारी ने जिला सूचना विज्ञान अधिकारी व एआरटीओ को एक हाइब्रिड एप तैयार करने के निर्देश दिए हैं, जिसके माध्यम से शादी में उपयोग किए जाने वाले वाहन को पंजीकरण, वाहन की स्थिति व अवस्था, वाहन चालक द्वारा संचालन के दौरान मदिरा का सेवन न करने जैसी शर्तो को शामिल किया जाएगा।

page-8_page 1 08-Nov-22 10:17 PM Page 1



# संवाद

आज ही के दिन 1887 में अमेरिका को पर्ल हार्बर हवाई के अधिकार मिले थे।

## इजरायल में भारत के मित्र की वापसी

इजरायल की भौगोलिक स्थिति संवेदनशील है। राजनीतिक अस्थिरता और कमजोर नेतृत्व से उसकी परेशानी बढ़ती है। इस तथ्य को वहां के लोगों ने समझा है। इसके चलते राजनीतिक संक्रमण काल का समापन हुआ। बेंजामिन नेतान्याहू की एक बार फिर सत्ता में वापसी हुई। पहले भी वह प्रधानमंत्री के रूप में इजरायल को मजबूत नेतृत्व प्रदान कर चुके हैं। फिलिस्तीन आतंकी संगठन हमास के हिंसक मंसूबों को वह नाकाम करते रहे है। इजरायल की एकता, अखंडता और सम्मान को बनाये रखने की उनमें दृढ़ इच्छाशक्ति रही है। फिर भी इसे इजरायल का आंतरिक मसला कहा जा सकता है। लेकिन नेतान्याहू का पुनः प्रधानमंत्री बनना भारत के भी हित में है। उन्होंने भारत की भौगोलिक स्थिति को समझा है। उसके अनुरूप विदेश नीति निर्धारित करने का साहस दिखाया है। पाकिस्तान और चीन भारत के पड़ोसी हैं। इनकी फितरत जगजाहिर है। पाकिस्तान में आतंकी संगठनों को संरक्षण और प्रशिक्षण मिलता है। चीन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान का बचाव करता है। इस संदर्भ में नेतान्याहू ने अपने पिछले कार्यकाल में भारत को खुला समर्थन दिया था। उनका कहना था कि चीन और पाकिस्तान के विरोध में भारत के प्रत्येक कदम का इजरायल समर्थन करेगा। इतना ही नहीं आतंकवाद से मुकाबले के लिए इजरायल सामरिक सहायता देने पर भी सहमत हुआ था। वस्तुतः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से इजरायल के साथ भारत के संबंध बहुत मजबूत हुए हैं। नेतन्याहू इजरायल के सर्वाधिक समय तक प्रधानमंत्री रहे हैं, जिन्होंने लगातार बारह वर्षों तक और कुल मिलाकर पंद्रह वर्षों तक देश पर शासन किया। उन्हें पिछले साल अल्पमत में आने के बाद सत्ता से हटना पड़ा था। बेंजामिन नेतान्याहू की लिकुड पार्टी के गठबन्धन को बहुमत मिल गया है। यायर लैपिड की येश अतीद पार्टी, रिलीजियस जियोनिज्म, नेशनल यूनिटी, शास और यूनाइटेड टोरा जुदाइस्म के गठबंधन को पराजय का सामना करना पड़। इजरायल में पिछले चार चुनाव में किसी को स्पष्ट जनादेश नहीं मिला था। वस्तुतः नरेन्द्र मोदी ने भारतीय विदेश नीति में नया अध्याय जोड़ा था। इजरायल की यात्रा करने वाले वह पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उस यात्रा के दौरान हुए सात समझौतों ने सात दशक की कसर पूरी कर दी थी। दूरियां नजदीकियां बन गईं। जल, थल और नभ तक सहयोग का विस्तार हो गया। यह सामान्य यात्रा नहीं थी। भारतीय राजनीति को देखते हुए इस संबंध में निर्णय करना आसान नहीं था। इसके लिए इच्छाशक्ति व साहस की जरूरत थी। मुसीबत में साथ देने वाले को सच्चा मित्र माना जाता है। निजी जीवन की ऐसी अनेक बातें विदेश सम्बन्धों पर लागू होती हैं। रिश्तों में गर्मजोशी न होने के बावजूद पाकिस्तान के हमलों के समय उसने हमेशा भारत का साथ दिया।

## टीम इंडिया का 'सूर्योदय'

सूर्यकुमार यादव अंतरराष्ट्रीय और भारतीय क्रिकेट के नए 'मास्टर ब्लास्टर' हैं। उनकी तुलना दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज रहे एबी डिबिलियर्स से की जाने लगी है, क्योंकि वह मैदान पर 360 डिग्री की बल्लेबाजी करने में सक्षम हैं। यानी मैदान पर चारों तरफ शॉट्स खेलने में माहिर हो गए हैं। उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में थोड़ा ही समय हुआ है, लेकिन क्षितिज पर उभरते वह ऐसे बल्लेबाज हैं, जो आज आईसीसी रैंकिंग में 'नंबर वन' हैं। इस साल सूर्यकुमार इकलौते ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने 1026 रन ठोंके हैं। वह टी-20 क्रिकेट में शतक भी जमा चुके हैं और अद्र्धशतकों की गिनती हर मुकाबले के साथ बढ़ रही है। युवराज और केएल राहुल के बाद, सबसे तेज अर्द्धशतक बनाने वाले, वह तीसरे बल्लेबाज हैं। आज सूर्यकुमार उस मुकाम पर हैं, जहां कभी सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली ने लंबे वक्त तक अपना वर्चस्व कायम रखा था। रोहित शर्मा भी उसी जमात के बल्लेबाज हैं, हालांकि आजकल वह लंबी, ठोस पारियां खेलने में नाकाम साबित हो रहे हैं। यदि 2016 के बाद आज टीम इंडिया विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची है, तो उसमें करीब 60 फीसदी भूमिका 'विराट-सूर्य' ने निभाई है। दोनों ने 471 रन बनाए हैं और टीम के कुल 9 में से 6 अर्द्धशतक भी ठोंके हैं। 'विराट-सूर्य' तीन-तीन अद्र्धशतक बना चुके हैं और 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का ताज पहनने की दौड़ में सबसे आगे हैं। भारत की पराजित होती पारी को, अंततः, जिताने में 'विराट-सूर्य' की ब्लास्ट पारियों का योगदान रहा है। तीन ओवर में 48 रन अथवा पांच ओवर में 79 रन कोई सामान्य बल्लेबाजी नहीं है। यह काम सिर्फ 'विराट-सूर्य' ने करके दिखाया है। 1983 में भारत को प्रथम विश्व कप जिताने वाले कप्तान कपिल देव कहते रहे हैं-'पहले अंतिम चार में पहुंचने का सूर्योदय देखो। उसे जीतने की पुरजोर कोशिश करो। अपनी कमियों की खुद समीक्षा करो। उसके बाद आप चैम्पियन बनने की दहलीज पर खड़े हो।' टीम इंडिया आज उसी दौर में है। जिस टीम में हारते-हारते जीतने का माद्दा हो, वही चैम्पियन बनने के मुकाम तक पहुंचने में सक्षम होती है। पाकिस्तान और बांग्लादेश के खिलाफ टीम इंडिया की जीत ऐसी थी मानो पराजय के जबड़ों से उसे खींच लाए हों! लिहाजा टीम इंडिया मुग़ालते में नहीं है कि सेमीफाइनल में उसका मुकाबला विश्व की 'नंबर दो' टीम इंग्लैंड से है, लेकिन यह भी नहीं भूलना चाहिए कि टीम इंडिया दुनिया की शेष क्रिकेट को पराजित कर 'नंबर वन' पर आसीन हुई है।

## प्रेरणाप्रद मोती



मनुष्य एक भटका हुआ देवता है। सही दिशा पर चल सके, तो उससे बढ़कर श्रेष्ठ और कोई नहीं।

**पं श्रीराम शर्मा आचार्य**
**(गायत्री परिवार)**

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन कार्य सफलता वाला रहेगा लेकिन आज आपको लक्ष्य बनाए कर कार्य करना पडेगा तभी सफलता निश्चित होगी।

**वृष :** आज का दिन बीते कुछ दिनों की अपेक्षा में राहत प्रदान करेगा। दिन का आरम्भ घर मे धार्मिक कार्यों से होगा इसके कारण चहल पहल भी रहेगी आध्यात्मिक पक्ष आज प्रबल रहेगा।

**मिथुन :** आज का दिन स्वास्थ्य के लीये हानि कारक रहेगा दिन के आरम्भ से ही सेहत में गिरावट अनुभव होगी।

कर्क : आज का दिन आप बेहतर रूप से व्यतीत करेंगे दिन के पूर्वार्ध में घर के किसी आवश्यक कार्य मे व्यस्त रहेंगे।

**सिंह :** आज का दिन भाग-दौड़ वाला रहेगा व्यस्तता के चलते शरीर की उपेक्षा बाद में भारी पड़ेगी लेकिन आशाजनक ना सही लाभ मिलते रहने से निराश नही होंगे।

**कन्या :** आज आपका स्वभाव संपर्क में आने वालों को आश्चर्य चकित करेगा। अपना मतलब साधने के लिये किसी की चापलूसी करने से भी परहेज नहीं करेंगे।

**तुला :** आज का दिन आपके लिये प्रतिकूल रहेगा। कार्य क्षेत्र पर धीमी गति से कार्य करने पर लोगो की आलोचना सुन्नी पड़ेगी।

**वृश्चिक :** आपके लिये आज का दिन शुभ रहेगा दिन के आरंभ में स्वास्थ्य चुस्त रहेगा मन मे धन संबंधित उलझन रहेगी।

**धनु :** आज के दिन आप मानसिक रूप से दुविधा में रहेंगे जिस भी कार्य को करने का प्रयास करेंगे।

**मकर :** आज आपका विवेकी व्यवहार कार्य क्षेत्र पर सम्मान दिलाएगा लेकिन घर के सदस्यों के प्रति सनकी मिजाज रहने के कारण आपसी मतभेद रहेंगे।

**कुंभ :** आज का दिन विषम परिस्थितियों वाला रहेगा मन मे बड़ी बड़ी योजनाए बनती रहेंगी लेकिन सहयोग की कमी और धन के अभाव के कारण इन्हें साकार नही कर पाएंगे।

**मीन :** आज के दिन आपके साथ आकस्मिक घटनाएं घटित होंगी इनका फल मिला जुला रहेगा। सामाजिक क्षेत्र पर सम्मान तो बढ़ेगा लेकिन किसी स्वयं जन के कारण शर्मिंदगी भी देखनी पड़ेगी।

# बड़ी जीत हासिल करने की तैयारी में भाजपा

चुनाव आयोग द्वारा गुजरात विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गयी हैं। किसी भी राष्ट्र एवं प्रांत के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का एक दिन। सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाती है। गुजरात की जनता इन चुनावों में किसको तिलक करेगी, यह भविष्य के गर्भ में है। भले ही 1995 से ही भाजपा लगातार मजबूती से चुनाव जीतती रही है, क्या इस बार भी वह यह इतिहास दोहरायेगी? कांग्रेस यहां सफल एवं सक्षम प्रतिद्वंद्वी रही है, पिछली बार सत्ता के करीब पहुंचने में वह एक बार फिर चूकी थी, क्या इस बार वह ऐसा कर पायेगी? आम आदमी पार्टी दिल्ली जैसा कोई चमत्कार घटित कर पायेगी?

इन सवालों के बीच मुख्य टक्कर तो इस बार भी भाजपा एवं कांग्रेस के बीच है, तीसरे मजबूत दल के अभाव को दूर करते हुए आम आदमी पार्टी अपनी उपस्थिति से भाजपा एवं कांग्रेस दोनों को ही कड़ी टक्कर दे रही है। दोनों ही दलों की इस बार राह कुछ ज्यादा कठिन जान पड़ती है, क्योंकि आप की सफल दस्तक से यहां का चुनावी समीकरण बदलता दिख रहा है, यह चुनाव त्रिकोणात्मक होता दिख रहा है। आप नेता अरविंद केजरीवाल कई महीनों से उग्र प्रचार कर रहे हैं, जिसका असर भी दिखने लगा है। झाड़ू लोगों का भरोसा जीत पाएगी या नहीं, यह कह पाना मुश्किल है। इस बार का चुनाव मजेदार होने के साथ संघर्षपूर्ण होगा, इसमें कोई सन्देह नहीं है। चुनावों का नतीजा अभी लोगों के दिमागों में है। मतपेटियां क्या राज खोलेंगी, यह समय के गर्भ में है। पर एक संदेश इस चुनाव से मिलेगा कि अधिकार प्राप्त एक ही व्यक्ति अगर ठान ले तो अनुशासनहीनता एवं भ्रष्टाचार की नकेल डाली जा सकती है। लोगों का विश्वास जीता जा सकता है। सुशासन स्थापित किया जा सकता है।



**182 विधानसभा सीटों की यह विधानसभा क्या एक बार फिर भाजपा को सत्ता पर बिठायेगी? यह प्रश्न राजनीतिक गलियारों में सर्वाधिक चर्चा में है। भले ही त्रिकोणात्मक परिदृश्यों में भाजपा की राह भी संघर्षपूर्ण बन गयी है।**

**इस बार भी भाजपा एवं कांग्रेस के बीच है, तीसरे मजबूत दल के अभाव को दूर करते हुए आम आदमी पार्टी अपनी उपस्थिति से भाजपा एवं कांग्रेस दोनों को ही कड़ी टक्कर दे रही है। दोनों ही दलों की इस बार राह कुछ ज्यादा कठिन जान पड़ती है, क्योंकि आप की सफल दस्तक से यहां का चुनावी समीकरण बदलता दिख रहा है, यह चुनाव त्रिकोणात्मक होता दिख रहा है। आप नेता अरविंद केजरीवाल कई महीनों से उग्र प्रचार कर रहे हैं, जिसका असर भी दिखने लगा है। झाड़ू लोगों का भरोसा जीत पाएगी या नहीं, यह कह पाना मुश्किल है। इस बार का चुनाव मजेदार होने के साथ संघर्षपूर्ण होगा, इसमें कोई सन्देह नहीं है। चुनावों का नतीजा अभी लोगों के दिमागों में है। मतपेटियां क्या राज खोलेंगी।**

182 विधानसभा सीटों की यह विधानसभा क्या एक बार फिर भाजपा को सत्ता पर बिठायेगी? यह प्रश्न राजनीतिक गलियारों में सर्वाधिक चर्चा में है। भले ही त्रिकोणात्मक परिदृश्यों में भाजपा की राह भी संघर्षपूर्ण बन गयी है। क्योंकि इस बार के चुनाव नये परिवेश एवं नवीन स्थितियों के बीच त्रिकोणीय होंगे। यहां के पिछले उप-चुनाव भी त्रिकोणीय संघर्ष के संकेत दे रहे हैं। मगर इस संघर्ष में एक तरफ भाजपा है, तो दूसरी तरफ आप और कांग्रेस। मौजूदा स्थिति यही उजागर कर रही है कि यहां भाजपा व दूसरी पार्टियों के बीच सीधा मुकाबला है। यहां के मतदाता भाजपा, विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित हैं। इसीलिए नजर इस बात पर होगी कि गुजरात चुनावों में दूसरे और तीसरे पायदान पर कौन-सी पार्टी कब्जा करती है? भले ही स्थानीय निकाय के चुनावों में, खासकर सूरत के इलाकों में आप ने शानदार प्रदर्शन किया है, जिससे उसे नई ऊर्जा मिली है, मगर यह जोश जीत में कितना बदल पाएगा, इस बारे में अभी कुछ भी कहना मुश्किल है। पिछले विधानसभा चुनावों में भाजपा ने ढाई फीसदी वोट प्रतिशत का इजाफा करते हुए 41.4 प्रतिशत वोट के साथ स्पष्ट बहुमत से 7 सीटें अधिक लेकर 99 सीटें हासिल की एवं सरकार बनायी। उस समय भी मोदी के ही जादू ने असर दिखाया, जादू तो इस बार भी मोदी ही दिखायेंगे। लेकिन एक प्रभावी नेतृत्व एवं आपसी फूट के कारण भाजपा की स्थिति जटिल होती जा रही है। गुजरात में आदिवासी मतदाता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, आदिवासी समुदाय के मुद्दों की उपेक्षा एवं आदिवासी नेताओं की उदासीनता के कारण इस बार भी यह समुदाय नाराज दिख रहा है।

सीटों के बंटवारे के समय उचित एवं प्रभावी उम्मीदवारों का चयन करके इस नाराजगी को दूर किया जा सकता है। आदिवासी समुदाय ऐसा उम्मीदवार चाहता है जो उनके हितों की रक्षा करें एवं आदिवासी जीवन को उन्नत बनाये। इन दिनों आदिवासी संत गणि राजेन्द्र विजयजी का नाम भी उम्मीदवारों की सूची में होने की चर्चा है। ऐसे ही उम्मीदवारों से आदिवासी समुदाय के वोटों को प्रभावित किया जा सकता है। गुजरात चुनाव में मुद्दे तो बहुत से हैं। मुख्य मुद्दा तो मोरबी में हुआ पुल हादसा बन सकता है। जाहिर है, विपक्ष इसे चुनावी मुद्दा बनाकर भाजपा पर तीखे वार करेगा। यहां आम मतदाताओं में सत्तारुढ़ दल के प्रति कुछ असंतोष दिखाई देता है। खासकर पेंशन योजना को लेकर, क्योंकि यहां सरकारी कर्मचारियों की संख्या काफी ज्यादा है, जो चुनाव में तुलनात्मक रूप से कहीं ज्यादा असरकारक होते हैं। यही वजह है कि हर चुनाव में यहां सरकारी कर्मचारियों के मूड को भांपने का प्रयास किया जाता है।

**- ललित गर्ग**

# ऋषि सुनक के समक्ष आर्थिक चुनौतियां

भारतीय मूल के ऋषि सुनक द्वारा आर्थिक संकट से जूझ रहे इंग्लैंड के प्रधानमंत्री का दायित्व संभालते ही यह सवाल महत्वपूर्ण हो गया है कि इस संकट का ऋषि सुनक क्या हल निकालेंगे? पिछले महीनों में 27 प्रतिशत से ज्यादा गिरावट के साथ 26 सितंबर 2022 तक डॉलर के मुकाबले ब्रिटिश पाऊंड इतिहास में अभी तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया था। उसके बाद पिछले एक महीने में 6.5 प्रतिशत तक बेहतर हुआ है। इंग्लैंड के विदेशी मुद्रा भंडार, आज मात्र कुछ हफ्तों के आयातों के लिए ही पर्याप्त हैं। एक तरफ पाऊंड डालर के मुकाबले में लगातार गिर रहा है और बैंक ऑफ इंग्लैंड (केन्द्रीय बैंक) के लिए विदेशी मुद्रा भंडारों में भी आ रही गिरावट के चलते पाऊंड को और अधिक गिरने से बचाने में मुश्किल होता जा रहा है। 1976 में जब एक पाऊंड दो अमरीकी डालर के बराबर था और उसमें कमजोरी आ रही थी, तब इंग्लैंड ने अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष से 3.9 अरब डालर का ऋण लेकर उसे थामने की कोशिश की थी। लेकिन अब जब पाऊंड एक अमरीकी डालर की ओर आगे बढ़ रहा है। इंग्लैंड के पास ऐसा कर पाने का सामथ्र्य ही दिखाई नहीं दे रहा।

अर्थव्यवस्था में अगस्त माह तक जीडीपी 0.3 प्रतिशत की गिरावट रिकार्ड हो चुकी थी, जबकि अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के अनुमानों के अनुसार भी 2023 में जीडीपी ग्रोथ अधिक से अधिक 0.3 प्रतिशत की ही वृद्धि अपेक्षित है। इस वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी की ग्रोथ 0.7 प्रतिशत रही, जो दूसरी तिमाही में घटकर 0.2 प्रतिशत, जुलाई में 0.1 प्रतिशत और अगस्त में और घटते हुए ऋणात्मक 0.3 प्रतिशत हो गई थी, यानी अर्थव्यवस्था 0.3 प्रतिशत सिकुड़ गई। पिछले माह ब्रिटिश अर्थव्यवस्था में महंगाई की दर 10.1 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है और यूक्रेन युद्ध के चलते तेल और गैस की आपूर्ति बाधित होने के कारण ईंधन की कीमतें 3 गुणा तक बढ़ चुकी हैं। आगे आने वाली सर्दियों में ब्रिटेनवासी मुश्किलों का सामना करने के लिए बाध्य होंगे। समझा जा रहा है 30 प्रतिशत इंग्लैंड वासियों की बचत समाप्त हो चुकी है और सरकारी कर्ज भी, जीडीपी के 95 प्रतिशत तक पहुंच चुका है, जो एक रिकार्ड है। एक गैर सरकारी संस्थान का कहना है कि 50 सालों में यह सरकारी कर्ज जीडीपी के 320 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। प्रधानमंत्री के नाते चयनित होते ही ऋषि सुनक ने सीधे तौर पर कहा कि गंभीर संकट में फंसी अर्थव्यवस्था का समाधान उनकी पहली प्राथमिकता होगी। पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस द्वारा लिए गए निर्णयों के बारे में उन्होंने कहा कि गलतियां हुई हैं, लेकिन उनकी नीयत पर शक नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि उन्हें इन्हीं समस्याओं के समाधान हेतु चुना गया है।



उन्होंने यह भी कहा कि वे सरकार को ईमानदारी और पेशेवर तरीके से और जवाबदेही के साथ चलाएंगे। गौरतलब है कि पूर्व प्रधानमंत्री लिज़ ट्रस ने आयकर की दर घटाने और कमजोर वर्गों को राहत देने के उद्देश्य से बजट प्रावधान करने के कुछ निर्णय लिए थे, जिसके कारण सरकार द्वारा भारी कर्ज लेने का खतरा मंडराने लगा, जिसके चलते सरकार की साख इतनी अधिक प्रभावित हुई कि 26 सितंबर 2022 तक 30 वर्षीय बाँड की कमाई 4.95 प्रतिशत तक बढ़ गई थी। हालांकि इसके बाद इसमें सुधार होते हुए यह 3.75 प्रतिशत तक घट गई है। इसके कारण भविष्य में सरकारी उधार की लागत बढ़ने का अंदेशा हो गया था। सिकुड़ती अर्थव्यवस्था, बढ़ती महंगाई और राजस्व की बदतर होती स्थिति के चलते पूर्व प्रधानमंत्री ट्रस के इस्तीफे के बाद ऋषि सुनक के ऊपर एक बड़ा दायित्व आ गया है कि वो ब्रिटेन की डूबती नाव को पार ले जाने का काम करें। हालांकि 17 नवंबर को जब ऋषि सुनक अपनी आर्थिक नीतियों का खुलासा करेंगे तब स्थिति ज्यादा स्पष्ट हो सकेगी। लेकिन यह समझना होगा कि ऋषि सुनक के पास इस संबंध में क्या विकल्प हैं? लिज़ ट्रस ने अपने बजट में लोगों को महंगाई से राहत देने के लिए सरकारी करों में भारी रियायत देने की योजना प्रस्तुत की थी। उनका कहना था कि इससे आर्थिक विकास को गति मिलेगी और लोगों को मंहगाई से राहत।

**पिछले माह ब्रिटिश अर्थव्यवस्था में महंगाई की दर 10.1 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है और यूक्रेन युद्ध के चलते तेल और गैस की आपूर्ति बाधित होने के कारण ईंधन की कीमतें 3 गुणा तक बढ़ चुकी हैं। आगे आने वाली सर्दियों में ब्रिटेनवासी मुश्किलों का सामना करने के लिए बाध्य होंगे। समझा जा रहा है 30 प्रतिशत इंग्लैंड वासियों की बचत समाप्त हो चुकी है और सरकारी कर्ज भी, जीडीपी के 95 प्रतिशत तक पहुंच चुका है, जो एक रिकार्ड है। एक गैर सरकारी संस्थान का कहना है कि 50 सालों में यह सरकारी कर्ज जीडीपी के 320 प्रतिशत तक पहुंच सकता है।**

उन्होंने 45 अरब पाउंड की टैक्स कटौती की बात की थी। ऐसे में बाजारी शक्तियों ने इसे सही कदम नहीं मानाा और बाजार में अस्थिरता व्याप्त हो गई और वित्तीय मंदी के हालात पैदा हो गए। ऋषि सुनक ने लिज़ ट्रस को चेताया था कि वे खर्च पर लगाम लगाएं और करों में कटौती न करें। ऋषि सुनक का यह कहना है कि महंगाई से निकलने के लिए उधार का रास्ता अपनाना सही नहीं है। अब जब पहले कंजर्वेटिव पार्टी के सांसदों ने ऋषि सुनक के मुकाबले लिज़ ट्रस को सत्ता सौंपने का निर्णय लिया था, उन्हीं सांसदों ने अब ऋषि सुनक को सत्ता सौंपी है। बढ़ती महंगाई के बीच करों में कटौती (चाहे वो जनता को राहत देने के लिए ही की गई हो) और उसके लिए जरूरी कर्ज लेने की अनिवार्यता के कारण बाजार ने सरकार की साख को खासा नीचे गिरा दिया और बाँडों की कीमत काफी घट गई। इसका मतलब यह था कि यदि सरकार अपने खर्चे पूरे करने के लिए ज्यादा ऋण लेना चाहे तो वो बहुत अधिक ब्याज दर पर मिलेगा, जिससे भविष्य में सरकार की ब्याज की देनदारी पहले की तुलना में काफी ज्यादा हो जाएगी।

**- डॉ. अश्विनी महाजन**

# राजनीति-धर्म का घालमेल सुखद संकेत नहीं

एक आदर्श लोकतंत्र की सार्थकता इस बात में है कि कोई भी चुनाव, मतदान और चयन की प्रक्रिया स्वस्थ लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हो। वहीं दूसरी ओर किसी धार्मिक संस्था की व्यवस्थागत प्रक्रिया में किसी तरह का राजनीतिक हस्तक्षेप न हो। पंजाब में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर उपजे राजनीतिक विवाद को भी इसी परिप्रेक्ष्य के रूप में देखा जाना चाहिए। निस्संदेह, यह भी हकीकत है कि विगत में शिरोमणि अकाली दल के सहयोग से ही बीबी जगीर कौर तीन बार इस पद पर आसीन हुई हैं। बदले हुए राजनीतिक परिदृश्य में शिरोमणि अकाली दल का जनाधार सिमटा है और राजनीतिक दखल कम हुई है। शायद पंजाब में परंपरागत कद्दावर राजनेताओं के हाशिये पर जाने से उत्पन्न शून्य को भरने की महत्वाकांक्षा लिये बीबी जगीर कौर मैदान में उतरी हैं। तो स्वाभाविक रूप से उसकी राजनीतिक प्रतिक्रिया होनी ही थी। अब जब शिअद की तरफ से उनसे चुनाव मैदान से हटने को कहा गया तो उन्होंने ऐसा करने से मना कर दिया।


बीबी जगीर कौर का कहना है कि वह किसी धमकी और दबाव से प्रभावित नहीं होंगी। उनका कहना है कि शिअद के दखल से पदाधिकारियों का चयन अब नहीं होगा। इसमें लोकतांत्रिक प्रक्रिया का ही पालन होगा। वह बात अलग है कि विगत में वह तीन बार शिअद की चुनावी रणनीति के अनुरूप ही एसजीपीसी की अध्यक्ष चुनी गई हैं। इसी घटनाक्रम के चलते शिअद ने बीबी जगीर कौर के नाम वापस न लेने पर एक अनुशासन समिति बनायी थी, जिसके सामने उन्हें उपस्थित होने को कहा गया था। लेकिन वे अनुशासन समिति के समक्ष उपस्थित नहीं हुई। कालांतर शिअद द्वारा गठित अनुशासन समिति ने उन्हें दल से निष्कासित करने का फैसला लिया। जो इस बात का भी संकेत है कि बीबी जगीर कौर आरपार की लड़ाई के मूड में हैं। निस्संदेह पंजाब के बदले राजनीतिक परिदृश्य में बीबी जगीर कौर राजनीतिक शून्य को भरने के क्रम में अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को परवान चढ़ा रही हैं।यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि दशकों तक पंजाब में एकछत्र राज करने वाले शिरोमणि अकाल दल का एसजीपीसी की चुनाव प्रक्रिया व संचालन में गहरा दखल रहा है। भारतीय राजनीति में धार्मिक जुगलबंदी के तमाम पहले उदाहरणों में यह उल्लेखनीय रहा है। कहा जाता रहा है कि इसके जरिये शिरोमणि अकाली दल की आर्थिक व्यवस्था को प्राणवायु भी मिलती रही है। वह बात अलग है कि शिअद बदले हालात के बीच कुछ राष्ट्रीय राजनीतिक दलों पर एसजीपीसी की चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप के आरोप लगा रहा है। साथ ही बीबी जगीर कौर के चुनाव लड़ने के फैसले को इन्हीं दलों का दखल बता रहा है। हालांकि, बीबी जगीर कौर ऐसे दावों को सिरे से खारिज करती हैं। यह बात सर्वविदित है कि विगत में जगीर कौर को तीन बार एसजीपीसी की अध्यक्ष बनाने में शिअद की बड़ी भूमिका रही है। साथ ही वह दल के महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष भी रही हैं। इतना ही नहीं, जब वह गंभीर मामलों में कानून की गिरफ्त में आईं तो शिअद सरकारों में उन्हें भरपूर संरक्षण भी मिला। लेकिन आज बीबी जगीर कौर की महत्वाकांक्षाएं उफान पर हैं।

**पंजाब में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर उपजे राजनीतिक विवाद को भी इसी परिप्रेक्ष्य के रूप में देखा जाना चाहिए। निस्संदेह, यह भी हकीकत है कि विगत में शिरोमणि अकाली दल के सहयोग से ही बीबी जगीर कौर तीन बार इस पद पर आसीन हुई हैं। बदले हुए राजनीतिक परिदृश्य में शिरोमणि अकाली दल का जनाधार सिमटा है और राजनीतिक दखल कम हुई है।**

# परमात्मा से योग का आधार बनता है समर्पण

योग का अर्थ दो चीजों का जुड़ना है। फिर यह योग जीवात्मा और परमात्मा के बीच हो तो परस्पर विश्वास होना जरूरी है। और योगी के लिए तो आस्तिक होना और भी जरूरी है, क्योंकि बिना विश्वास के दो चीजें आपस में कभी नहीं जुड़तीं। समय के साथ आस्तिकता की परिभाषा भले ही बदली हो, लेकिन उसका मूल भाव आज भी वही है। पूर्ण समर्पण का भाव परमात्मा से योग का आधार बनता है। इस तथ्य को याद रखना होगा कि योग जीवात्मा और परमात्मा के बीच होता है। यानी योग आस्तिकों के लिए है न कि नास्तिकों के लिए। योग उन लोगों के लिए नहीं है जो नास्तिकता के प्रभाव में सांसारिक कार्य करते हैं। जो भी कर्म छोटे या बड़े, अच्छे या बुरे, व्यक्तिगत या सामाजिक नास्तिक द्वारा किए जाते हैं, उनका जीवन दर्शन नास्तिकता पर आधारित है। वह व्यक्ति योग के मार्ग पर नहीं चल सकता। जीवात्मा और परमात्मा की वास्तविकता को स्वीकार करना होगा। तथ्य यह है कि योग साधना, योग अभ्यास, केवल आस्तिकों के लिए ही संभव है।

आस्तिक कौन है? प्राचीनकाल में आस्तिक को एक ऐसा व्यक्ति माना जाता था, जो जीवात्मा, परमात्मा और वेदों की वास्तविकता को स्वीकार करता था। इसके बाद बौद्ध युग में, आस्तिक शब्द का अर्थ बदल गया। बदले हुए अर्थ के अनुसार, आस्तिक वह माना जाने लगा जो तीनों में से किसी एक की वास्तविकता को स्वीकार करता है अर्थात जीवात्मा, परमात्मा या वेद। वेद का अर्थ है-वास्तविक ज्ञान। वेद किसी विशेष पुस्तक के लिए नहीं है। वेद का अर्थ है-उच्चतम ज्ञान, आध्यात्मिक ज्ञान। यही वेद का वास्तविक अर्थ है। मान लीजिए कि कहीं चोरी या चोरी करने के बारे में विस्तृत निर्देश हैं। यह भी एक प्रकार का ज्ञान है। लेकिन इस तरह के ज्ञान को वेद नहीं कहा जा सकता। यदि हम वेद को इस तरह परिभाषित करते हैं कि जो जीवात्मा, परमात्मा और वेदों की वास्तविकता को स्वीकार करता है, वह आस्तिक है। यह योग शब्द की सही व्याख्या है। बौद्ध युग में इसके अर्थ में जो परिवर्तन आया, वह बिल्कुल भी सहायक नहीं था। जो जीवात्मा को स्वीकार करता है लेकिन परमात्मा या वेद को नहीं मानता है, उसके लिए आध्यात्मिक प्रगति कैसे संभव हो सकती है? तो जीवात्मा को किस दिशा में चलना चाहिए? आध्यात्मिक रूप से आगे बढ़ने के लिए जीवात्मा को किस दिशा में बढ़ना चाहिए? क्या होगा यदि व्यक्ति परमात्मा के बारे में नहीं सोचता है? इसी तरह, यदि कोई व्यक्ति परमात्मा को स्वीकार करता है लेकिन जीवात्मा को नहीं, तो व्यक्ति का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। और जहां जीव स्वयं नहीं है, वहां प्रगति की बात करना भी अप्रासंगिक होगा। तो एक योगी को भी जीवात्मा की वास्तविकता को स्वीकार करना होगा।



**आस्तिक कौन है? प्राचीनकाल में आस्तिक को एक ऐसा व्यक्ति माना जाता था, जो जीवात्मा, परमात्मा और वेदों की वास्तविकता को स्वीकार करता था। इसके बाद बौद्ध युग में, आस्तिक शब्द का अर्थ बदल गया। बदले हुए अर्थ के अनुसार, आस्तिक वह माना जाने लगा जो तीनों में से किसी एक की वास्तविकता को स्वीकार करता है अर्थात जीवात्मा, परमात्मा या वेद। वेद का अर्थ है- वास्तविक ज्ञान। वेद किसी विशेष पुस्तक के लिए नहीं है।**

आज ही के दिन 1931 में संविधान विशेषज्ञ लक्ष्मी मल्ल सिंघवी का जन्म हुआ था।



# कड़ी सुरक्षा में हुई विधायक नाहिद हसन की कोर्ट में पेशी

- पेशी के बाद पुनः जेल के लिए किया रवाना
- एसडीओ पर जानलेवा हमला व सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में हुई पेशी

भास्कर ब्यूरो

**कैराना।** चित्रकूट जेल में बंद सपा विधायक नाहिद हसन को एसडीओ पर जानलेवा हमला करने व सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने अगली तारीख 28 नवंबर नियत की है। वहीं, विधायक की पेशी के चलते कोर्ट परिसर छावनी में तब्दील हो गया। पेशी के बाद उन्हें पुनः जेल के लिए रवाना कर दिया गया। मंगलवार को कैराना से




### एक अधिवक्ता के साथ कोर्ट में पहुंचे विधायक

20 अक्टूबर को जमीन की धोखाधड़ी के मुकदमे में कैराना स्थित एमपी/एमएलए कोर्ट में सपा विधायक नाहिद हसन की पेशी हुई थी। उस समय कचहरी परिसर में हजारों समर्थक जुट गए थे, जिस कारण कचहरी में थोड़ी अव्यवस्था फैल गई थी। इस बार पुलिस की ओर से विधायक की पेशी को लेकर कड़े बंदोबस्त किए गए। बंदी रक्षक गाड़ी से उतरने के बाद विधायक नाहिद हसन अपने एक अधिवक्ता के साथ न्यायालय में पेश हुए।

समाजवादी विधायक चौधरी नाहिद हसन को चित्रकूट जेल से बंदी रक्षक गाड़ी में कैराना स्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायालय में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पेशी पर लाया गया। विधायक की कोर्ट में पेशी को लेकर सुबह से ही न्यायालय द्वार व परिसर में पुलिस एवं पीएसी के जवान तैनात किए गए। कचहरी में आने वाले वादकारियों की तलाशी लेने के बाद ही उन्हें प्रवेश दिया गया। करीब दस मिनट कोर्ट में पेशी पर रुकने के बाद विधायक को पुनरू बंदी रक्षक गाड़ी से जेल रवाना कर दिया गया।

### नजदीकी जेल में रखने के लिए कोर्ट में आवेदन

चित्रकूट जेल से कैराना स्थित न्यायालय में पेश होने आए विधायक नाहिद हसन के अधिवक्ता ने न्यायालय में एक आवेदन डाला है, जिसमें उन्होंने विधायक के स्वास्थ्य का हवाला देकर न्यायालय से आग्रह किया है कि विधायक को नजदीकी जनपद की जेल में रखा जाए, क्योंकि विधायक का स्वास्थ्य ठीक नहीं हैं। चित्रकूट जेल काफी दूर है, जिस कारण विधायक नाहिद हसन को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**इस मामले में हुई विधायक की पेशी**-गत 11 जुलाई 2019 की शाम करीब छह बजे झिंझाना बिजलीघर पर तैनात तत्कालीन विद्युत विभाग के एसडीओ नाजिम अहमद झिंझाना से सिकंदरपुर बिजली घर पर जा रहे थे। तभी रास्ते में सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर गाड़ी में आए चार लोगों ने उनकी की गाड़ी रुकवाकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया था, जिसमें एसडीओ गंभीर रूप से घायल हो गए थे। एसडीओ की ओर से झिंझाना थाने पर चार अज्ञात लोगों के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने व जानलेवा हमले करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। एसडीओ ने बताया था कि 19 जून को उनके द्वारा बिजली चोरी रोकने के लिए मॉनिंग रेड अभियान चलाया था, जिसमें 11 बिजली चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। बिजली चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज होने के बाद कैराना से सपा विधायक नाहिद हसन द्वारा उन्हें फोन कर धमकी दी थी कि उनके कुछ लोगों पर गलत तरीके से मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसके बाद पुलिस ने विधायक नाहिद हसन व झिंझाना निवासी हैदर का नाम मुकदमे में शामिल कर लिया था। उक्त मुकदमे में कोर्ट की ओर से विधायक नाहिद हसन को तलब किया गया था।

### न्याय पालिका पर है पूरा भरोसा-नाहिद

चित्रकूट जेल से बंदी रक्षक गाड़ी में आए सपा विधायक नाहिद हसन ने मीडिया द्वारा पूछने पर कहा कि उन्हें अपने देश की न्यायपालिका पर पूर्ण भरोसा है। वहीं, उन्होंने कोर्ट में पेशी के बाद बंदी रक्षक गाड़ी में बैठने से पूर्व हाथ जोड़कर समर्थकों से शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की भी अपील की।

**28 नवंबर लगी अगली तारीख**

कोर्ट में तारीख पर विधायक नाहिद हसन को पेश किया गया। कोर्ट ने मामले में अगली तारीख 28 नवंबर नियत की है। उनके अधिवक्ता ने बताया कि अगली तारीख वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कराने के आदेश हुए हैं।

## सार सुर्खियां

### स्कूल में भी मनाया प्रकाशोत्सव

**शामली।** श्री सत्यनारायण इंटर कालेज में सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानकदेव का प्रकाशोत्सव के अवसर पर प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने गुरु नानकदेव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। छात्र-छात्राओं ने गुरु नानकदेव जी के जीवन चरित्र पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर माध्यमिक विद्यालयों की जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

### मिल अधिकारियों का आश्वासन

**शामली।** जाम की समस्या को लेकर मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यकर्ताओं व भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के पदाधिकारी शुगर मिल के अधिकारियों से मिले तथा शहर में लगे जाम से व्यापारियों, स्कूली बच्चों व मरीजों को लाने व ले जाने में हो रही परेशानियों से अवगत कराया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक सैनी ने कहा कि जाम के कारण लोगों का जीना मुहाल हो गया है। अगर कोई एम्बुलेंस मरीज को इलाज के लिए दूसरी जगह ले जा रही है तो शहर के अंदर अथवा बाहर किसी डाक्टर या अस्पताल ले जाना संभव नहीं है। मिल अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि 24 घंटे के अंदर मिल सुचारू रूप से चालू हो जाएगी, जिसके बाद जाम से भी राहत मिलेगी। विनोद निर्वाल, राजबीर सिंह, प्रवीण तरार, शेखरपाल, दीपक शर्मा, डा. श्रीपाल सिंह, अश्वनी शर्मा, संदीप शर्मा, नरेन्द मलिक, सुरेन्द्र सरोहा, रिजवान, नासिर चौधरी मौजूद रहे।

### अंकित सहमण्डल प्रभारी, दीपक जिलाध्यक्ष मनोनीत

**शामली।** विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेशाध्यक्ष भिखारी प्रजापति की अनुमति पर मंडल प्रभारी पंकज वालिया द्वारा विश्व हिन्दू महासंघ के शामली निवासी पूर्व जिलाध्यक्ष अंकित गर्ग को सहारनपुर मंडल सहप्रभारी मनोनीत किया है। इसी के साथ पूर्व ब्लॉक प्रमुख दीपक बंसल पुत्र अरुण कुमार बंसल को शामली जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। मंडल प्रभारी पंकज वालिया ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त कि है उन्होंने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन हित में कार्य करेगी।

### संगम में नहीं मिला पानी, मायूस लौटे श्रद्धालु

शामली। कार्तिक पूर्णिमा पर गांव गंदेवडा स्थित गंगा-यमुना संगम घाट में पानी न आने से श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पडा। कस्बा सहित आसपास के देहात क्षेत्रों से सैंकडों की संख्या में श्रद्धालु स्नान के लिए संगम घाट पर पहुंचे लेकिन वहां पानी न मिलने से उनमें मायूसी के साथ-साथ आक्रोश भी फैल गया। कईश्रद्धालुओं को मायूस होकर वापस लौटना पडा, जबकि कुछ श्रद्धालुओं ने घाट पर लगे हैंडपंप के पानी से ही स्नान कर घाट पर स्थापित की गयी भगवान शिव की पूजा अर्चना कर गरीबों को दान पुण्य किया तथा परिवार की सुख समृद्धि की कामना की।



### शामली के खिलाडियों ने जीते गोल्ड व सिल्वर मैडल

शामली। शामली डिस्ट्रिक किक बाक्सिंग एसोसियेशन के खिलाडियों ने 2 से 6 नवम्बर तक दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय किक बाक्सिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अनेक देशों से लगभग एक हजार खिलाडियों ने भी भाग लिया। शामली जनपद से 92 किग्रा. भार वर्ग में शुभम निर्वाल, 69 किग्रा. भार वर्ग में आदित्य भाल ने अपने-अपने प्रतिद्वंदियों को पटखनी देकर गोल्ड मैडल पर कब्जा किया। वहीं 50 किग्रा. भार वर्ग में कादम्बरी सिंह ने विभिन्न कैटेगरीब में गोल्ड व दो सिल्वर मैडल जीतकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शामली जनपद का नाम रोशन किया। क्षेत्रीय विधायक प्रसन्न चौधरी ने विजेता खिलाडियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कोच सुशील कौशिक, टीम मैनेजर व इंटरनेशनल रैफरी सोनू सैनी ने भी खिलाडियों को बधाईदी है।

### मंदिर में चोरी का प्रयास, घटना कैमरे में कैद

**कांधला।** क्षेत्र के गांव जसाला के मजरे फजलपुर में ऐतिहासिक देवी मंदिर स्थित है। भवन में दुर्गा मां की मूर्ति स्थापित है। भवन में ही एक अन्य मूर्ति भी स्थापित है। देर शाम मंदिर के पुजारी की नजर मंदिर में रखे दान पात्र पर गई तो उस पर निशान देखकर उसने मामले की जानकारी ग्रामीणों को दी। जिसके बाद ग्रामीणों ने मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों को देखा तो शुक्रवार की लगभग 04 बजे एक चोर मंदिर में लगे दान पात्र को तोडने की कोशिश करता हुआ नजर आया।

### ग्राहक बनकर आए चोर ने हजारों रूपये उड़ाए

कांधला। नगर के रेलवे रोड पर व्यापारी मदन मोहन गुप्ता ने जूतों की दुकान कर रखी है। मंगलवार को वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान एक युवक उनके पास आया तथा जूतों की मांग की। व्यापारी ने उसको जूते दिखाए तो ग्राहक बनकर आए युवक ने व्यापारी को बातों में उलझा लिया। आरोप है कि ग्राहक बनकर आए युवक ने मौका पाकर व्यापारी के गले में रखी हजारों रूपए की नगदी पर हाथ साफ कर मौके से फरार हो गया। यह घटना व्यापारी की दुकान पर लगे सी सीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पीडित ने सोशल मीडिया पर उक्त युवक के फोटो वायरल करने के साथ थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# कोहरे ने दिलाई गरम कपड़ों की याद

- सड़कों पर हैडलाईट जलाकर चलते दिखे वाहन

भास्कर ब्यूरो



**शामली।** नवम्बर माह शुरू होते ही ठंड ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। मंगलवार सवेरे छाए घने कोहरे ने लोगों को गर्म कपड़ों की याद दिला दी। हाइवे पर विजीब्लिटी बहुत कम होने के कारण वाहनों को हैडलाईट जलाकर चलना पड़ा। दिनभर आसमान में धुंधले बादल छाए रहे, जिससे दिन का तापमान भी कम रहा।

नवम्बर माह के प्रारंभ होते ही धीरे-धीरे ठंड ने भी अपनी दस्तक देनी शुरू कर दी है, हालांकि कुछ दिन पूर्व आसमान में कोहरे का असर नजर आया था लेकिन वह ज्यादा घना नहीं था लेकिन मंगलवार की सुबह आसमान में छाए घने कोहरे ने लोगों को आश्चर्य में डाल दिया। कोहरा इतना घना था कि कुछ दूरी का भी साफ नजर नहीं आ रहा था। हाइवे पर तो हालात और ज्यादा विकट थे, कुछ भी नजर न आने के कारण चालकों को अपने-अपने वाहनों की लाइट जलाकर चलना पडा। कोहरे के कारण सडकों पर वाहन रेंगते नजर आए। पूरे दिन आसमान में कोहरे की चादर छाई रही जिससे भगवान सूर्य के भी दर्शन नहीं होसके। कोहरे के कारण ठंड का भी असर साफ नजर आया। सुबह के समय मार्निग वाक पर जाने वाले लोगों को स्वेटर, जरकीन व गर्म चादर का सहारा लेना पडा। लोगों का कहना था कि मंगलवार को घने कोहरे ने ठंड का अहसास करा दिया, आगामी दिनों में ठंड और ज्यादा बढेगी।

दूसरी ओर आसपास के देहात क्षेत्रों में भी कोहरे का असर नजर आया, सुबह के समय खेतों पर जाने वाले किसान भी कोहरे के चलते देरी से अपने खेतों पर पहुंचे। खेतों में भी ओस साफ नजर आई।

# पलायन कर आए फौजी परिवार को मनाकर वापस ले गए ग्रामीण

भास्कर ब्यूरो

**कांधला।** ऊन क्षेत्र के गांव पिंडौरा निवासी अली हसन ने गांव के पूर्व प्रधान पर धमकी देने का आरोप लगाते हुए गांव से पलायन कर लिया था।

पलायन करने का वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। जिसके बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया था। गांव से पलायन करने के बाद अली हसन कांधला आकर रह रहा था। सोमवार को पूर्व प्रधान के साथ गांव के अन्य लोग अली हसन से मिलने के लिए कांधला पहुंचे थे, किन्तु वहां अली हसन के ना मिलने पर उसके दोनों पुत्रों से मिलकर वापस लौट आए थे। घटना के बाद से गांव में सुरक्षा की दुष्टि से पीएससी तैनात कर दी गई थी। मंगलवार को एक बार फिर गांव निवासी अजय कुमार, नितीन कुमार, कुलदीप, अनीस, यासीन सहित कई लोग कांधला थाने पहुंचे, और वहां पर अली हसन से मुलाकात कर गांव मे उसे पूरी सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पुलिस व ग्रामीणों के समझाने के बाद अली हसन अपने परिवार के साथ गांव लौट गया। मामले को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक श्यामवीर सिंह का कहना है कि अली हसन व उसका परिवार पुलिस प्रशासन व ग्रामीणों की बात से सहमत होकर वापस गांव लौट गया है।



### एसडीएम ने दिलाया सुरक्षा का भरोसा

कांधला। सोमवार को एसडीएम ऊन निकिता शर्मा ऊन चौकी प्रभारी संदीप कुमार ने पीड़ति परिवार से मुलाकात की ओर पीड़ति परिवार को हरसंभव सुरक्षा का आश्वासन देते हुए गांव वापस चलने के लिए कहा था। दोनों अधिकारियों के आश्वासन के बाद मंगलवार को गांव पिंडौरा निवासी कई लोग कांधला पहुंचे और पुलिस की मौजूदगी में हरसंभव सुरक्षा का आश्वासन देते हुए वापस गांव ले गए।

# गुरूनानक देव का प्रकाशोत्सव मनाया

## श्री गुरू सिंह सभा द्वारा गुरूद्वारा में कार्यक्रम व लंगर का आयोजन

भास्कर ब्यूरो

**शामली।** सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानकदेव जी का प्रकाशोत्सव मंगलवार को पूरे उत्साह एवं श्रद्धा से मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रागी जत्थों ने गुरु की महिमा का गुणगान करते हुए गुरुजी के बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया।



सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानकदेव जी का प्रकाशोत्सव मंगलवार को पूरे उल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री गुरु सिंह सभा द्वारा गुरुद्वारा द्वारा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चंडीगढ से आए बाबा महकसिंह ने गुरु की महिमा का गुणगान करते हुए संगतों को निहाल किया। कथा वाचक जगजीत सिंह व मनजेन्द्र सिंह ने संगतों से कहा कि गुरु नानकदेव जी ने अपना पूरा जीवन लोक कल्याण में लगा दिया। गुरुजी के तीन अमूल्य सिद्धांत हमें हमेशा याद रखने चाहिए जिनमें कीरत करना, बांटकर खाना तथा नाम जपना शामिल है। उन्होंने गुरु नानकदेव जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। कार्यक्रम में डीएम जसजीत कौर, एडीएम संतोष कुमार सिंह, एसएसपी अभिषेक ने भी भाग लिया। डीएम ने कहा कि गुरु नानकदेव जी ने हमेशा गरीबों की सेवा में अपना जीवन बिताया। गुरु जी ने कहा था कि गरीबों की सेवा से बढकर कुछ नहीं है, हमें गुरु नानकदेव जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर गुरुद्वारा में गुरु के अटूर लंगर का भी आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओंने भाग लिया। इस अवसर पर सरदार अर्जुन सिंह, संतोख सिंह, जगजीत सिंह, जीत सिंह, राजेन्द्र पाल सिंह, डा. रवि, डा. सतनाम सिंह, सरदार परमेन्द्र सिंह, सरदार जसविन्दर सिंह, सरदार डा. हरदीप सिंह, सरदार सुरजीत सिंह, मा. मनजीत सिंह, गुरजीत सिंह बेदी भी मौजूद रहे।

## ससुरालियों पर उत्पीड़न करने का आरोप

भास्कर ब्यूरो

**कांधला।** नगर के मौहल्ला खैल निवासी नसीमा पुत्री शरीफ ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसका निकाह लगभग 12 वर्ष पूर्व जनपद बागपत के गांव पाली निवासी इन्तयाज पुत्र लियाकत के साथ हुआ था। शादी के बाद उसने पांच बच्चों को जन्म दिया। आरोप है कि उसका पति नशे का आदी है तथा पिछले कई वर्षों से दूसरी महिलाओं के साथ सम्बन्ध रखता है। आरोप है कि विरोध करने पर उसका पति पीड़ति के साथ गाली गलौच कर मारपीट करता है। आरोप है कि इन्तयाज ने लगभग एक सप्ताह पूर्व पीड़ति को मारपीट करते हुए उसे घर से निकाल दिया था। जिसके बाद से वह अपने पिता के घर रह रही है। पीडिता ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# ट्रैफिक पुलिस ने कराई रोडवेज चालकों की आंखों की जांच

भास्कर ब्यूरो

**शामली।** यातायात विभाग द्वारा नवम्बर माह में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत यातायात विभाग द्वारा वाहन चालकों के नेत्रों की जांच को कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत मंगलवार को भी सहारनपुर रोड साईं धाम के निकट कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके पर यातायात प्रभारी संजय राणा व संयुक्त जिला चिकित्सालय की चिकित्सक डा. नेहा शर्मा, नेत्र परीक्षण अधिकारी रितु ने वाहन चालकों के नेत्रों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया। कैंप में रोडवेज के चालकों, परिचालकों के अलावा अन्य वाहन चालकों की भी आंखों की जांच की गयी। यातायात प्रभारी संजय राणा ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि चालकों को तेज रफ्तार में वाहन नहीं चलाना चाहिए, नशे की हालत में वाहन न चलाएं, दुपहिया व चौपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बैल्ट का प्रयोग जरूर करना चाहिए, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करने व ईयर फोन का भी प्रयोग नहीं करना चाहिए। बाइक पर तीन सवारियां नहीं बैठाना चाहिए क्योंकि इससे दुर्घटनाओं का भय बना रहता है। इस मौके पर यातायात पुलिस ने चेकिंग अभियान भी चलाया तथा यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के चालान भी काटे।

**नगर पंचायत चुनाव : लगभग हर जाति, समुदाय के प्रत्याशी चुनाव मैदान में ठोक रहे हैं ताल**

# झिंझाना में जातीय समीकरण दिखाएंगे जीत की राह

- निकाय चुनाव को लेकर तेज हुई सरगर्मियां, प्रत्याशी अपने-अपने समीकरण फिट करने में जुटे

पंकज चौहान

**झिंझाना।** निकाय चुनावों की अधिसूचना भले ही अभी जारी न हुई हो, लेकिन नगर पंचायत झिंझाना चेयरमैन पद के चुनाव के लिए सरगर्मियां तेज हो गई है। पूर्व की तरह इस बार भी जातीय समीकरण ही प्रत्याशी को जीत की राह दिखाएंगे, जिसके चलते हर जाति व धर्म के प्रत्याशी चुनाव मैदान में ताल ठोक रहे है। सभी प्रत्याशियों के लिए पहले खुद की बिरादरी में जीत हासिल करना बड़ी चुनौती होगी। यहां के उम्मीदवारो की अगर बात करें तो मुस्लिम समाज से लगभग आधा दर्जन उम्मीदवार दिखाई दे रहे हैं वहीं हिन्दुओं मे भी दर्जनों भावी प्रत्याशी नज़र आ रहें हैं। जातीय समीकरण की बात करे तो, मुस्लिमो से कुरैशी समाज से दो प्रत्याशी मैदान में है जिसमें से मौजूदा चैयरमेन नौशाद ठेकेदार सबसे मजबूत नजर आ रहे हैं। पीरजी व पठान प्रत्याशियों मे पूर्व चेयरमैन व हाजी सरफराज खान एवं सोनू पीरजी मैदान में है। जिस मे हाजी सरफराज खान मजबूत नजर आ रहे हैं। वहीं हिन्दू दावेदारों की बात करे तो कश्यप समाज से पूर्व प्रत्याशी बिजेंद्र कश्यप व कस्बे के कश्यप समाज के अध्यक्ष सुरेशपाल कश्यप मैदान में है। दोनों ही दावेदार अपनी बिरादरी पर मजबूत पकड़ रखते हैं। सैनी समाज से राकेश सैनी, वाल्मीकि समाज से रवि गहलोत मैदान में है। अग्रवाल समाज से सबसे अधिक दावेदार नजर आ रहे हैं जिसमे अजय बंसल, विनोद संगल, आशीष मित्तल, पूर्व चेयरमैन राकेश गोयल, देशबंधु बिंदल मैदान में है, जिसमे अजय बंसल मजबूत नजर आ रहे हैं।

**आरक्षण पर टिकी सभी की निगाहें**-झिंझाना मे अनुसूचित समाज की अगर बात करें तो वो अभी भी आरक्षण के इंतजार में बैठा है। यदि आरक्षण अनुसूचित वर्ग मे आता है, तो चुनाव में दावेदारों के चेहरे ही बदल जाएंगे। आरक्षण के बाद अगर मजबूत दावेदारों की बात करे तो वाल्मीकि समाज से रवि गहलोत, अमित सफाई नायक, सभासद पति अमित मैदान मे उतरेंगे। खटीक समाज से प्रदीप मजबूत दावेदार नज़र आ रहे हैं, लेकिन झिंझाना का चुनाव व प्रत्याशी सभी आरक्षण के बाद ही निर्धारित होगा।

### प्रचार-प्रसार जारी, दूसरों की गिना रहे खामियां

जैसे जैसे नगर पंचायत चुनाव नजदीक आ रहे हैं तो चैयरमेन पद के दावेदारों ने भी सड़कों, गलियों की दीवारों पर पोस्टर चिपका कर प्रचार प्रसार शुरू कर दिया है, जिसमे भावी उम्मीदवार वोटरों के बीच जा कर खुद को मजबूत दिखाने की कोशिश में लगे हुए हैं। जो भावी प्रत्याशी कल तक चैयरमेन के साथ घूमते दिखाई देते थे, आज वो उसी चैयरमेन की खामियां गिना रहे हैं।

### भाजपा के सिंबल पर होगी हिन्दू प्रत्याशियों की नजर

हिंदू भावी प्रत्याशियों की अगर बात करें तो लगभग सभी दावेदारों की नजर भाजपा के सिम्बल पर होगी। हिंदू प्रत्याशी की जीत हार भाजपा का सिम्बल निर्धारित करेगा। इस बात से भी इन्कार नहीं किया जा सकता कि भाजपा का टिकट फाइनल होने के बाद हिंदू प्रत्याशियों मे से आधे प्रत्याशी गायब हो जाएंगे।

# मिल में तकनीकी खराबी जारी, पेराई ठप्प

## गन्ना लादे वाहनों से जाम हुई शहर की सड़कें, जनमानस परेशान

भास्कर ब्यूरो

**शामली।** पिछले तीन दिनों से शामली शुगर मिल में आई तकनीकी खराबी मंगलवार को भी ठीक नहीं हो सकी, जिसके चलते शहर में गन्नों के वाहनों की लाइन लगी रही, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था चरमरा गई। जाम की वजह से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

पिछले तीन दिनों से शामली शुगर मिल में तकनीकी खराबी आने के कारण पेराई सत्र ठप्प पडा हुआ है। पेराई न होने के चलते शुगर मिल गेट से लेकर अग्रसेन पार्क, हनुमान रोड, वीवी इंटर कालेज रोड, सिटी बिजलीघर, सुभाष चौंक, भिक्की मोड तक गन्नों से भरे टैक्टर ट्राली सडक पर खडी है जिससे शहर में जाम की स्थिति बनी हुई है। गन्नों के वाहनों के कारण सडकों की चौडाई भी काफी कम होगयी है जिससे अन्य वाहनों का निकलना भी दूभर हो गया है, जिससे पूरे दिन शहर में जाम लगा रहता है, वहीं पैदल चलने वालों को भी निकलने में दिक्कतें उठानी पडती है। मंगलवार को भी मिल में आई खराबी ठीक न होने के कारण सडकों पर सिर्फ गन्नों से भरी टैक्टर ट्रालियां खडी नजर आयी जिससे शहर में जाम लगा रहा। वाहन चालक भी घंटों जाम में फंसे रहे। जगह-जगह तैनात पुलिसकर्मी भी जाम खुलवाने में मशक्कत करते रहे लेकिन सफलता नहीं मिल पायी। मिल में गन्ना लेकर आने वाले किसानों को भी पूरी रात सडक पर ही गुजारनी पड रही है जिसके चलते उन्हें भी दिक्कतें उठानी पड रही है।



page-10_page 1 08-Nov-22 9:51 PM Page 1



आज ही के दिन 1985 में एंटोली कारपोव को हरा रूस के गैरी कास्पारोव दुनिया के सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैम्पियन बने थे।

## सारसुर्खियां

### सेमीफाइनल से पहले भारत को बड़ा झटका

**एडिलेड।** सेमीफाइनल मुकाबले से पहले भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा है। इंग्लैंड के खिलाफ एडिलेड में टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल मैच खेलने की तैयारी कर रहे भारत के कप्तान रोहित शर्मा नेट प्रैक्टिस के दौरान चोट खा बैठे। रोहित की चोट कितनी गंभीर है, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। रोहित थ्रोडाउन विशेषज्ञ की गेंदो को खेल रहे थे कि इस बीच एक गेंद उनके दाहिने हाथ पर लगी, जिसके बाद वे दर्द से कराह उठे। टीम के फीजियो ने उनका हल्का उपचार भी किया, जिसके बाद भारतीय कप्तान दोबारा अभ्यास के लिये नेट पर लौटे मगर एक गेंद खेलने के बाद उन्होने बल्ला किनारे कर लिया। रोहित एक आइस बाक्स पर बैठ गए, जहां चोटिल रोहित से मेंटल कंडीशनिंग कोच पैडी अप्टन ने बात की। रोहित शर्मा को कितनी चोट आई है, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन हाथ पर गेंद लगते ही रोहित शर्मा मैदान में बैठ गए थे। उनके चेहरे पर तेज दर्द का भाव स्पष्ट देखा जा सकता था।

### खेल निकायों में चुनाव

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर खेल परिषद ने कामकाज में पारदर्शिता लाने के मकसद से 14 खेल निकायों को नई मतदाता सूची जमा करने और चुनाव समय पर कराने के निर्देश दिये है। जम्मू-कश्मीर में करीब 14 खेल संघ अवैध रूप से काम कर रहे हैं। इस तथ्य के बावजूद कि उनका कार्यकाल समाप्त हो गया है, ये खेल निकाय जम्मू-कश्मीर खेल परिषद के बैनर तले गतिविधियां कर रहे हैं, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। जब तक चुनाव नहीं कराए जाते और मान्यता के साथ संबद्धता में संशोधन नहीं किया जाता, इन निकायों को अमान्य माना जाएगा। चुनाव कराने के लिए निर्देशित खेल निकायों में जम्मू-कश्मीर तीरंदाजी संघ, बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन, शतरंज एसोसिएशन, साइक्लिंग एसोसिएशन, राइफल एसोसिएशन, बॉल बैडमिंटन एसोसिएशन, स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन, टेबल टेनिस एसोसिएशन, कुश्ती संघ, टेनीकोइट एसोसिएशन, र एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन, खो-खो एसोसिएशन, रग्बी एसोसिएशन, पेनकक सिलाट एसोसिएशन शामिल हैं।



मैड्रिड में स्पेनिश ला लीगा फुटबॉल मैच के दौरान एस्पेनयोल के मार्टिन ब्रेथवेट से बॉल छीनते एटलेटिको डी डिएगो के नहुएल मोलिना। एजेंसी

# करियर के सर्वश्रेष्ठ पायदान पर लक्ष्य

**बीडब्लूएफ रैंकिंग**

- लक्ष्य सेन को छठी रैंकिंग की सफलता



**कुआलालंपुर, एजेंसी।** भारतीय स्टार शटलर लक्ष्य सेन बीडब्ल्यूएफ द्वारा जारी ताजा विश्व रैंकिंग में दो स्थान की छलांग के साथ पुरुष एकल वर्ग में छठी पायदान पर पहुंच गये हैं, जो उनके करियर में अब तक का सर्वश्रेष्ठ है।

पिछली जनवरी में इंडिया ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट और मार्च में प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में रजत पदक जीतने के बाद सेन ने इस साल की शुरुआत में शीर्ष 10 में अपनी जगह बनाई थी।

**साईराज व चिराग ने रचा इतिहास**

साईराज और चिराग ने फ्रेंच ओपन खिताब जीतने के बाद सुपर 750 टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय युगल टीम बनकर इतिहास रच दिया है। महिला युगल में, अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी की अनुभवी जोड़ी दुनिया में 21वें नंबर पर बनी हुई है। गायत्री गोपीचंद और त्रेसा जॉली की उभरती युवा जोड़ी पांच पायदान चढ़कर दुनिया की 23वें नंबर की खिलाड़ी बन गई है। मिश्रित युगल में तनीषा क्रास्तो और ईशान भटनागर दो पायदान के फायदे से 28वें स्थान पर पहुंच गए हैं।



बीडब्लूएफ की मंगलवार को जारी पुरूष एकल रैंकिंग में किदांबी श्रीकांत 11वें और फार्म में चल रहे एचएस प्रणय 12वें स्थान पर हैं।

महिलाओं में पीवी सिंधु एकल वर्ग में पांचवें स्थान पर रही, जबकि सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ विश्व नंबर सात का रूतबा हासिल किया है।

# फाइनल की एक टीम का फैसला आज

## रोमांचक होगी पाक और न्यूजीलैंड के बीच सेमीफाइनल की जंग

- आंकड़ों में पाकिस्तान का पलड़ा रहा है भारी
- किसी बड़े उलटफेर में न्यूजीलैंड टीम सक्षम



**सिडनी, एजेंसी।** किस्मत की बदौलत टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंची बाबर आजम के नेतृत्व वाली पाकिस्तान की टीम बुधवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी।

दोनो टीमों के बीच पहला सेमीफाइनल मुकाबला नौ नवंबर को दोपहर 1.30 बजे से खेला जाएगा। आंकड़ो के लिहाज से पाकिस्तान का पलड़ा भारी दिखता है, मगर विश्वकप में अब तक शानदार प्रदर्शन कर रही न्यूजीलैंड के खिलाफ उसकी राह कतई आसान नहीं होगी। दोनो टीमो के बीच अब तक खेले गए सभी टी-20 विश्वकप में यह सातवीं भिड़ंत होगी। टी-20 विश्वकप मुकाबलों में अब तक कीवी टीम के खिलाफ पाकिस्तान के सिर चार बार जीत का सेहरा बांधा है, जबकि दो बार उसे हार का सामना करना पड़ा है।

मौजूदा टी-20 विश्वकप से ठीक पहले न्यूजीलैंड को उसके घर में हरा कर त्रिकोणीय श्रृखंला जीतने वाली बाबर की टीम पहले ही मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल कर चुकी है। सेमीफाइनल में पाक टीम इसका फायदा उठाने की पुरजोर कोशिश करेगी। रविवार सुबह पाकिस्तान के लिये आशा भरी किरण लेकर आई, जब नीदरलैंड ने जबरदस्त उलटफेर करते हुए मजबूत दक्षिण अफ्रीका को 13 रन से हरा दिया।

**शहीन पर टिका गेंदबाजी आक्रमण**

पाकिस्तान का प्रदर्शन तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी के नेतृत्व वाले मजबूत गेंदबाजी आक्रमण पर टिका रहेगा। वहीं मध्यक्रम के बल्लेबाज शान मसूद, इफ्तिखार अहमद और शादाब खान पर एक बार फिर प्रशंसको की उम्मीदें टिकी होंगी। कप्तान बाबर आजम और रिजवान की सलामी जोड़ी अगर टीम को तेज और बड़ी शुरूआत देने में सफल रहती है तो पाक टीम की राह और आसान हो सकती हैं।

**चुनौती देने को तैयार केन की सेना**

विश्वकप की चमचमाती ट्राफी को उठाने में सिर्फ दो कदम दूर केन विलियम्सन की टीम पाकिस्तान को बेपटरी करने के लिये अपना सर्वस्व झोंकने को तैयार होगी। कीवी टीम का मौजूदा विश्वकप का सफर अब तक काफी शानदार रहा है और अगर विलियम्सन के लड़ाके अपनी लय को बरकरार रख पाते हैं तो इनसे निपटना पाक के लिये कतई आसान नहीं होगा।

**यह होंगी संभावित टीम**

न्यूजीलैंड टीमः फिन एलन, डेवॉन कॉनवे (विकेट कीपर), केन विलियम्सन (कप्तान), डेरिएल मिचेल, जेम्स नीशम, मिचेल सेंटनर, टिम साउथी, ईश सोढ़ी, लॉकी फर्ग्युसन, ट्रेंट बोल्ट

पाकिस्तान टीमः मोहम्मद रिजवान (विकेट कीपर), बाबर आजम (कप्तान), मोहम्मद नवाज, मोहम्मद हैरिस, शान मसूद, इफ्तिखार अहमद, शादाब खान, मोहम्मद वसीम, नसीम शाह, हैरिस रउफ, शाहीन शाह अफरीदी

# गेंदबाजी ही हमारा मुख्य हथियार है: विलियम्सन

- परिस्थितियों के साथ बिठाना होगा तालमेल

**सिडनी, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन ने मंगलवार को कहा कि आस्ट्रेलिया में मौजूदा टी-20 विश्व कप में अब तक उनकी पूरी टीम खासकर गेंदबाजों की भूमिका अहम रही है और उम्मीद है कि पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में भी गेंदबाजों का उत्कृष्ट प्रदर्शन टीम की जीत का मार्ग प्रशस्त करेगा।

विलियम्सन ने कहा कि वे हमारे लिए अनुभवी खिलाड़ी हैं। उन्होंने हमारे लिए लंबे समय तक खेला है, चाहे वह विकेट लेना हो या विशेष रूप से उन परिस्थितियों में तालमेल बैठाना जो निश्चित रूप से हमें विश्व कप जैसे बड़े आयोजनों में आने के लिए चाहिए। हम एक और टीम के खिलाफ उतरेंगे और हमें उन समायोजनों को फिर से करना होगा।

विलियम्सन ने कहा कि मुझे लगता है कि यह दिलचस्प है, हमने यहां पहला मैच खेला, विकेट बहुत अच्छा था और फिर दूसरी बार जब हम यहां खेले तो यह बदल गया था। कभी-कभी आप शायद वह ले सकते हैं जिसकी आप उम्मीद कर रहे थे कि विकेट ऐसा होगा। पहले गेम में और लगता है कि यह उसी तरह से व्यवहार करेगा, जैसा उसने नहीं किया।

उन्होने कहा कि पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की टीमें यहां खेली हैं। इसलिए हमें वास्तव में अपने क्रिकेट और उन योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, जिनसे हमें निपटना हैं। हमे तय करना होगा कि हम परिस्थितियों के साथ कैसे तालमेल बिठाते हैं।

# नीदरलैंड के स्टीफन ने लिया सन्यास

- क्लब स्तर पर क्रिकेट खेलते रहेंगे स्टीफन

**एडिलेड, एजेंसी।** टी-20 विश्वकप में दक्षिण अफ्रीका को सेमीफाइनल की रेस से बाहर करने वाली नीदरलैंड टीम के सलामी बल्लेबाज स्टीफ़न मायबर्ग ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है।

मायबर्ग ने कहा कि हैंगिंग अप द बूट्स। ईश्वर महान है। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि मैं विश्व कप में अपना करियर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत के साथ समाप्त करूंगा। यह याद हमेशा ताजा रहेगी। मैं केएनबीसी क्रिकेट और नीदरलैंड का आभारी हूं। दोस्त, परिवार, प्रायोजक और समर्थकों को मैं धन्यवाद।

कहा कि मैने अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने के लिए सन्यास का मन बनाया है। हालांकि वह क्लब स्तर पर खेलते रहेंगे। गौरतलब है कि पिछले रविवार को टी-20 विश्वकप के अपने अंतिम लीग मैच में नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को जबरदस्त उलटफेर करते हुये 13 रन से हरा दिया था। इस मैच में 38 वर्षीय मायबर्ग ने मात्र 30 गेंदों में 37 रन बना कर अपनी टीम को मजबूत आधार दिया जिसकी बदौलत नीदरलैंड चार विकेट पर 158 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा कर सकी थी। प्रिटोरिया में जन्मे मायबर्ग ने 2011 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और करियर में 22 वनडे और 45 टी-20 मैच खेले हैं।

# गर्सिया ने जीता एकल खिताब

**फोर्ट वर्थ।** फ्रांस की कैरोलिन गर्सिया ने आर्या सबलेंका को 7-6 (4), 6-4 से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल चैंपियनशिप का एकल खिताब जीत लिया है। गर्सिया ने इस साल खेले गए सभी फाइनल जीते हैं। सबलेंका के खिलाफ हालांकि पहले सेट में उन्हे कड़ा संघर्ष करना पड़ा मगर दूसरा सेट उन्होने आसानी से अपने नाम कर लिया। गर्सिया ने कहा कि यह निश्चित रूप से बहुत बड़ी खुशी है।

# गुणथिलाका मामले में पैनल किया गठित

- जांच रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी कार्रवाई

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने दनुष्का गुणथिलाका से जुड़े कथित यौन उत्पीड़न मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच पैनल का गठन किया है।

एसएलसी ने मंगलवार को बताया कि तीन सदस्यीय जांच पैनल में न्यायमूर्ति सिसिरा रत्नायके (हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश), निरोशना परेरा, अटॉर्नी-एट-लॉ और असेला रेकावा, अटॉर्नी-एट-लॉ शामिल हैं।

गौरतलब है कि आस्ट्रेलिया में चल रहे टी-20 विश्वकप के दौरान गुणाथिलका पर यौन उत्पीड़न के चार आरोप लगाए गए थे। उन्हें सिडनी में ससेक्स स्ट्रीट के एक होटल से रविवार सुबह गिरफ्तार किया गया था। विश्वकप की रेस से बाहर होने के बाद श्रीलंका की टीम स्वदेश लौट गई है। जबकि गुणथिलाका को आस्ट्रेलिया में पूछताछ के लिये रोका गया है।

एसएलसी ने कहा कि समिति उन कथित घटनाओं की जांच पर भी ध्यान केंद्रित करेगी, जो श्रीलंका क्रिकेट के ध्यान में आई हैं। कहा जाता है कि यह कथित घटना ऑस्ट्रेलिया में टीम के प्रवास के दौरान हुई थी। पैनल द्वारा इस मामले में रिपोर्ट के आधार पर श्रीलंका क्रिकेट की कार्यकारी समिति खिलाड़ियों और अधिकारियों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगी।

# अमेजन पे का 'अब हर दिन हुआ आसान'

- लॉच किया अभियान का दूसरा संस्करण

**नई दिल्ली।** अमेजन पे ने मंगलवार को डिजिटल अभियान 'अब हर दिन आसान' के दूसरे चरण का अनावरण किया।

अमेजन पे इंडिया के पूर्णकालिक सदस्य विकास बंसन ने बताया कि हमारा लक्ष्य प्रत्येक भारतीय की भुगतान और वित्तीय जरूरतों को हल करके उनके जीवन को आसान बनाना और आकांक्षाओं को पूरा करना है, हमनें डिजिटल भुगतान को विश्वसनीय सुविधाजनक तेज और बिना रुकावट के बनाया और व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए भुगतान विकल्पों की पसंद उपलब्ध कराई है। हमारा ध्यान छोटे व्यापारियों को भुगतान टूल और समाधानों के माध्यम से सशक्त बनाना है, जो विभिन्न कस्टमर टचप्वॉइंट्स पर उनके डिजिटल भुगतान अनुभव को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। अभियान जागरूकता फैलाने और डिजिटल भुगतान को अपनाने की जरूरत को और मजबूत करने और प्रत्येक व्यापारी, उपभोक्ता, बुजुर्ग या युवा को निर्बाध रूप से लेनदेन करने के लिए प्रोत्साहित करना हमारा एक प्रयास है।

# केफएसी पर जल्द ही मिलेगी मैगी

**नई दिल्ली।** केएफसी ने अपने स्टोर पर मैगी की पेशकश के लिए नेस्ले के साथ साझेदारी करने की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि इस साझेदारी के तहत उसके स्टोर में केएफसी पॉपकॉर्न बोल मेड विद मैगी की पेशकश की गई है। दोनों ब्रांड ने मिलकर केएफसी के चिकन पॉपकॉर्न और मैगी नूडल्स का क्रंची और कॉम्बो का बाउल तैयार किया है। इस अनोखी साझेदारी के जरिये यह पेशकश की गयी है। इस साझेदारी से बहुत ही शानदार रेसिपी बनकर सामने आई है। केएफसी और मैगी के फैन्स के लिए केएफसी पॉपकॉर्न बोल मेड विद मैगी के लिमिटेड एडिशन को अभी पेश किया गया है।

# ऑडी क्यू5 का स्पेशल एडिशन किया लॉच

- नए उपकरणों और फीचर से किया लैस

**नई दिल्ली।** लक्जरी कार बनाने वाली कंपनी ऑडी इंडिया ने मंगलवार को भारतीय बाजार में ऑडी क्यू 5 का विशेष संस्करण लॉच करने की घोषणा की है।

कंपनी ने कहा कि ऑडी क्यू5 के स्पेशल एडिशन को कई नए उपकरणों और फीचरों से लैस किया गया है। इसमें कार के मिरर के साथ नए ब्लैक स्टाइल का पैकेज ऑफर किया जा रहा है। ऑडी के लोगो और रूफ की रेलिंग काले रंग में हैं। इसमें 5 स्पोक वी स्टाइल ग्रेफाइट ग्रे डायमंड कट अलॉय व्हील्स हैं। इसके अलावा ऑडी क्यू5 के विशेष संस्करण के लिए ऑडी की असली एक्ससेरीज की किट भी दी जा रही है। ऑडी क्यू5 स्पेशल एडिशन दो विशेष रंगों, डिस्ट्रिक्ट ग्रीन और आइबिस वाइट में मिलेगी।

ऑडी इंडिया के प्रमुख बलवीर सिंह ढिल्लन ने कहा कि ऑडी क्यू5 सबसे ज्यादा बिकने वाली कार है। ऑडी क्यू5 स्पेशल एडिशन सीमित यूनिट्स में उपलब्ध होगी और इस समय स्टाइल में कई तरह के फीचर्स के साथ यह उपभोक्ताओं को दो रंगों में पेश की जा रही है।




नई दिल्ली में एक इलेक्ट्रॉनिक मार्ट स्टोर में फेस्टिवल बंपर ड्रॉ की घोषणा करते कंपनी के सीईओ करण बजाज, अभिनेता हर्षवर्धन राणे और अभिनेत्री पायल राजपूत। एजेंसी

कांग्रेस के दो विधायक और उनके सहयोगियों के 50 से अधिक परिसरों में आयकर विभाग ने की छापेमारी

# झारखंड में 100 करोड़ की बेहिसाब आय का खुलासा

- बरामद किये गए डिजिटल साक्ष्य

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने झारखंड में कांग्रेस के दो विधायकों और उनके सहयोगियों के यहां की गई छापेमारी में दो करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त करने के साथ ही 100 करोड़ रुपये से अधिक के बेहिसाब लेनदेन और निवेश किये जाने का पता लगाया है।

आयकर विभाग ने मंगलवार को बताया कि गत चार नंबवर को यह कार्रवाई की गई थी। दो राजनेताओं और उनके सहयोगियों के कोयला कारोबार, परिवहन, ठेका, लौह अयस्क खनन और कच्चे लोहे के उत्पादन से जुड़े कारोबार को लेकर यह छापेमारी की गई। विभाग ने एक साथ रांची, गोड्डा, बेरमो, दुमका, जमशेदपुर, झाईबासा, पटना, गुरूग्राम और कोलकाता स्थित 50 परिसरों पर छापेमारी की।

इस दौरान जो साक्ष्य मिले उससे पता चला है कि इन समूहों ने कर चोरी के लिए विभिन्न तरीकों को अपनाया और व्यय को बहुत बढ़ा चढ़ा कर दिखाया। जिन जगहों पर छापेमारी की गई उनमें दो ठिकाने झारखंड के कांग्रेस विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह और प्रदीप यादव के ठिकाने भी शामिल हैं। बता दें कि इस मामले के बारे में बेरमो के विधायक जयमंगल सिंह ने भी छापेमारी के दिन मीडिया को जानकारी दी थी और बताया था कि उन्होंने जांच एजेंसियों का पूरा सहयोग दिया है। वहीं दूसरे विधायक प्रदीप यादव झारखंड के पोड़ैयाहाट सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। बता दें कि उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की पुरानी पार्टी जेवीएमपी से विवाद के बाद कांग्रेस का दामन थाम लिया था। कांग्रेस राज्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत सत्तारूढ़ गठबंधन की भागीदार है।

बता दें कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड आयकर विभाग के लिए नीति बनाने वाला निकाय है। दो करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त की गई है और अब तक 100 करोड़ रुपये से अधिक के बेहिसाब लेनदेन/निवेश का पता लगाया गया है। छापेमारी में बड़ी संख्या में गड़बड़ी से जुड़े दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य भी बरामद हुए हैं।

**गिरफ्तार हुए थे कांग्रेस के तीन विधायक**

कांग्रेस विधायक जयमंगल ने अगस्त में अपनी ही पार्टी के तीन विधायकों इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन बिक्सल कोंगारी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी और आरोप लगाया था कि वे झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार को गिराने की साजिश रच रहे हैं। जुलाई में पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के तीन विधायकों को नकदी के साथ गिरफ्तार किए जाने के बाद शिकायत दर्ज की गई थी। कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रवक्ता राजीव रंजन ने छापेमारी वाले दिन आरोप लगाया था कि कर विभाग की कार्रवाई गैरभाजपा शासित राज्यों में सरकारों को अस्थिर करने के अभियान का हिस्सा है।

# कच्चे तेल के दाम में तेजी रही जारी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में जारी तेजी के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल के दाम में मंगलवार को भी कोई बदलाव नहीं हुआ।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड मंगलवार को 0.71 प्रतिशत फिसलकर 97.22 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.95 प्रतिशत की गिरावट लेकर 90.92 डॉलर प्रति बैरल हो गया। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव रहा। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में चार महीने से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है।

# गोपाल विट्टल चुने गए जीएसएमए उपाध्यक्ष

- भारती एयरटेल के सीईओ हैं गोपाल

**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल समूह के सीईओ गोपाल विट्ठल को जीएसएमए बोर्ड ने उपाध्यक्ष के रूप में सेवा के लिये चुना है। जीएसएमए ने अपने निदेशक मंडल के नए सदस्यों का चुनाव किया है, जिनका कार्यकाल दो वर्षों के लिए होगा, जो 1 जनवरी, 2023 से शुरू होकर 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त होगा।

जीएसएमए एक वैश्विक संगठन है, जो सकारात्मक कारोबारी माहौल और सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक नई खोज, विकास और वितरण के लिए मोबाइल इकोसिस्टम को एकीकृत करता है। भारती एयरटेल समूह के सीईओ गोपाल विट्ठल को जीएसएमए बोर्ड ने उपाध्यक्ष के रूप में सेवा देने के लिए चुना है। जीएसएमए के अध्यक्ष के रूप में टेलीफोनिका ग्रुप के सीईओ जोस मारा अल्वारेज़-पैलेट लोपेज़ पदासीन रहेंगे।

जीएसएमए महानिदेशक मैट ग्रैनरीड ने कहा कि मोबाइल उद्योग महत्वपूर्ण बिंदु पर है और आगे के अवसरों और चुनौतियों से होकर गुजर रहे हैं।

यह पहले से अधिक महत्वपूर्ण है कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करें कि मोबाइल इकोसिस्टम की वास्तविक क्षमता लोगों, व्यवसायों और समाज को समग्र रूप से लाभान्वित करे।

## सारसुर्खियां

### संयुक्त राष्ट्र ने नामित किया विश्व दिवस

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बाल यौन शोषण, दुर्व्यवहार और हिंसा की रोकथाम और उपचार के लिए हर साल 18 नवंबर को विश्व दिवस के रूप में नामित करने के लिए एक प्रस्ताव अपनाया है। प्रस्ताव सभी सदस्य देशों, संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के प्रासंगिक संगठनों और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों, विश्व नेताओं, विश्वास अभिनेताओं, नागरिक समाज और अन्य प्रासंगिक हितधारकों को प्रत्येक वर्ष इस विश्व दिवस को इस तरह से मनाने के लिए आमंत्रित करता है, जिसे वह इसके लिए सबसे उपयुक्त मानते हो।

### पांच लोगों की मौत

**रियो डी जनेरियो।** उत्तरी ब्राजील के पारा राज्य में एक मिनीबस के अमेजन नदी में गिरने से परिवार के चार सदस्यों और एक दोस्त की मौत हो गई तथा एक किशोर अभी भी लापता है। अधिकारियों ने बताया कि संतारेम शहर की ओर जा रही मिनी बस नदी पार करने के लिए एक नौका पर चढ़ने की तैयारी कर रही थी। मिनीबस में 11 लोग थे। चालक आठ यात्रियों के साथ नदी में गिर गया। इनमे से दो बचने में कामयाब हो गये और एक किशोर अभी भी लापता है।

### हमले पर मुकदमा

**लाहौर।** पीटीआई नेता और पूर्व पीएम इमरान खान पर हमले के तीन दिन बाद प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर कार्यवाही शुरु करने की चेतावनी दी थी। प्रांतीय पुलिस ने आखिरकार आतंकवाद के आरोपों के तहत हिरासत में लिए गये संदिग्ध के खिलाफ मामला दर्ज किया।



मिस्र में जलवायु कार्यान्वयन शिखर सम्मेलन के 27वें सत्र के दौरान ग्रुप फोटो खिंचवाते प्रतिनिधि। एजेंसी

# अमेरिका के हित में रूस से वार्ता: जेक

- अमेरिका कर रहा रूस से लगातार बातचीत

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने पुष्टि की है कि यूक्रेन में युद्ध के बावजूद अमेरिका और रूस के बीच बातचीत के दरवाजे खुले रहेंगे।

सुलिवन ने कहा कि क्रेमलिन के साथ संपर्क बनाए रखना अमेरिका के हित में है, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि अधिकारिक तौर पर इस बारे में स्पष्ट हैं कि हम किसके साथ काम कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सुलिवेन ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सहयोगियों के साथ बातचीत की है। ताकि यूक्रेन में युद्ध को बढ़ने और परमाणु हथियार की ओर बढ़ने के जोखिम को कम किया जा सके।



स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि अमेरिकी अधिकारी ने रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर और इसे आगे बढ़ाने से रोकने के लिए शीर्ष रूसी अधिकारियों के साथ गोपनीय तरीके से बातचीत की है। सुलिवन ने पिछले कई महीनों में अपने रूसी समकक्ष, सुरक्षा परिषद के सचिव निकोलाई पेत्रुशेव और क्रेमलिन की विदेश नीति के वरिष्ठ सहयोगी यूरी उशाकोव के साथ इस विषय पर गोपनीय बातचीत की है। वरिष्ठ अधिकारियों ने अखबार को बताया कि इन लोगों ने यूक्रेन में युद्ध में परमाणु वृद्धि के जोखिम से बचाव के तरीकों पर चर्चा की थी, लेकिन संघर्ष को समाप्त करने के तरीकों के बारे में कोई बातचीत नहीं की है। सुलिवन ने पिछले महीने कहा था कि परमाणु हथियारों के किसी भी उपयोग के रूस के लिए विनाशकारी परिणाम होंगे। उन्होंने अमरिकी प्रसारक एनबीसी को बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों ने रूसी अधिकारियों के साथ निजी चर्चा में संभावित अमेरिकी प्रतिक्रिया के दायरे का वर्णन किया था।

### अधिकतर खबरें सिर्फ अटकलें

क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेसकोव ने मीडिया से कहा कि हम इस रिपोर्ट के बारे में कुछ नहीं बोलेंगे। मैं एक बार फिर से दोहराता हूं कि कुछ रिपोर्ट्स में सच्चाई है, लेकिन अधिकतर खबरें सिर्फ अटकलें हैं। उन्होंने पत्रकारों को व्हाइट हाउस या पब्लिकेशन से संपर्क करने का निर्देश दिया। रूस हमेशा से बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन कीव द्वारा रूस के साथ वार्ता करने से इनकार करने के कारण हम बातचीत करने में असमर्थ है।

# ट्विटर के 'इनर सर्कल' में कृष्णन

## भारतीय मूल के श्रीराम कृष्णन हैं एलन मस्क के विश्वास पात्र, टीम में दी गई जगह

- रह चुके हैं ट्विटर के पूर्व कार्यकारी कृष्णन

**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी।** दुनिया के सबसे धनी व्यक्ति एलन मस्क ने 'ट्वीटर' के अधिग्रहण और व्यापक छटनी के बाद कथित तौर पर अपने दोस्तों और विश्वासपात्रों की एक छोटी टीम को साथ में रखा है जिनमें भारतीय मूल के सॉफ्टवेयर इंजीनियर श्रीराम कृष्णन भी शामिल हैं। टीम को इस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के लिए अपने दृष्टिकोण को लागू करने का काम सौंपा गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जाहिर तौर पर इसमें भारतीय मूल के सॉफ्टवेयर इंजीनियर और ट्विटर के पूर्व कार्यकारी श्रीराम कृष्णन




शामिल हैं, जिन्होंने पिछले साल कंपनी छोड़ दी थी। पूर्व सीईओ पराग अग्रवाल और अन्य भारतीय मूल के अधिकारियों की अनौपचारिक बर्खास्तगी के बाद, उद्यम पूंजी फर्म आंद्रेसेन होरोविट्ज़ या ए16जेड में काम कर रहे कृष्णन ने पिछले सप्ताह ट्वीट किया कि वह 'श्री मस्क को अस्थायी रूप से मदद कर रहे है।

अभी यह साफ नहीं है कि कृष्णन किस पद से जुड़ेंगे, इस संबंध में जब टिप्पणी के लिए संपर्क किया गया, तो कृष्णन ने कहा कि वह 'ट्विटर से संबंधित किसी भी चीज़ में अभी मदद नहीं कर सकते। इस समय मस्क के साथ उनका जुड़ाव कितना करीब है। कृष्णन ने कहा कि हमारी पहली मुलाकात 1999 की सिलिकॉन वैली फिल्म की बिट-टोरेंट कॉपी को अपने छोटे से कमरे में देखने के दौरान थी।

### कई बड़े पदों पर किया काम

कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, ए16जेड के सह-संस्थापक मार्क एंड्रीसेन का कहना है कि कृष्णन 'शायद दुनिया के एकमात्र व्यक्ति हैं जिन्होंने हमारे समय के तीन सबसे बड़े सोशल प्लेटफार्मों में वरिष्ठ उत्पाद पदों पर काम किया है।' इस 37 वर्षीय व्यक्ति ने ट्विटर के अलावा माइक्रोसॉफ्ट, याहू, स्नैप और फेसबुक में भी काम किया है। राममूर्ति ने अपनी दो कंपनियां शुरू करने से पहले फेसबुक और नेटफ्लिक्स में काम किया है। दोनो को मिलाकर, उन्हें एक अच्छी तरह से जुड़े 'तकनीकी शक्ति युगल' के रूप में वर्णित किया गया है।

### चेन्नई में हुआ था जन्म

कृष्णन का जन्म चेन्नई में एक मध्यम आय वाले परिवार में हुआ था। उन्होंने यूट्यूब चैनल को बताया था कि उनका जीवन उस समय बदल गया, जब उन्होंने 1990 के दशक के अंत में अपने पिता को एक कंप्यूटर खरीदने के लिए मना लिया। उन्होंने चैनल को 2021 के साक्षात्कार में बताया कि इसकी कीमत लगभग 60,000-70,000 रुपये थी, जो मेरे पिता के वेतन का एक बड़ा हिस्सा था। मैंने उनसे कहा कि मैं इसे अपनी पढ़ाई के लिए इस्तेमाल करूंगा, पर उसके पास अभी भी इंटरनेट नहीं था, क्योंकि डायल-अप कनेक्शन महंगा था। इसलिए वह खुद को मूल बातें सिखाने और हर रात अभ्यास करने के बजाय कोडिंग किताबें खरीदता था।

# यूरोपीय संघ आयुक्त ने दी आर्थिक मंदी की चेतावनी

- कोरोना और युद्ध ने बढ़ाया संकट

**ब्रुसेल्स, एजेंसी।** यूरोपीय अर्थव्यवस्था के आयुक्त पाओलो जेंटिलोनी ने चेतावनी दी है कि यूरोपीय अर्थव्यवस्था धीमी हो रही है और ऊर्जा संकट और उच्च मुद्रास्फीति के कारण कम से कम सर्दियों के महीनों के लिए संकुचन की भविष्यवाणी की गई है।

जेंटिलोनी ने यूरोग्रुप के एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगर हम उच्च आवृत्ति संकेतक और आर्थिक भावना को देखते हैं, तो हम देखते हैं कि कई चीजें इस सर्दी में आर्थिक गतिविधियों में संकुचन की ओर इशारा करती हैं। वहीं, यूरोग्रुप के अध्यक्ष पास्कल डोनोहो ने कहा कि हर कोई जानता है कि यूरो क्षेत्र में अर्थव्यवस्था अक्टूबर में धीमी हो रही है और इस क्षेत्र के लिए आर्थिक विकास 0.5 प्रतिशत रही।

यूरो क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले 19 देशों के वित्त मंत्रियों ने सोमवार को ब्रसेल्स में यूरोजोन के आर्थिक विकास के साथ-साथ उच्च ऊर्जा कीमतों के प्रभाव को कम करने के लिए बजटीय उपायों पर चर्चा करने के लिए मुलाकात की।

आयोग के अनुमानों के अनुसार, यूरो क्षेत्र की सरकारों ने अब तक सामूहिक रूप से वर्ष के लिए ऊर्जा समर्थन पर लगभग 200 बिलियन यूरो, या यूरोपीय संघ (ईयू) के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.25 प्रतिशत खर्च किया है।

वैश्विक महामारी कोरोना के बाद रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध से विश्व की अर्थव्यवस्था को काफी बड़ा नुकसान पहुंचा है।

# बदल रहा है पत्रकारिता का परिवेश: विजयवर्गीय

भास्कर समाचार सेवा

- भोपाल अधिवेशन में जुटे दिग्गज पत्रकार

**भोपाल।** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया के तत्वाधान में जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्य प्रदेश द्वारा होटल कैलाश में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि आज के दौर में पत्रकारिता का परिवेश बदलता जा रहा है।

विजयवर्गीय ने कहा कि पत्रकारिता का जो वरिष्ठता क्रम था, वह गिर रहा है, इसमें युवाओं की भागीदारी अधिक हो गई है, जबकि पत्रकारिता में अनुभव की विशेष आवश्यकता है। पत्रकारों को अपनी आवाज निष्पक्ष रूप से देश हित में उठाना चाहिए, भारत देश विश्व गुरु बने इसमें भी आपका विशेष योगदान होना चाहिए। हम पूरी तरह से प्रयास करेंगे कि



पत्रकार जगत के हित में शीघ्र ही जर्नलिस्ट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए।

विशेष अतिथि राज्यसभा सदस्य अजय प्रताप सिंह ने कहा कि इस आधुनिक दौर में पत्रकारिता का स्वरूप भी बदलता जा रहा है, पत्रकारों द्वारा समाज में अच्छाइयों और बुराइयों दोनों को उठाते रहना चाहिए परंतु जब देश हित की बात आए तो राष्ट्र सर्वोपरि है, इस भावना को दृष्टिगत रखते हुए हमेशा राष्ट्र के साथ रहना चाहिए।

इस दौरान वरिष्ठ पत्रकारों में प्रसन्न महंति, रास बिहारी, प्रदीप तिवारी, खिलावन चंद्राकर, पत्रकार केशव पांडे आदि कई अतिथिगण मौजूद रहे।

# कश्मीर में हादसा 20 लोग घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में मंगलवार को एक यात्री बस के पलट जाने से कम से कम 20 लोग घायल हो गए।

यातायात पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि जब यह दुर्घटना घटी उस समय बस श्रीनगर की ओर आ रही थी।

वातायिन चोगलवां के पास चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और बस पलट गई। घायलों में 14 की हालत गंभीर बनी हुई है।

# भारत में दम तोड़ रहा है कोविड-19

- पिछले 24 घंटों में मिले महज 625 मरीज

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना दम तोड़ रहा है। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 625 नए मामले सामने आने के साथ संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 4,46,62,141 तक पहुंच गई है और राहत की बात यह है इस अवधि में किसी मरीज की मौत नहीं हुई।



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि देश में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 संक्रमण से 1,119 मरीजों की सेहत में सुधार हुआ है, जिससे अब कोरोना से निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4,41,17,611 हो गई है और सक्रिय मामले 494 घटने से इनकी कुल संख्या 14021 रह गई है। देश में कोरोना सक्रिय दर 0.03 प्रतिशत है। इस अवधि में किसी मरीज की मौत नहीं होने से मृतकों का संख्या 5,30,509 पर बरकरार है और मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत और स्वस्थ दर 98.78 प्रतिशत है। मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 219.74 करोड़ खुराक दी जा चुकी है। देश में पिछले 24 घंटों में जहां हिमाचल प्रदेश और मेघालय में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़ी। वहीं, बाकी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में इनके मामलों में कमी आई है।

# गोरखपुर में 'महादेव' की शूटिंग शुरू

बॉलीवुड हलचल

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा के मेगा स्टार और सांसद रवि किशन ने अपनी पैन इंडिया फिल्म महादेव का गोरखपुर की शूटिंग शुरू कर दी है।

रवि किशन एक पैन इंडिया फिल्म महादेव का गोरखपुर लेकर आ रहे हैं। रवि किशन ने इस फिल्म का मोशन पोस्टर रिलीज किया। पोस्टर पर रवि साधु के गेटअप में हाथ में त्रिशूल थामे नजर आ रहे हैं। पास में नंदी को दिखाया गया है। पृष्ठभूमि में भगवान शंकर की मुखाकृति नजर आ रही है। महादेव का गोरखपुर का निर्देशन राजेश मोहनन कर रहे हैं। यह फिल्म भोजपुरी, हिंदी ,तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में 2023 में रिलीज होगी।




रवि किशन ने इंस्टाग्राम पर मोशन पोस्टर शेयर कर लिखा कि भोजपुरी से अपनी पहली पैन इंडिया फिल्म, जो 6 भाषाओं में रिलीज होगी, फर्स्ट लुक मोशन पोस्टर शेयर करके बहुत प्रसन्नता हो रही है। आपका सपोर्ट और आशीर्वाद चाहिए। हर हर महादेव।

# बयान पर माफी नहीं मागूंगा: जरकीहोली

- कांग्रेस आलाकमान ने किया बयान से किनारा

**बेंगलुरु।** हिंदू शब्द को बेहद शर्मनाम बताने वाले कर्नाटक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सतीश जरकीहोली ने अपने बयान से पीछे हटने और माफी मांगने से साफ इंकार कर दिया है। इस मामले में भाजपा जहां कांग्रेस पर हमलावर है। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने जरकीहोली के बयान से किनारा कर लिया है।



सतीश जरकीहोली ने मंगलवार को कहा कि मैं अपने बयान के लिए माफी नहीं मांगूंगा। मैं अगर गलत हूं तो इसे साबित किया जाए। उन्होने तो यहां तक कहा कि अगर मैं गलत साबित होता हूं, तो मैं अपने विधायक पद से इस्तीफा दे दूंगा।

वहीं, भाजपा नेता और राज. के सीएम बसवराज बोम्मई ने इस मामले में उन्हें आड़े हाथों लिया है। कहा कि वे आधे ज्ञान के साथ एक समुदाय के मतदाताओं को खुश करने के लिए बयान देते हैं और अल्पसंख्यक वोट पाने का सपना देखते हैं। इस दौरान सीएम बोम्मई ने यह भी कहा कि ये बयान और सतीश जरकीहोली राष्ट्र विरोधी है और सभी को इसकी निंदा करनी चाहिए।


नई दिल्ली में भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी के साथ पीएम मोदी व राजनाथ सिंह। एजेंसी

# दिल के बेहद करीब है दबंग 4: अरबाज खान

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार अरबाज खान का कहना है कि दबंग फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म दबंग 4 उनके दिल के बेहद करीब है और वह उसे प्यार, दिल और मेहनत के साथ बनाना चाहते हैं।



दबंग फ्रेंचाइजी में अरबाज खान के भाई सलमान खान ने मुख्य भूमिका निभाई है। दबंग 4 को लेकर अरबाज खान ने बताया है कि वह इस प्रोजेक्ट के लिये अपने और सलमान खान के अन्य प्रोजेक्टों से फ्री होने का इंतजार कर रहे हैं। अरबाज खान ने कहा कि दबंग 4 हम लोगों की लाइन में है, लेकिन सलमान और मुझे अपनी पुरानी कमिट्मेंट्स से फ्री होने की जरूरत है। हम दबंग 4 जरूर बनाएंगे। यह एक ऐसा प्रोजेक्ट है जो हम दोनों के बेहद करीब है। इसी वजह से हमसे कोई भी व्यक्तिगत रूप से इसका निर्णय नहीं ले सकता।दबंग 4 एक ऐसा प्रोजेक्ट होगा, जिसको हम प्यार, दिल और मेहनत के साथ बनाना चाहते हैं।

# अक्षय का स्टॉरडम नजर आया फेल

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों लगभग चार से पांच फिल्में मुकाबला कर रही हैं। इनमें जाह्नवी कपूर की मिली, सोनाक्षी सिन्हा की डबल एक्सएल, कटरीना कैफ की फोन भूत, अजय देवगन की थैंक गॉड और अक्षय कुमार की राम सेतु शामिल है। अन्य फिल्मों के मुकाबले इनमें अक्षय कुमार का स्टॉरडम फेल नजर आ रहा है।

राम सेतु बॉक्स ऑफिस पर अच्छा पर परफॉर्म कर रही थी, लेकिन सोमवार को फिल्म की कमाई में काफी गिरावट देखने को मिली और राम सेतु की कमाई अब तक के निचले स्तर पर पहुंच गई है। 25 अक्टूबर को रिलीज हुई राम सेतु ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 15.25 करोड़ के साथ खाता खोला था।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी के जन्मदिन पर बधाई देने प्रधानमंत्री मोदी व राजनाथ उनके घर पहुंचे

# उत्साह के साथ आडवाणी से मिले पीएम मोदी

- कई दिग्गज नेताओं ने भी दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी मंगलवार को 95 साल के हो गए हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें जन्मदिन की बधाई देने उनके आवास पर पहुंचे। इसके अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें बधाई दी है। दोनों नेताओं की आडवाणी से मिलने की कुछ तस्वीरें और वीडियो भी सामने आई हैं।

वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काफी उत्साह से भाजपा वरिष्ठ नेता आडवाणी को बधाई देते नजर आ रहे हैं। मोदी ने इस दौरान उन्हें गुलदस्ता भी भेंट



किया। रक्षा मंत्री सिंह भी आडवाणी से मिले और उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की।

रक्षा मंत्री ने ट्विटर पर लिखा कि मैं आडवाणी जी के घर गया और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। मैं ईश्वर से उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना करता हूं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी आडवाणी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

शाह ने कहा कि लालकृष्ण आडवाणी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आडवाणी जी ने अपने सतत परिश्रम से एक ओर देशभर में संगठन को मजबूत किया तो वहीं दूसरी ओर सरकार में रहते हुए देश के विकास में अमूल्य योगदान दिया। ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करता हूं।

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने भी लाल कृष्ण आडवाणी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। डॉ जयशंकर दो दिवसीय रूस की यात्रा पर हैं। आडवाणी जी द्वारा कालेधन के विरुद्ध की गई जन चेतना यात्रा के प्रभाव को याद कीजिए।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि आडवाणी जी को जन्मदिन की बधाई। इस प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी शासन में पारदर्शिता लाने के लिए कई कदम उठाए हैं।

### कम उम्र में संघ में हुए थे शामिल

आडवाणी का जन्म आठ नवंबर 1927 को कराची में हुआ था। वह कम उम्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में शामिल हो गए और उल्लेखनीय संगठनात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। वह 1980 में भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। दशकों तक पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथ प्रमुख चेहरा बने रहे। उन्हें 1990 में अयोध्या में राम मंदिर के समर्थन में रथ यात्रा को व्यापक रूप से देश में दक्षिणपंथी राजनीति के उदय का प्रमुख कारण माना जाता है। आडवाणी देश के गृह मंत्री रहे और उप-प्रधानमंत्री भी रह चुके हैं। वे कई बार भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं।

उत्तराखण्ड शासन

आज़ादी का अमृत महोत्सव

एक ही लक्ष्य - एक ही सपना
सर्वश्रेष्ठ बने उत्तराखण्ड अपना

# राज्य स्थापना दिवस

9 नवम्बर

## की हार्दिक शुभकामनाएं



"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हरसंभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## संकल्प नये उत्तराखण्ड का

- प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरुप श्री केदारनाथ व श्री बदरीनाथ धाम का पुनर्निर्माण व पुनर्विकास। इस वर्ष रिकार्ड 45 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चारधाम के दर्शन किये।
- कुमाऊं के पौराणिक मन्दिरों के लिये मानसखण्ड मन्दिर माला की कार्ययोजना।
- होम स्टे योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती।
- चारधाम ऑल वेदर रोड से राहें हुई आसान। टनकपुर-पिथौरागढ़ भी शामिल।
- केंद्र सरकार से पौंटा साहिब-देहरादून, बनबसा-कंचनपुर, भानियावाला-ऋषिकेश, काठगोदाम-लालकुंआ-हल्द्वानी बाईपास और रुद्रपुर बाईपास परियोजनाओं की महत्वपूर्ण सौगात।
- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना पर तेजी से कार्य गतिमान, टनकपुर-बागेश्वर और डोईवाला से गंगोत्री-यमुनोत्री रेललाइन के सर्वे पर सहमति।
- पर्वतीय क्षेत्रों में रोप-वे हेतु पर्वतमाला परियोजना, प्रधानमंत्री जी द्वारा गौरीकुण्ड - केदारनाथ और गोविंदघाट - हेमकुण्ड साहिब रोप-वे का शिलान्यास।
- दूरस्थ व सीमांत क्षेत्रों में 1202 मोबाइल टावर की स्वीकृति।
- जल जीवन मिशन के अंतर्गत राज्य के ग्रामीण क्षेत्र के 7 लाख से अधिक परिवारों को पानी के कनेक्शन।
- दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अंतर्गत गांवों का शत प्रतिशत विद्युतिकरण।
- देहरादून में भव्य सैन्य धाम की स्थापना पर तेजी से काम, राज्य के वीरता पदक से सम्मानित सैनिकों को देय एकमुश्त अनुदान में वृद्धि।
- रानीबाग (हल्द्वानी) स्थित एचएमटी की 45.33 एकड़ जमीन केन्द्र से उत्तराखण्ड को हस्तांतरित।
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत प्रदेश के लगभग 9 लाख 38 हजार किसानों के खातों में लगभग 1767 करोड़ की राशि हस्तान्तरित की जा चुकी है।
- किसानों को तीन लाख रुपए और महिला स्वयं सहायता समूहों को बिना ब्याज के पांच लाख रुपए तक का ऋण।
- कोविड काल से दो साल में 600 से अधिक नये उद्योगों की स्थापना, 35 हजार करोड़ से अधिक का निवेश, 90 हजार से अधिक लोगों को मिला रोजगार।
- वोकल फॉर लोकल के लिये एक जनपद दो उत्पाद योजना लागू।
- समान नागरिक संहिता पर बढ़े कदम, समिति द्वारा ड्राफ्ट पर मंथन।
- भ्रष्टाचार पर रोक लगाने हेतु भ्रष्टाचार मुक्त एप-1064, सभी शिकायतों पर गम्भीरता से एक्शन।
- उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन, वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांगजन पेंशन की राशि में वृद्धि। आंगनबाड़ी और आशा बहनों के मानदेय में बढ़ोतरी।
- स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा में राज्य में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की शुरुआत।
- मुख्यमंत्री बालाश्रय योजनाः आपदा, महामारी एवं दुर्घटना के कारण अनाथ बच्चों की स्कूली शिक्षा की व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा।
- आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना में सभी परिवारों को 5 लाख रुपये वार्षिक तक के निःशुल्क ईलाज की सुविधा।
- ऊधमसिंहनगर में एम्स का सैटेलाईट सेंटर की केंद्र से सहमति।
- राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से 7 हजार पदों पर पारदर्शिता के साथ भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ। जल्द 19 हजार पदों पर भी शुरु की जाएगी भर्ती।
- "मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना" में 08 से 14 वर्ष के उभरते खिलाड़ियों को 1500 रुपये प्रतिमाह की खेल छात्रवृत्ति।

"माननीय प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरुप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिए विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।"

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड











सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

# सिख धर्म और सहज योग









**सुन निरंतर सहज समाधि**
**तिह घर जाए तो मिटे उपाधि।**

**अर्थात सहज समाधि निरंतर शून्य में रहने से है - जो प्राणी वहां तक पहुंच जाता है, उसके सारे कष्ट दूर हो जाते हैं।**




## सिख धर्म के प्रथम गुरु - श्री गुरु नानक देव जी


सिख धर्म के प्रथम गुरु - श्री गुरु नानक देव जी को गुरु नानक, बाबा नानक और नानकशाह के नाम से भी जाना जाता है और इन्हीं ने सिख धर्म की स्थापना की थी । इनके अंदर दार्शनिक, समाजसुधारक, धर्मसुधारक, कवि, देशभक्त, योगी, गृहस्थ और विश्वबंधु इत्यादि सभी के गुणों का समावेश था । इसीलिए इनके विचार केवल सिख धर्म के लिए ही नहीं बल्कि सभी धर्म के लोगो के लिए प्रेरणादायक होते है ।

### गुरु नानक जी का जन्म

अंधविश्वास और आडंबरों के कट्टर विरोधी गुरु नानक का प्रकाश उत्सव (जन्मदिन) कार्तिक पूर्णिमा को मनाया जाता है हालांकि उनका जन्म 15 अप्रैल 1469 को हुआ था। गुरु नानक जी पंजाब के तलवंडी नामक स्थान पर एक किसान के घर जन्मे थे। उनके मस्तक पर शुरू से ही तेज आभा थी।

### गुरु नानक जी का बचपन

वह बचपन से ही गंभीर प्रवृत्ति के थे। बाल्यकाल में जब उनके अन्य साथी खेल कूद में व्यस्त होते थे तो वह अपने नेत्र बंद कर चिंतन मनन में खो जाते थे। यह देख उनके पिता कालू एवं माता तृप्ता चिंतित रहते थे। उनके पिता ने पंडित हरदयाल के पास उन्हें शिक्षा ग्रहण करने के लिए भेजा लेकिन पंडितजी बालक नानक के प्रश्नों पर निरुत्तर हो जाते थे और उनके ज्ञान को देखकर समझ गए कि नानक को स्वयं ईश्वर ने पढ़ाकर संसार में भेजा है। नानक को मौलवी कुतुबुद्दीन के पास पढ़ने के लिए भेजा गया लेकिन वह भी नानक के प्रश्नों से निरुत्तर हो गए। नानक जी ने घर बार छोड़ दिया और दूर दूर के देशों में भ्रमण किया जिससे उपासना का सामान्य स्वरूप स्थिर करने में उन्हें बड़ी सहायता मिली। अंत में **कबीरदास** की **'निर्गुण उपासना'** का प्रचार उन्होंने पंजाब में आरंभ किया और वे सिख संप्रदाय के आदिगुरु हुए।



### परमात्मा ने पिलाया अमृत

**सिख ग्रंथों में उल्लेख मिलता है कि गुरु नानक नित्य बेई नदी में स्नान करने जाया करते थे। एक दिन वे स्नान करने के पश्चात वन में अन्तर्ध्यान हो गये। उस समय उन्हें परमात्मा का साक्षात्कार हुआ। परमात्मा ने उन्हें अमृत पिलाया और कहा–**

**मैं सदैव तुम्हारे साथ हूं, जो तुम्हारे सम्पर्क में आयेंगे वे भी आनन्दित होंगे। जाओ दान दो, उपासना करो, स्वयं नाम लो और दूसरों से भी नाम स्मरण कराओ।**

इस घटना के पश्चात वे अपने परिवार का भार अपने श्वसुर को सौंपकर विचरण करने निकल पड़े और धर्म का प्रचार करने लगे। उन्हें देश के विभिन्न हिस्सों के साथ ही विदेशों की भी यात्राएं कीं और जन सेवा का उपदेश दिया। बाद में वे करतारपुर में बस गये और 1521 ई. से 1539 ई. तक वहीं रहे।





### गुरु नानक देव जी ने की लंगर की शुरुआत

गुरु नानक देवजी ने जात–पांत को समाप्त करने और सभी को समान दृष्टि से देखने की दिशा में कदम उठाते हुए 'लंगर' की प्रथा शुरू की थी। लंगर में सब छोटे–बड़े, अमीर–गरीब एक ही पंक्ति में बैठकर भोजन करते हैं। आज भी गुरुद्वारों में उसी लंगर की व्यवस्था चल रही है, जहां हर समय हर किसी को भोजन उपलब्ध होता है। इस में सेवा और भक्ति का भाव मुख्य होता है।

### उनकी शिक्षाओं में मुख्यत: तीन बातें हैं:

- **नाम जपो** यानी प्रभु का स्मरण करो,
- **कीरत करो** यानी गृहस्थ बन कर रोजगार में लगे रहो और ईमानदारी से कमाग्र`,
- **वंड छको** अर्थात मिल बांट कर खाग्र`, जरूरतमंदों की मदद करो और अपनी आय का कुछ हिस्सा गरीब लोगों में बांटो|

**वहीं उन्होंने अहंकार, क्रोध, लालच, भौतिक वस्तुओं से अत्यधिक लगाव और वासना से बचने की सलाह दी।**

## सामान्यता तो गुरु ग्रंथ साहिब पूरा सहजयोग ही है !

**गुरु ग्रंथ साहिब** में बहुत से सूक्ष्म संकेतों के द्वारा सहज योग के बारे में बताया गया है| परंतु सिद्ध गोष्टी एवं प्राण सांगली में खुलकर सहज का वर्णन है। सिद्ध गोष्टी अर्थात सिद्धों के साथ वार्ता, गुरु नानक की हिन्दू **नाथ पंथियों** के साथ बातचीत है, जो हिमालय की गुफाओं में रहते थे| जबकि **प्राण सांगली** में लंका के राजा शिवनाभ के साथ वार्ता है।

'सहज' की अवधारणा में गुरु नानक की आध्यात्मिक सोच प्रमुख और महत्वपूर्ण है। लेकिन यह 'सहज' केवल कहने या मौखिक अभिव्यक्ति के साथ नहीं हो जाता है। यह एक वास्तविकता है, एक वास्तविक मानव स्थिति है, एक ठोस, व्यावहारिक मानव उपलब्धि है।

गुरु नानक के विचार में सिख धर्म के लिए 'सहज' एक मुख्य सिद्धांत है जिस का तात्पर्य हुकम को स्वीकृत करना है। इस अर्थ में 'सहज' एक ऐसे व्यक्ति की आध्यात्मिक स्थिति होगी, जिसने ईश्वरीय इच्छा (हुकम, भाना, रज़ा) को स्वीकार किया है। इस प्रकार '**सहज**' सिख धर्म में प्राप्य सर्वोच्च आध्यात्मिक स्थिति है। यह सर्वोच्च आनंद है। इस प्रक्रिया को योग या **आत्म-साक्षात्कार** के नाम से भी जाना जाता है। इस योग की अनुभूति को **परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी** ने मानव में निहित कुंडलिनी नामक अवशिष्ट दिव्य शक्ति को **5 मई 1970** को उजागर कर विश्व के आध्यात्मिक इतिहास में संभव किया थ। आम परिभाषा में सहज योग के नाम से प्रसिद्ध व नानाप्रकार के लाभों से समाविष्ट आज विश्व के **140 देशों** में सहजी जन आनंद का जीवन व्यतीत कर रहे है। अधिक जानकारी निम्नलिखित वेबसाइट्स पर उपलब्ध है:

गुरु नानक के साथ साथ **'सहज समाधि'** शब्द का प्रयोग आमतौर पर **सभी निर्गुण-सम्प्रदाय संत, कबीर, नामदेव, दादू और अन्य करते थे।** गुरु नानक के कालखंड में महा सुख या जीवन मुक्ति 'सहज' अवस्था के रूप में प्राप्त करना ही सर्वश्रेष्ठ लक्ष्य समझा जाता था और इसी को बाबा नानक आंतरिक अनुशासन और दिव्य वास्तविकता से सीधे संपर्क की अनुभूति कहते हैं। जो साधक 'सहज' को प्राप्त होता है उस की दिव्य स्थिति कैसी होती है वह निम्नलिखित दोहों में स्पष्ट है-

**सहजे ग्रिह महि सहजि उदासी ॥ सहजे दुबिधा तन की नासी ॥**
**जा कै सहजि मनि भइआ अनंदु ॥ ता कउ भेटिआ परमानंदु ॥ (अंग 236-237 ॥5॥)**
**सहजे अम्रितु पीओ नामु ॥ सहजे कीनो जीअ को दानु ॥**
**सहज कथा महि आतमु रसिआ ॥ ता कै संगि अबिनासी वसिआ ॥ (अंग 237 ॥6॥)**
**सहजे आसणु असथिरु भाइआ ॥ सहजे अनहत सबदु वजाइआ ॥**
**सहजे रुण झुणकारु सुहाइआ ॥ ता कै घरि पारब्रहमु समाइआ ॥ (अंग 237 ॥6॥)**
**सहजे जा कउ परिओ करमा ॥ सहजे गुरु भेटिओ सचु धरमा ॥**
**जा कै सहजु भइआ सो जाणै ॥ नानक दास ता कै कुरबाणै ॥ (अंग 237 ॥6॥)**

### भावार्थ

जिस मनुष्य में आत्मा का प्रकाश या सहज अवस्था प्राप्त हो जाती है, वह सभी कार्यों को सहज तरीके से करता है। उसके हृदय से मेरे तेरे का भेद नष्ट हो जाता है। वह हमेशा सहज ध्यान और आत्मा के आनंद में रहता है। ईश्वर प्रेम का अमृत पीता है, और दूसरों को भी सहज ध्यान का दान देता है । उसका सच्चा धर्म जागृत होता है। वह निर्विचार होकर, परमात्मा के साथ एक हो जाता है। नानक कहते हैं, ऐसी सहज अवस्था प्राप्त किए हुए व्यक्ति के लिए वे अपने प्राणों की आहुति देने को भी तैयार हैं।

## गुरु ग्रन्थ साहब की कुछ सहज पंक्तियाँ

**अव्वल अल्लाह नूर उपाया कुदरत के सब बंदे ।**
**एक नूर ते सब जग उपजिया कौन भले कौन मंदे।।**

अर्थात हम सब का जन्मदाता एक है एक ही नूर से हम सब उत्पन्न हुए हैं कोई अच्छा और कोई बुरा नहीं। कोई ऊंचा और कोई नीचा नहीं जब हम सब एक ही खुदा के बच्चे हैं तो ऐसा हो ही नहीं सकता कि हिंदुओं का खुदा अलग और मुसलमानों का खुदा अलग हो।

**अदि सच जुगादि सच, हैभी सच नानक होसी भी सच।**

प्रभु कालातीत है वह हमेशा ही रहता है भूत में भी था वर्तमान में भी है और भविष्य में भी वही रहेगा।

**टुकदम करारी जो करें, हाजिर हुजूर खुदाय।**

वह ततक्षण मिलता है अर्थात सन्यास लेने या जंगल में जाकर तपस्या से नहीं।

www.sahajayoga.org.in | www.nirmaldham.org | www.sahajayogamumbai.org
Sahaja Darshan Prachaar aur Prasaar Samiti
adlakhagk@gmail.com | +91 98712 78936 | Toll Free - 1800 2700 800